सुप्रभात
रांची, बुधवार
25.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अमवस्या, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 340 | 12



बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा

## न्यूज डायरी

### लालू 13वीं बार बने अध्यक्ष पांच को होगी ताजपोशी

**पटना।** लालू प्रसाद यादव 13वीं बार राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। 5 जुलाई को लालू यादव की राजद के अध्यक्ष पद पर ताजपोशी होगी। इस पद के लिए सिर्फ लालू प्रसाद यादव ने ही नामांकन दाखिल किया था। पटना में मंगलवार को फखऊके राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी रामचंद्र पूर्वी ने लालू के चुने जाने का ऐलान किया।

### सिमडेगा में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

**सिमडेगा।** कोलेबिरा-पालकोट सीमा पर स्थित जामटोली गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक पर सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अमित बधवार, सोनू बधवार और मनु खड़िया के रूप में हुई। तीनों युवक एक ही बाइक से कोलेबिरा जा रहे थे। सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### सड़क हादसे में ससुर और दामाद की मौत

**गिरिडीह।** सरिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क दुघर्टना बाइक सवार दामाद और ससुर की मौत हो गयी। दामाद गौरव कुमार अपने ससुर सहदेव मंडल को ले कर बगोदर जा रहे थे। बगोदर-सरिया अनुमंडल दफ्तर के पास खड़े ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी। दोनों की एक साथ मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# सीएम हेमंत ने नयी दिल्ली में झारखंड भवन का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को नयी दिल्ली प्रवास के दौरान नवनिर्मित झारखंड भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के क्रम में मौजूद अधिकारियों को से व्यवस्थाओं से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड भवन में सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जाये।



### गंगाराम अस्पताल में गुरुजी से मिले हेमंत

सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में बीमार पिता शिबू सोरेन से मिले और उनका हालचाल लिया। पिता की सेहत को लेकर डाक्टरों से भी बातचीत की। गुरुजी स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती हैं।



## संघर्ष विराम के उलंघन का जवाब देने की चेतावनी दी

# इजराइल ईरान के साथ संघर्ष विराम पर सहमत

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजराइल ने ईरान के साथ युद्ध विराम के लिए अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल को समाप्त करने के खतरे के लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद युद्ध विराम पर सहमति जतायी। उन्होंने अमरीका को धन्यवाद भी दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध विराम उल्लंघन का इजराइल जोरदार तरीके से जवाब देगा।

मंगलवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम लागू हो गया है। दोनों देश इसके पालन पर सहमत हैं।



**लाखों लोगों को अस्थायी राहत**

युद्ध-विराम की घोषणा ने लाखों लोगों को अस्थायी राहत मिली। कथित तौर पर युद्ध-विराम स्थानीय समयानुसार सुबह 4 बजे से प्रभावी हुआ था, जबकि ईरानी शहरों पर इजराइल के हमले इससे कुछ समय पहले ही रुक गये थे। हालांकि, युद्ध-विराम के बावजूद, अनिश्चितता बनी हुई है। पूरी दुनिया की निगाह इस पर टिकी हुई है।

### इजराइल ने लगाया आरोप ईरान ने युद्ध विराम तोड़ा

**तेल अवीव।** इजराइल ने कहा है कि ईरान ने युद्ध विराम का उल्लंघन किया है। रक्षामंत्री इजराइल कात्स ने कहा कि इसका ईरान को करारा जवाब दिया जायेगा। उन्होंने अपने डिफेंस फोर्सेज को तेहरान को जोरदार जवाब देने का निर्देश दिया है। हालांकि ईरान ने किसी हमले से इनकार किया है। संघर्ष विराम टूटने पर ट्रंप का गुस्सा फूटा। उन्होंने दोनों को हड़काया और समझौते का पालन करने को कहा।

## पीएम ने कहा- मेड इन इंडिया हथियार प्रभावशाली

# अब आतंकियों का कहीं भी कोई ठिकाना सुरक्षित नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया के सामने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब कठोर और निर्णायक नीति अपना चुका है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मेड इन इंडिया हथियारों का उपयोग करते हुए केवल 22 मिनट में दुश्मनों को घुटनों पर ला दिया। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि मेड इन इंडिया हथियार कितने प्रभावशाली हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में ये हथियार पूरी दुनिया में प्रसिद्ध होंगे। पीएम ने कहा, हमने दुनिया को दिखा दिया है कि भारत के निर्दोष नागरिकों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए अब कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।




पीएम मोदी ने उक्त बातें श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर विज्ञान भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा, भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी सख्त नीति दुनिया के सामने रखी। भारत कभी भी अपने नागरिकों का खून बहानेवालों को छोड़ेगा नहीं।

**आत्मनिर्भर भारत :** पीएम ने कहा कि भारत अब रक्षा जरूरतों के लिए विदेशी देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहता। देश ने बीते 11 वर्षों में सामाजिक, आर्थिक और सैन्य क्षमताओं को मजबूती देने की दिशा में तेजी से काम किया है।

# रेल किराये में एक जुलाई से होगी मामूली बढ़ोत्तरी

- लोकल ट्रेनों के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा।
- मंथली सीजन टिकट के दाम पहले जैसे ही रहेंगे।
- साधारण दूसरी क्लास में 500 किलोमीटर तक के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।
- साधारण दूसरी क्लास में 500 किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर किराया आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा।
- मेल और एक्सप्रेस (नॉन-एसी) ट्रेनों में किराया 1 पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ेगा।
- एसी क्लास में किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा




## रेलवे का फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने अगले महीने की शुरूआत से ट्रेन टिकटों के दाम में मामूली बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। हालांकि लोकल ट्रेन और मंथली सीजन टिकट या एमएसटी के दाम में कोई बदलाव नहीं होगा।

रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, साधारण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों (नॉन-एसी) का किराया एक पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ाया जाएगा जबकि एसी क्लास का किराया 2 पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ेगा। किराऐ में यह बढ़ोतरी एक जुलाई 2025 से होगी।

सूत्रों ने बताया कि लोकल ट्रेनों और 500 किलोमीटर तक की जनरल या सेकेंड क्लास की यात्रा के किराए में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन 500 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा के किराये में आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ जाएगा।

### तत्काल टिकटों की बुकिंग में भी बदलाव, आधार जरूरी

रेलवे के एक और बड़े फैसले में तत्काल टिकटों की बुकिंग से है। एक जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड जरूरी होगा। मंत्रालय ने जारी सूचना में कहा है कि इसका मकसद तत्काल योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचाना है।

**ओटीपी भी जरूरी :** मंत्रालय ने बताया है कि 15 जुलाई, 2025 से तत्काल टिकट बुक करते समय यात्रियों को आधार कार्ड से ओटीपी के जरिए भी वेरिफाई करना होगा। यह एक और जरूरी कदम होगा। अब IRCTC के एजेंट पहले आधे घंटे तक तत्काल टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। एसी क्लास के लिए ये नियम सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे तक और नॉन-एसी क्लास के लिए सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक लागू रहेगा। मतलब, एजेंट इन समयों पर तत्काल टिकट बुक नहीं कर पाएंगे।




## पत्रकार अरुण रंजन का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति : सरयू



**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने वरिष्ठ पत्रकार अरुण रंजन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। अरूण रंजन जी से मेरा घनिष्ठ संबंध 1974 के जेपी आंदोलन के समय से रहा है। इसका निर्वाह उनके अंतिम दिनों तक होता रहा। पाक्षिक पत्रिका रविवार और दैनिक समाचार पत्र नवभारत टाइम्स में उनकी पत्रकारिता के साथ मैं गहराई से जुड़ा रहा। एक मेधावी, मेहनती, दूरदर्शी पत्रकार के नाते अरूण जी की स्मृति स्थायी रहेगी। मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। ईश्वर पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करें।

### मंत्री दीपिका पांडे के जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंची महिला, कहा

# मेरी तीन साल की बेटी को पति के कब्जे से मुक्त करायें



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और उसके निराकरण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश मौजूद थे।

इस क्रम में रांची की हिंदपीढ़ी निवासी एक महिला फरियाद लेकर मंत्री के जनता दरबार में पहुंचीं। महिला ने बताया कि उसका पति उसके तीन माह की बच्ची को जबरन कश्मीर ले गया है। महिला ने मंत्री से बच्ची वापस लौटने की गुहार लगाई। मंत्री ने उक्त मामले में रांची एसएसपी को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। महिला ने बताया कि उसकी शादी कश्मीर के युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद पारिवारिक तनाव इस कदर बढ़ा कि हिंदपीढ़ी में महिला को छोड़कर उसका पति बच्ची को लेकर कश्मीर चला गया। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के समक्ष महिला द्वारा लिखित शिकायत देने के बाद तत्काल रांची एसएसपी को इससे अवगत कराते हुए इस मामले में महिला को सहयोग कराने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्री ने दिया है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मामले को पूरी तरह से पारिवारिक विवाद बताते हुए बच्ची को मां के पास लाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि एक बच्ची को मां से दूर नहीं किया जा सकता है।

**जनता दरबार में 63 मामले सामने आये :** जनता दरबार में कुल 66 मामले सामने आए। जिसमें विभागीय शिकायतों के साथ-साथ अन्य विभागों के मामले देखे गए।

### जनता दरबार कांग्रेस की बेहतरीन पहल : दीपिका

जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हमारे समक्ष कई मामले सामने आए है। कई प्रखंडों में वर्षों से जमे पदाधिकारी के तबादले, सड़क निर्माण, चिकित्सा के अलावे अन्य मामले भी सामने आए हैं। ग्रामीण विकास से सड़क निर्माण का मामला भी आया है जिस पर कार्रवाई की जाएगी लेकिन सड़क निर्माण की प्रक्रिया में समय लगता है। जनता दरबार कांग्रेस की ओर से यह एक बेहतरीन पहल है जिसमें जनता हमसे संवाद कर अपनी बातों को रखती है,हम हर समस्या के समाधान के लिए सजग हैं,हमारा प्रयास है कि जो सामान्य प्रक्रिया के तहत दूर होने वाली समस्याएं हैं वह तुरंत दूर हो। कई समस्याओं पर विभिन्न जिलों के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिन मुद्दों पर ज्यादा फॉलोअप कि आवश्यकता होगी उसे विभागीय स्तर पर करके प्रदेश कार्यालय को सूचित किया जाएगा। वहीं प्रत्येक आवेदनकर्ता को समस्या का समाधान होने के बाद सूचित किया जाएगा।

### जनता दरबार से लोगों को फायदा: सोनाल

इस संबंध में कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति कहते हैं कि मंत्रियों के जनता दरबार से लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का जनता दरबार लगा था। जिसमें 97 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के जनता दरबार में 85 आवेदन आए थे। कांग्रेस भवन में प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी के पास भेज दिया जाता है, जिस पर कार्रवाई होती है। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टी की सोच है कि जनता की छोटी-मोटी समस्या का निराकरण त्वरित गति से हो और इस संबंध में जो कुछ भी बाधाएं आती हैं उसे जल्द से जल्द दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सभी चारों मंत्रियों के द्वारा जनता दरबार लगाया गया था। उसकी सफलता के बाद दूसरे चरण में मंत्रियों के द्वारा इन दिनों जनता की समस्या कांग्रेस भवन में सुनी जा रही है। अब तक तीन मंत्रियों का इस तरह का जनता दरबार लग चुका है। आने वाले समय में शेष बचे एक मंत्री का भी जनता दरबार लगेगा। जनता दरबार में कमल ठाकुर, अभिलाष साहू,राजन वर्मा,नरेंद्र लाल गोपी,राजीव चौधरी अजय जैन,प्रशांत पांडे भी उपस्थित थे।

# जनसमस्याओं को लेकर भाजपा ने 264 प्रखंडों में किया आक्रोश प्रदर्शन

### भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने मंगलवार को गांव, गरीब,किसान, युवा,महिला, पेसा कानून, आकंठ भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था के मुद्दों पर सभी अंचलों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार लूट बंद करे, अपनी घोषणाओं को धरातल पर उतारे नहीं तो आक्रोश प्रदर्शन तेज होगा। उन्होंने गिरिडीह जिलांतर्गत तीसरी और गावां प्रखंड कार्यालय में आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किया। उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर बरसे।उन्होंने हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी, दलित, महिला, किसान, युवा विरोधी सरकार है। हेमंत सरकार पार्ट 2 भी उसी तर्ज पर चल रही जैसा पिछले पांच वर्षों में चली। इसके नीयत और नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि आज दलाल, बिचौलिये राज्य के खान खनिज को लूट




रहे हैं।लेकिन, गांव में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास एअबुआ आवास बनाने केलिये बालू नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि माफिया लोग गांव से नदी के बालू को बाहर ले जा रहे और स्थानीय लोगों के ट्रैक्टर को पुलिस पकड़कर मुकदमा करती है। उन्होंने कहा कि आवास की योजना में पदाधिकारी 25 हजार तक कमीशन ले रहे और बालू भी गरीबों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को यह सरकार चारों तरफ से परेशान कर रही है। जमीन के कागजात बिना पैसे के नहीं बन रहे हैं। इसके कारण गरीबों के जमीन और अवैध कब्जे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड के अस्पतालों में डॉक्टर्स नहीं एम्बुलेंस नहीं, दवाई नहीं । मजबूरी में गरीब जिला मुख्यालय या फिर रांची राजधानी के अस्पतालों में जाने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा हताश और निराश हैं। वेकेंसी के साथ ही नौकरियों को बेच दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में इंटर की पढ़ाई को विश्वविद्यालय की शिक्षा से बाहर कर दिया है।लेकिन, राज्य सरकार ने पिछले 5 वर्षों से इंटर कॉलेज की व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं किया। आज लाखों छात्र इंटर में नामांकन केलिये चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने फिर एक बार धान की खरीदारी में किसानों को परेशान किया है। 3200 रुपए प्रति क्विंटल खरीद की घोषणा करने वाली सरकार किसानों से 2400 रुपये क्विंटल धान की खरीदारी की। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों का काम जनता की सेवा करना है। अगर वे ऐसा नहीं करते तो भाजपा बार बार जनता की समस्याओं केलिए आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि थाना ब्लॉक अंचल जिला सभी सरकारी कार्यालयों की स्थिति एक जैसी है। भाजपा ने प्रखंड कार्यालयों पर प्रदर्शन कर चेतावनी दी हैं।

राज्य सरकार नहीं सुधरती है तो भाजपा थाना, जिला सहित जन मुद्दों से जुड़े अन्य कार्यालयों पर बड़ा प्रदर्शन और उसे ठप कराने को मजबूर होंगे। पूरे प्रदेश के अलग अलग प्रखंडों में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, अमर कुमार बाउरी, सांसद-विधायक गण, प्रदेश के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन के दौरान पार्टी कार्यकताओं ने राज्य सरकार की विफलताओं से संबंधित नारे बाजी कीएजनता को संबोधित किया एवं ज्ञापन भी सौंपा।

### झारखंड में हर हत्या की जिम्मेदार सरकार : सीपी

**रांची।** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि अंचल कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। श्री सिंह मंगलवार को अरगोड़ा अंचल के घेराव-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया हैं। रांची में जितनी भी हत्या और आत्महत्या हो रही है उनका जिम्मेदार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अंचलों में होने वाला भ्रष्टाचार है। विधायक नवीन जायसवाल ने भ्रष्ट पदाधिकारी और सरकार को चेतावनी देते हुये कहा कि अगर झारखंड की जनता को परेशान करना नहीं छोड़ा तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरुण साहू,ओम प्रकाश, रौशनी खलको, संजय जयसवाल, राजू सिंह, अनिता वर्मा,अशोक मिश्रा, सुजीत शर्मा, सूर्यप्रताप, बिनोद महतो आदि शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### मधु कोड़ा की तस्वीर लगाकर भाजपा भ्रष्टाचार के खिलाफ कर रही है आंदोलन : राकेश सिन्हा



**रांची।** भाजपा के भष्ट्राचार पर अंचल कार्यालय के घेराव कार्यक्रम पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि राज्य के सबसे बड़े भष्ट्राचारी मधु कोड़ा की तस्वीर लगाकर भाजपा भष्ट्राचार पर अंचल कार्यालय का घेराव कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के तमाम भष्ट्राचारियों को अपने दल में शामिल करा के भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री और राज्य के उप मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिया और आज भष्ट्राचार पर आंदोलन कर रही है। भ्रष्टाचार का आलम यह था कि हाथी तक को उड़ा दिया गया और जनता की गाढ़ी कमाई अपने तिजोरी में जमा कर राज्य को बबार्दी के कगार पर पहुँचा दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा अपने शासनकाल में कानून व्यवस्था को भूल गयी। भाजपा सरकार की सरपरस्ती में एक ओर शहर में अपराध और गांव में उग्रवाद पनप रहे थे। महागठबंधन की सरकार में अपराध और उग्रवाद दोनो खात्मे की ओर है अगर कहीं अपराध हो भी रहे तो प्रशासन अपराधियों के गिरबां तक पहुंचती है लेकिन भाजपा के सरकार मे अपराधियों का स्वागत जेल से निकलने के बाद फूल मालाओं से होता था। उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा नकारे जाने के बाद भाजपा अब बुरी तरह बेचैन हो गई है, एक ओर भाजपा का संगठन पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। बीजेपी इसी तरह की कार्यक्रम कर अपने शाख को बचाने का प्रयास कर रही है।

### जमशेदपुर डीसी के निर्देश पर जब्त होगा बन्ना गुप्ता का ग्लॉक पिस्टल

**रांची।** झारखंड सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस नेता बन्ना गुप्ता से उनकी ग्लॉक पिस्टल वापस मांगी है। चुनाव हारने के बाद अब वे ना विधायक हैं और ना ही मंत्री, इसलिए उनके हथियार के लाइसेंस की दोबारा जांच करने का फैसला लिया गया है। जमशेदपुर के उ्रू कर्ण सत्यार्थी ने पुलिस को निर्देश दिया है कि पिस्टल जब्त कर उसे सरकारी हथियारघर (शस्त्रागार) में जमा किया जाए। मिली जानकारी के अनुसार बन्ना गुप्ता ने विधायक रहते हुए साल 2022-23 में कोलकाता से यह पिस्टल खरीदी थी। यह पिस्टल काफी आधुनिक मानी जाती है और इसकी कीमत करीब 18 लाख रुपये है। यह 0.45 बोर की पिस्टल आम लोगों को रखने की इजाजत नहीं होती। झारखंड में कुछ ही लोगों को इसका लाइसेंस मिला है, जबकि आम नागरिकों को केवल 0ॉ.32 बोर की पिस्टल रखने की अनुमति होती है। सरकारी पत्र में बताया गया है कि पूर्वी सिंहभूम जिले में सिर्फ बन्ना गुप्ता के पास ही यह पिस्टल है और उनके नाम पर दो हथियारों का लाइसेंस है। विभाग के निर्देश पर अब यह पिस्टल सरकार को लौटानी होगी। अब पुलिस और प्रशासन की ओर से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड हाईकोर्ट का निर्देश- याचिका निष्पादित होने तक पीजीटीटी-संस्कृत की 5 सीटें रखें रिजर्व



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेंड टीचर (पीजीटीटी)-संस्कृत विषय की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को निर्देश दिया कि जब तक इस केस की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक पांच सीटें आरक्षित रखी जाए। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक रौशन की अदालत में हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल ने पक्ष रखा।

**2023 में जेएसएससी ने निकाला था विज्ञापन :** उल्लेखनीय है कि जेएसएससी ने वर्ष 2023 में पीजीटीटी की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। सुजीत मुर्मू और अन्य ने नियुक्ति प्रक्रिया में कई विसंगतियों और अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई जारी रखते हुए स्पष्ट किया कि अंतिम निर्णय आने तक पांच पदों पर नियुक्ति नहीं की जाए।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणु गोपाल से मिले बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने दिल्ली में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और राज्यसभा सांसद मुकुल वासनिक से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में कांग्रेस के संगठनात्मक कामकाज और विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बंधु तिर्की ने राज्य में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी।

मुलकात के दौरान बंधु तिर्की ने नेताओं के समक्ष झारखंड में कांग्रेस का संगठन कैसे प्रभावशाली बने और जनता से जुड़ी समस्याओं का समय रहते समाधान कैसे हो, इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि गठबंधन वाली सरकार



की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में संगठन की भूमिका को सुनि्रित करने के लिए निर्णय लेने की बात कही। इतना ही नहीं राज्य की जनता से किए गए हर वायदे को समय पर धरातल पर उतारने की भी बात कही।

**क्या है कांग्रेस का आगामी कार्यक्रम :** मुलकात के दौरान वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों में कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने और कार्यकताओं की भूमिका को रेखांकित करने का निर्णय लिया गया है। बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस फिर एक बार अपने पुराने राजनीतिक इतिहास को रचने के लिए तैयार है। जिसमें संगठन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## आक्रोश प्रदर्शन भाजपा की हताशा और बौखलाहट का प्रतीक: विनोद पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा द्वारा झारखंड के प्रखंडों में किए गए 'आक्रोश प्रदर्शन' को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि यह प्रदर्शन न तो जनता के लिए था और न ही जनहित से इसका कोई वास्ता है, बल्कि यह भाजपा की हताशा और बौखलाहट का प्रतीक है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को इस बात का कष्ट है कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी-मूलवासी सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए काम कर रही है। भाजपा जिन सवालों को लेकर प्रदर्शन कर रही है, वे वही मुद्दे हैं, जिन्हें भाजपा ने अपनी सत्ता में पूरी तरह नजरअंदाज किया था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, बालू नीति, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर भाजपा का बोलना हास्यास्पद है, क्योंकि उनके शासनकाल में बालू माफिया सबसे ज्यादा सक्रिय थे, योजनाएं ठप थीं, स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई थी और युवाओं को रोजगार के नाम पर सिर्फ जुमले दिए गए थे। अपने इन्ही कृत्य के कारण भाजपा को प्रदेश की जनता ने सत्ता से बेदखल कर दिया था और इतिहास रचते हुए लगातार दूसरी बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व को आपार बहुमत देकर सत्ता की बागडोर सौंपी है।

पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक समय मुख्यमंत्री रहने के बावजूद मरांडी जी झारखंड की जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज कर रहे हैं। वे आज जिन मुद्दों पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्हीं समस्याओं की जड़ें भाजपा शासन में पड़ीं।

उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन उसमें सच्चाई और नीयत की ईमानदारी होनी चाहिए। विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पेसा कानून का लागू होना, स्थानीयता पर आधारित नियोजन नीति, महिला सशक्तिकरण, मंईयां सम्मान और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं, जिनसे भाजपा घबराई हुई है।

### भाकपा माले ने 9 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने का लिया निर्णय

**रांची।** भाकपा माले ने 9 जुलाई को घोषित देशव्यापी मजदूर विरोधी चार श्रम कोडों के खिलाफ हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मंगलवार को संपन्न हुई दो दिवसीय राज्य कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी के सभी जनसंगठनों की सदस्यता में तेजी से वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। आंदोलन को तेज करने और सभी जनसंगठनों के सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सितंबर माह तक पार्टी सभी जिला सम्मेलन संपन्न करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 21 जुलाई से 28 जुलाई तक जुलाई अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान सदस्यता अभियान को तेज किया जाएगा और ब्रांच कमेटियों का निर्माण किया जाएगा।

### नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय नगर विकास मंत्री को लिखा तीन पन्ने का पत्र

# नमामी गंगे योजना से गंगा की सहायक नदियों के अलावा अन्य नदियों को भी जोड़ने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल को पत्र लिखा है। इसमें मंत्री ने लिखा है कि इस पत्र के माध्यम से मैं आपका ध्यान शहरी विकास के क्षेत्र में झारखंड राज्य के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों पर आकृष्ट करना चाहता हूं, तथा केंद्र सरकार से उचित सहायता के लिए आपके बहुमूल्य हस्तक्षेप का आग्रह करना चाहता हूं। झारखंड का तीव्र गति से शहरीकरण हो रहा है, लेकिन शहरी बुनियादी ढांचे, किफायती आवास और संगठित सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाओं की अत्यधिक कमी है। इसके अतिरिक्त, राज्य में शहरी स्थानीय निकाय का क्षमता संवर्धन किया जाना नितांत आवश्यक है, ताकि भारत सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन किया जा सके। झारखंड राज्य के पृथक सामाजिक-आर्थिक संदर्भ को देखते हुए, मैं आपका ध्यान कुछ विशेष मुद्दों पर आकृष्ट करना चाहता हूं।

इनमें भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे योजना के तहत गंगा एवं उसके सहायक नदियों के किनारे बसे शहरों के लिए योजना स्वीकृत की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य गंगा एवं उसके बेसिन में अवस्थित नदियों को प्रदूषण मुक्त करना है। गंगा की सहायक नदी दामोदर को स्वच्छ रखने के लिए राज्य के तीन शहरों यथा-धनबाद, फुसरो एवं रामगढ़ में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटरसेप्सन एंड डायवर्सन योजना का कार्यान्वयन नमामि गंगे परियोजना के तहत कराया जा रहा है। परंतु इसमें सीवरेज नेटवर्क का



प्रावधान नहीं है। इस कारण इसका पूर्ण लाभ नहीं हो पा रहा है। मेरा मानना है कि इस परियोजना के साथ गंगा की सहायक नदियों के अलावा अन्य नदियों को भी जोड़े जाने से इसका दूरगामी प्रभाव होगा। झारखण्ड राज्य में उपरोक्त शहरों के अतिरिक्त कुछ महत्वपूर्ण शहर अन्य नदियों के किनारे बसे हुए हैं, जिनका प्रदूषित जल प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से गंगा में प्रवाहित होता है, जैसे-स्वर्णरेखा नदी के किनारे रांची एवं जमशेदपुर, गरमा नदी के किनारे बोकारो (चास) अजय नदी के किनारे देवघर, उसरी नदी के किनारे गिरिडीह, मयुराक्षी नदी के किनारे दुमका एवं कोयल नदी के किनारे पलामू (मेदिनीनगर) अवस्थित है। झारखण्ड राज्य के उक्त शहर के किनारे बसे हुए हैं। निकायों को नमामि गंगे परियोजना के तहत वर्तमान में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं इंटरसेप्सन डायवर्सन योजना के तहत नहीं शामिल किया गया है। इसलिए राज्य सरकार की यह मांग है कि उपरोक्त नदियों के किनारे बसे हुए, शहरों यथा-रांची, जमशेदपुर, बोकारो (चास), देवघर, गिरिडीह दुमका एवं पलामू (मेदिनीनगर) को भी नमामि गंगे योजना के तहत एसटीपी एवं आईडी नेटवर्क के साथ-साथ आईएलडब्ल्यूएम के लिए भी स्वीकृति देने की कार्यवाही की जाये। रांची और प्रमुख शहरों में शहरी यातायात को और सुगम बनाये जाने हेतु इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो के अधिष्ठापन में केंद्र के सहयोग की अपेक्षा राज्य सरकार को है। मंत्री ने लिखा है कि समर्पित राज्य शहरी विकास प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए केंद्र का समर्थन झारखण्ड में समेकित नगरीय विकास को नयी उड़ान दे सकता है। आशा है कि राज्य के नगरीय परिवेश को और बेहतर बनाने में आपका पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

# नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज को भी करता है बाधित : उपायुक्त

- नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत आर्यभट्ट सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरुकता अभियान के अंतर्गत रांची में मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं, छात्रों, शिक्षकों, और ग्रामीण समुदाय को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था। डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने नशे के खिलाफ सामाजिक जागरुकता की महत्ता पर बल दिया और समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई।

कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, राँची जिले के निजी और सरकारी उच्च विद्यालयों के 300 प्राचार्य, प्रधानाध्यापक, शिक्षक, और ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भी भागीदारी की। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रभावी संबोधन प्रस्तुत किया गया। नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाने वाली एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से जागरुकता प्रसारित की गई। सीआईपी और रिनपास के प्रतिनिधियों ने नशे की लत से मुक्ति के उपायों और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला।

सिविल सर्जन, सदर, रांची ने नशे के शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नशा छोड़ने के लिए व्यावहारिक उपाय जैसे परामर्श, पुनर्वास केंद्रों की भूमिका, और सामुदायिक समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने नशे की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति को भी बाधित करता है। हमारा लक्ष्य है कि राँची जिला के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवा, नशे के खतरे से अवगत हो और एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण करें। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्रों, परामर्श सेवाओं और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में बताया। साथ ही, उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए विशेष अभियानों की शुरूआत की घोषणा की।

## पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद आदेश पारित

# हाईकोर्ट ने डीएवी कपिलदेव के पूर्व प्राचार्य की जमानत रद्द की

- हाईकोर्ट ने आरोपी को 21 नवंबर 2022 को प्रदान की थी जमानत की सुविधा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हाईकोर्ट ने शिक्षिका के यौन शोषण के आरोपी डीएवी कपिलदेव के पूर्व प्राचार्य मनोज कुमार सिन्हा की जमानत रद्द कर दी है। जस्टिस एके चौधरी की अदालत ने पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि आरोपी का जमानत पर रहना न्यायिक प्रक्रिया के लिए खतरनाक है, क्योंकि उसने सबूतों से छेड़छाड़ की और गवाहों को डराने-धमकाने का प्रयास किया। ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह मुकदमे का सामना करने के लिए उसकी गिरफ्तारी के लिए सभी कठोर कदम उठाए। पीड़िता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मनोज कुमार सिन्हा ने केस को प्रभावित करने के लिए माओवादी संगठन पीएलएफआई के सदस्यों का सहारा लिया। पीड़िता के मंगेतर को व्हाट्सएप के माध्यम से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गयी और केस वापस लेने का दबाव बनाया गया।

याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि 11 अक्टूबर 2024 को एक बिना नंबर प्लेट की ऑटो रिक्शा ने पीड़िता के वाहन को टक्कर मारी। 19 अक्टूबर को मनोज और उसके सहयोगियों ने पीड़िता की कार में छह जिंदा कारतूस रखकर उसे झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की। पुलिस जांच के दौरान स्कूल के सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति ने वाहन में गोलियां रखीं थीं।

कोर्ट ने इन तथ्यों और प्रस्तुत साक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि आरोपी ने न केवल न्याय प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया, बल्कि पीड़िता और उसके परिवार को खतरे में भी डाला।

## हेहल सीओ पंजी-टू में दर्ज करें प्रार्थी का नाम नहीं तो लगेगा 50 हजार जुर्माना : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने रांची के हेहल अंचल के अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि वह दो सप्ताह के अंदर प्रार्थी जितेंद्र सिंह का नाम पंजी-टू में दर्ज कर लगान रसीद जारी करें, अन्यथा उनपर 50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने यह आदेश दिया है। दरअसल जितेंद्र कुमार का नाम पंजी टू में लगानदाता के तौर पर दर्ज था और वो वह लगान देते आ रहे थे। जिसे हेहल अंचल अधिकारी ने रद्द कर दिया था।

अंचल अधिकारी द्वारा पंजी टू रद्द करने के बाद जितेंद्र सिंह ने हाईकोर्ट का रुख किया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी जितेंद्र सिंह की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि अंचल अधिकारी को दाखिल खारिज रद्द करने का कोई अधिकार नहीं है, जिसके बाद कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता के दलील से सहमत होते हुए हेहल अंचल के अंचल अधिकारी घनयश्याम कुमार को दो सप्ताह के अंदर प्रार्थी का नाम पंजी दो में दर्ज करने का आदेश दिया और ऐसा नहीं करने पर पचास हजार रुपया दंड जमा करने का आदेश दिया है।

# नवजात की मौत मामले में रिम्स को क्लीन चिट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में बिरहोर समुदाय के नवजात बच्चे की मौत के मामले में जांच पूरी हो गई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार परिजनों ने रिम्स पर किसी तरह की लापरवाही से इनकार किया है और क्लीन चिट दे दी है। परिजनों का कहना है कि रिम्स में बच्चे का इलाज समय पर शुरू कर दिया गया था लेकिन जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल से रिम्स लाने में देरी हो गयी।

बताते चलें कि 11 जून को चार दिन के नवजात को एमजीएम अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया था, लेकिन रिम्स पहुंचने के बाद उसकी मौत हो गई। इस पर लापरवाही के आरोप लगे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए थे। संयुक्त सचिव ललित मोहन शुक्ला ने रिम्स निदेशक को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। रिम्स प्रबंधन ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई थी। टीम में नियोनेटल विभागाध्यक्ष, सेंट्रल इमरजेंसी प्रमुख और उपाधीक्षक-2 शामिल थे। टीम को सभी पहलुओं की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया था। जांच में स्पष्ट हुआ कि इलाज में देरी नहीं हुई, लेकिन एमजीएम अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिलने और रेफर प्रक्रिया में देरी के कारण बच्चा नहीं बच पाया।

# जनता दरबार में सुनी गयी फरियाद कुछ का ऑन द स्पॉट हुआ समाधान

**जनता दरबार के दौरान अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी भी रहे उपस्थित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार रांची जिला के सभी अंचल में हर मंगलवार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को विभिन्न अंचलों में अंचल अधिकारी जनता की समस्याओं से अवगत हुए। जनता दरबार में भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, जमीन मापी, आवास योजना, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी सहित लोगों की अन्य समस्याएं आयी। सीओ ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया एवं शेष मामलों को शीघ्र कारवाई को लेकर अग्रसारित किया गया।

बता दें कि उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हुए सभी को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया है। आम लोगों को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े इसे सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया है। प्रत्येक मंगलवार के अतिरिक्त सभी अंचलों में अंचल अधिकारी से जनता की मुलाकात के लिए दोपहर 01:00-02:00 बजे का समय भी निर्धारित है।



## खबर एक नजर में

### केन्या में संजय सेठ ने किया योगाभ्यास



**रांची।** वन अर्थ, वन फैमिली की कामना के साथ केन्या के तैत टवेटा काउंटी में स्थानीय नागरिकों और केन्याई रक्षा बलों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने योगाभ्यास किया। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के मान की झलक दुनिया भर में देखने को मिल रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा क्षेत्र ने कई देशों के साथ अपने संबंध प्रगाढ़ किये हैं। श्री सेठ ने कहा कि योग के माध्यम से आज पूरी दुनिया जुड़ रही है। भारत की यह विद्या दुनिया की एकजुटता को मजबूत बना रही है।

### गिरती कानून-व्यवस्था के खिलाफ बड़गायीं अंचल का किया गया घेराव : समरी लाल

**रांची।** गिरती कानून व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार एवं सरकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ मंगलवार को भाजपा रांची महानगर ने बड़गाईं अंचल कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक समरी लाल, केके गुप्ता, संजीव विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में बड़गाईं अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर आवाज उठायी। प्रत्येक म्यूटेशन या दाखिल खारिज पर जनता से पैसे की मांग की जाती है। बड़गायीं और लेम से निकलने वाली नयी सड़क के लिए जमीन के एवज में मुआवजा राशि में भी देरी और लापरवाही बरती जा रही है। जिससे क्षेत्र का विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। इस कार्यक्रम में जितेंद्र सिंह पटेल, राज किशोर प्रसाद, कुंदन कुमार, रुद्र नारायण महतो, पायल सोनी, नकुल तिर्की, अर्जुन मुंडा, युवराज पासवान, देवराज सिंह, सुभाष अग्रवाल, राम लगन राम, बबीता देवी, शीला देवी, मुन्ना कामदार आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग को चाइल्ड हेल्प लाइन को सौंपा



**रांची।** रांची मंडल में आरपीएफ के अधिकारी व जवान उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। सोमवार को एक यात्री अभिजीत कुमार, निवासी बैंक कॉलोनी, टाना टोली, बूटी मोड़, रांची द्वारा एक नाबालिग बालक को उप-निरीक्षक सचिन कुमार एवं प्रधान आरक्षी धर्मवीर कुमार को रांची रेलवे स्टेशन पर सौंपा गया। उक्त नाबालिग बालक को आरपीएफ पोस्ट रांची लाया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मिनहाज अंसारी, उम्र-13 वर्ष, पिता- मुस्तफा अंसारी, माता- मुस्तरी खातून, निवासी-पाली, थाना व पोस्ट-मांडर, जिला- रांची (झारखंड) बताया। बालक ने बताया कि वह अपने बड़े भाई के साथ राउरकेला के एक मदरसे में पढ़ाई कर रहा था। बिना किसी को बताए उसने ट्रेन संख्या 18309 एक्सप्रेस से राउरकेला से रांची आने के लिए सफर किया, जो उसका मूल स्थान है। इस संबंध में तत्परता दिखाते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन, रांची को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम आरपीएफ पोस्ट, रांची पहुंची। सभी आवश्यक औपचारिकताओं के पालन के बाद बालक को सकुशल चाइल्ड हेल्प लाइन, रांची को सौंपा गया, ताकि उसकी उचित देखभाल व संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# झारखंड में बेटियों को मिल रहा है नवा उमंग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार अब बेटियों को पढ़ाने और आगे बढ़ाने पर खास ध्यान दे रही है। इसी को लेकर रांची के चाणक्य बीएनआर होटल में मंगलवार को एक कार्यक्रम हुआ 'नवा उमंग, जिसमें खूब बातें हुईं कि कैसे हमारी बेटियां मजबूत बनें, पढ़ाई ना छोड़ें और कम उम्र में शादी ना हो। इस कार्यक्रम में राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार हर उस कोशिश में बेटियों का साथ देगी, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाए। उन्होंने बेटियों के साथ आई माओं की भी खूब तारीफ की और कहा कि मां ही अपनी बेटी की सबसे बड़ी ताकत होती है। कार्यक्रम में गोड्डा और जामताड़ा जिले से आयी लड़कियों और वहां काम करने वाले जेएसएलपीएस की टीम को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जेएसएलपीएस और पीसीआई द्वारा मिलकर चलाए जा रहे उमंग प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस प्रोजेक्ट का मकसद लड़कियों को स्कूल से जुड़ा रखना, कम उम्र में शादी को रोकना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जेएसएलपीएस के सीइओ अनन्य मित्तल ने कहा कि बेटियों को सिर्फ सपने नहीं दिखाने, उन्हें पूरा भी करना है।

# कांके रोड में महिला से चेन हुई छिनतई



**रांची।** राजधानी में चेन स्नैचिंग की घटनाएं थम नही रही है। आलम यह है कि वीआईपी क्षेत्र, कांके रोड में बाइक सवार अपराधी दिनदहाड़े सरेआम पुलिस की मौजूदगी में घटना को अंजाम देकर भाग रहे हैं। ऐसी ही एक घटना मंगलवार को गोंदा थाना अंतर्गत मारू टॉवर के समीप घटी है।

**क्या है घटना :** जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला निधि सिन्हा कांके रोड स्थित टिकली टोला की रहने वाली है। मंगलवार की शाम वह पैदल घर जा रही थी। इसी दौरान लाल रंग की बाइक पर सवार दो युवकों ने महिला के गले में झपट्टा मारते हुये चेन छिनतई कर तेजी से भाग निकले। पीड़ित महिला के अनुसार दोनों युवक रेनकोट पहने हुये थे। एक काला व एक लाल रंग का हेलमेट पहना हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस जगह पर घटना घटी है,वहां पुलिस भी मौजूद थी। एक व्यक्ति के द्वारा स्नैचरों का पीछा भी किया गया लेकिन दोनों भाग निकलने में सफल रहे।

# राजधानी रांची में नौ घंटे में 56 मिमी बारिश दर्ज



लालपुर में बारिश से सड़क लबालब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दक्षिण पश्चिम मॉनसून राज्य में अपना असर दिखा दिया है। 17 जून को मॉनसून झारखंड में प्रवेश किया। उसके बाद एक-दो दिन छोड़कर तकरीबन हर दिन बारिश हो रही है। बारिश से राजधानी रांची पानी पानी हो चुकी है। खेत, तालाब, डैम में पानी भर गया। मंगलवार को दोपहर बाद से बारिश शुरू है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में अनेकों स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 61.4 मिमी जमशेदपुर में दर्ज की गयी। रांची में सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे के बीच 55.8 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की मानें तो 27 जून तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही 28 जून से 30 जून तक राज्य के अनेक स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

### अवैध हथियार के साथ स्कूटी सवार दो युवक गिरफ्तार

**रांची।** ठाकुरगांव थाना की पुलिस ने अवैध हथियार सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये अभियुक्त कुशेन्द्र मुण्डा (हेसलपिड़ी, थाना-ठाकुरगांव) और छोटेलाल पहान उर्फ करण पाहन (चेड़ी मनातु, थाना कांके) के पास से मैगजीन सहित एक देसी पिस्टल, स्कूटी और मोबाइल जब्त की गई है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की दो व्यक्ति स्कूटी में सवार होकर रांची से ग्राम-उरूगुटू से होते पतरातु की ओर अवैध हथियार की खरीद बिक्री के लिए आ रहे हैं। डीएसपी खलारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ताहिर अंसारी के ईंट भट्टा के पास पहुंची। जहां स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को अपने ओर आते देखकर भागने लगे। पुलिस कर्मियों के द्वारा भाग रहे युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

## 25 जून : विश्व विटिलिगो दिवस पर विशेष, क्या है लक्षण और इलाज

# त्वचा पर सफेद दाग-धब्बे ला-ईलाज नहीं, यह ठीक हो सकता है, छिपायें नहीं : डॉ सरोज राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विटिलिगो यानी सफेद दाग को हमारे समाज में आमतौर पर छुआछूत से जोड़कर देखा जाता है। अज्ञानता की वजह से कुछ लोग इसे कुष्ठ रोग भी समझ लेते हैं। कई बार सफेद दाग की वजह से मरीज और परिवार को सामाजिक परेशानी उठानी पड़ती है। प्रसिद्ध चर्मरोग विशेषज्ञ सह कॉस्मेटिक सर्जन डॉ सरोज राय कहती हैं कि जब इंसान के शरीर में रंग बनाने वाली कोशिकाएं विपरीत अवस्था में कार्य करने लगती हैं, तो त्वचा पर सफेद दाग दिखाई देने लगते हैं। वर्षों पहले इसे श्वेत कुष्ठ माना जाता था। लोग मरीज से दूरी बनाना शुरू कर देते थे, जबकि यह गलत है। सफेद दाग छुआछूत की बीमारी नहीं है और न ही यह किसी तरह का कुष्ठ है। अगर मरीज जल्दी डॉक्टर के पास पहुंचता है, तो उसका पूरी तरह उपचार हो सकता है। डॉ सरोज राय ने बताया कि दुनिया में 2 प्रतिशत और भारत में तीन से पांच प्रतिशत लोग विटिलिगो से ग्रसित हैं। डॉ राय कहती हैं कि इस रोग को छिपायें नहीं, बल्कि जल्द से जल्द चिकित्सक को दिखायें। दवाओं और सर्जरी से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। सफेद दाग त्वचा की ऑटो इम्यून बीमारी है जिसका संबंध मेलेनिन नामक पिगमेंट से है, जो हमारी त्वचा के रंग के लिए जिम्मेदार है। ऑटो इम्यून में शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली इस कोशिका को नष्ट करने लगती है और मेलेलिन का बनना धीरे-धीरे बंद होने लगता है। शरीर के जिस स्थान पर यह असर करता है वहां की चमड़ी सफेद होने लगती है, जिसे हम सफेद दाग, विटिलिगो अथवा ल्यूकोडर्मा के नाम से जानते हैं।

**विटिलिगो के लक्षण**

- शरीर के किसी भी भाग में त्वचा का रंग हल्का पड़ना अथवा सफेद होना।
- प्रभावित स्थान पर खुजली होना।
- चोट, जलने, छिलने के बाद चमड़ी का रंग सफेद हो जाना।
- शरीर, सिर एवं भौंहों के बाल सफेद होना।
- तिल के आसपास सफेद घेरा बनना।

**इलाज**

- दवा, सिंकाई, सर्जरी आदि से सफेद दाग को ठीक किया जा सकता है।
- शुरूआती दौर में खाने वाली दवा से इसे ठीक किया जाता है।
- पुराने मामलों में पंच ग्राफ्टिंग, स्किन ग्राफ्टिंग, मेलेनेसाइट ग्राफ्टिंग जैसे सर्जिकल उपायों की मदद ली जाती है।
- टैटू बना कर भी कुछ मरीजों के दाग छुपाये जाते हैं।
- अल्ट्रॉवायलेट-बी से सिंकाई, पीआरपी ट्रीटमेंट से भी मरीजों को फायदा मिला है।

# रांची नगर निगम की पहल: बारिश से बेघरों के लिए खोले गये शेल्टर होम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में पिछले पांच दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़कें जलमग्न हैं, ट्रैफिक बाधित है और कई निचले इलाकों में घरों में पानी भर गया है। इस लगातार बारिश के कारण सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जिनके पास सिर छुपाने की कोई सुरक्षित जगह नहीं है या जो जर्जर मकानों में रहने को विवश हैं। ऐसे में रांची नगर निगम ने बड़ी पहल करते हुए शहर के 10 शेल्टर होम (रैन बसेरा) को पूरी क्षमता के साथ खोलने का निर्णय लिया है। यहां बेघरों और जरूरतमंदों को निःशुल्क आश्रय और मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

नगर निगम की ओर से संचालित इन शेल्टर होम में हर दिन कई लोग पहुंच रहे हैं। निगम प्रशासन ने साफ कहा है कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह झुग्गी में रहता हो, सड़कों पर हो या फिर किसी असुरक्षित या जर्जर मकान में रहता है। अगर उसे रहने की कोई सुरक्षित जगह नहीं मिल रही है तो वह इन रैन बसेरों में आकर निशुल्क रह सकता है। यहां पर किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। नगर निगम के पदाधिकारी गौतम ने जानकारी दी कि सभी दस शेल्टर होम को पूरी तरह खोल दिया गया है और वहां जरूरी संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। निगम की ओर से क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बारिश के दौरान इन स्थानों पर सतत निगरानी बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले में न रहे।

इन रैन बसेरों में लोगों के रहने, सोने और साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यहां हर व्यक्ति को आरामदायक बिस्तर, चादर, कंबल और तकिया मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही बारिश के इस मौसम में मच्छरों से सुरक्षा को देखते हुए मच्छरदानियां भी उपलब्ध कराई जा रही है। शेल्टर होम में साफ-सुथरे वॉशरूम और शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। नियमित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि कोई भी व्यक्ति संक्रमण या अन्य समस्याओं का शिकार न हो। आपात स्थिति को देखते हुए प्रत्येक शेल्टर होम में फर्स्ट ऐड बॉक्स भी रखा गया है। जिसमें आवश्यक दवाएं, पप्ती, बैंडेज जैसी चीजें मौजूद हैं। इसके अलावा किसी व्यक्ति की तबीयत ज्यादा खराब होती है तो उसके लिए एंबुलेंस सेवा भी मुहैया कराई जाएगी।

# रथ मेला को लेकर ट्रैफिक रूट चेंज

- 26 जून से 7 जुलाई तक लागू रहेगी नयी व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 27 जून को निकाली जायेगी। रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ रथ पर सवार होकर मौसीबाड़ी जायेंगे। छह जुलाई को देवशयनी एकादशी के दिन जगन्नाथ मेले का समापन हो जायेगा। इसे घूरती रथयात्रा कहा जाता है। इसे लेकर जगरनाथपुर मन्दिर समिति और जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। नौ दिनों तक लगनेवाले मेले के लिए झूले लगने लगे हैं और दुकानें सजने लगी हैं। रथ यात्रा और मेला को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। नयी व्यवस्था 26 जून से 7 जुलाई तक लागू रहेगी। रांची जिला यातायात पुलिस अधीक्षक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

## प्रतिबंधित क्षेत्र

धुर्वा गोल चक्कर से नया सराय रोड, जेसीए स्टेडियम रोड, पुराना विधानसभा रोड पर सुबह आठ बजे से रात 12 तक बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी सामान्य वाहनों का धुर्वा गोल चक्कर से पुराना विधानसभा तथा प्रभात तारा मैदान से शालीमार बाजार चौक की ओर प्रवेश वर्जित रहेगा। तिरिल मोड़ से मौसीबाड़ी गोलचक्कर तक सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश वर्जित रहेंगे। शहीद मैदान से मौसीबाड़ी गोलचक्कर तक सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश वर्जित रहेंगे। प्रभात तारा तीन मुहानी से जगन्नाथपुर बाजार तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

## वैकल्पिक मार्ग

एचईसी, विधानसभा की ओर से आनेवाले वाहन शहीद मैदान से शालीमार बाजार, प्रभात तारा मैदान, जेएससीए स्टेडियम से दाहिने मुड़ कर तिरिल मोड़ होते हुए गंतव्य तक जायेंगे। रिंग रोड की तरफ से आनेवाले वाहन जिन्हें शहर की ओर आना हो, तिरिल मोड़ से जेएससीए स्टेडियम, प्रभात तारा मैदान, शालीमार बाजार होते हुए शहर की ओर आयेंगे। धुर्वा गोलचक्कर से वाहन प्रोजेक्ट भवन होते हुए चांदनी चौक हटिया, सिंहमोड़ से बिरसा चौक होते हुए शहर की ओर जायेंगे।

## पार्किंग स्थल

**तुपुदाना, हटिया, खूंटी, धुर्वा गोलचक्कर से आनेवाले वाहन :** धुर्वा गोलचक्कर के पश्चिम स्थित खाली मैदान में पार्क होंगे।

**नया सराय, न्यू विधानसभा रोड से आनेवाले वाहन :** तिरिल मोड़ हैलीपैड मैदान में पार्क होंगे।

**अरगोड़ा, बिरसा चौक की ओर से आनेवाले वाहन :** शहीद मैदान, विधानसभा मैदान में पार्क होंगे। **धुर्वा सेक्टर-1, 2 की ओर से आनेवाले वाहन :** मौसीबाड़ी गोलचक्कर के बगल में स्थित खाली मैदान में पार्क होंगे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची।** योगदा सत्संग एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के मल्टी पर्पस हॉल में इंटर तथा विद्यालय शाखा में 12वीं बोर्ड तथा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इंटर फाइनल परीक्षा, 2025 में तीनों संकायों आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स के टॉपर्स को उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन हेतु सर्टिफिकेट तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इनमें कॉमर्स की पांचवीं स्टेट टॉपर मुस्कान कुमारी तथा सातवीं स्टेट टॉपर काव्या कोशिकी भी शामिल थीं। साथ ही विद्यालय के बोर्ड परीक्षा के चार टॉपर्स को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन में विद्यालय तथा महाविद्यालय ( इंटर) के लगभग 625 विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर चेयरमेन स्वामी निश्चलानंद जी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सफल जीवन जीने के तरीके भी बताए। वहीं वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट ज्ञान भूषण जी ने भी इनके उत्साहवर्धन में अपने संदेश दिए। साथ ही साथ अकादमिक उत्थान के साथ साथ करियर ऑपर्च्युनिटी के संदर्भ में भी कुछ टिप्स दिए। इस कार्यक्रम में सचिव एके सक्सेना जी, सीवीसी निदेशक कर्नल हिमांशु जी, प्राचार्या प्रगति बक्शी, इंटर के को-ऑर्डिनेटर राजीव मिश्रा, विद्यालय प्रधानाचार्य शुक्ला जी तथा इंटर व विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं।

## राज्यपाल से मिला जनजातीय समाज, पेसा एक्ट को लागू करने की मांग



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को जनजातीय समाज के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान शिष्टमंडल ने राज्यपाल को झारखंड पंचायत उपबन्ध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियमावली 2024 के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही इस नियमावली को झारखंड राज्य में प्रभावी रूप से लागू कराने के लिए पहल करने का आग्रह किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से कहा कि यह नियमावली पारंपरिक ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करती है और धार्मिक और सामाजिक जमीनों की सुरक्षा सुनिश्ति कर धर्मांतरण की प्रवृत्ति पर भी नियंत्रण संभव बनाती है। शिष्टमंडल ने यह भी अवगत कराया कि रुढ़ीजन्य जनजाति समुदाय इस नियमावली के समर्थन में है और इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है।

## आरयू के वीसी से मिला जेसीएम, सत्र नियमित करने की मांग

**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा (जेसीएम) ने मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के प्रभारी कुलपति प्रो. (डॉ) दिनेश कुमार सिंह से मिलकर पारंपरिक अंग वस्त्र तथा पौधा देकर उनका स्वागत किया। झारखण्ड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधियों ने रांची विश्वविद्यालय में हो रहे विभिन्न समस्याओं जैसे परीक्षा का सेशन लगभग दस महीने पीछे चल रहा है। विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों की कमी एवं छात्र हित से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर विवि के कुलपति ने उचित मार्गदर्शन तथा आश्वासन देते हुए भरोसा दिलाया की सभी कार्य ससमय निष्पादन किया जायेगा। इस दौरान जेसीएम के छात्र नेता इरफान खान, अजीत विश्वकर्मा, अतीकुर रहमान, प्रेम प्रतीक, काशिफ रजा, अमन ठाकुर, कमलेश महतो, साकेत कुमार, अमन कुमार, आशीष कुमार, मुन्ना तिर्की मौजूद थे।

## हूल दिवस को सामान्य अवकाश घोषित करे रांची विवि : जेसीएम

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अवकाश की सूची में हूल दिवस को प्रतिबंधित अवकाश की सूची में रखा गया है। इस पर संज्ञान लेते हुए झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने अमन तिवारी एवं असद फेराज के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डीके सिंह से मुलाकात कर आगामी 30 जून को मनाया जाने वाला हूल दिवस को प्रतिबंधित अवकाश की सूची से बाहर करते हुए सामान्य अवकाश घोषित करने की मांग की है। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा के निवर्तमान अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज, पूर्व उपाध्यक्ष राजू महतो, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, सचिव अल्ताफ राजा, गुलअफसा शानी, सचित रंजन, अरविंद बैठा एवं अन्य छात्र नेता शामिल थे।

## मेट्रो गली गुरुद्वारा साहिब की तीनों कमेटियों का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड, रांची स्थित गुरुद्वारा साहिब की तीनों कमेटियों का मंगलवार को सर्वसम्मति से गठन किया गया। अर्जुन देव मिढ़ा गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के प्रधान व उप प्रधान महेश सुखीजा को बनाया गया। वहीं सचिव पद की जिम्मेवारी सुरेश मिढ़ा व मनीष मिढ़ा को मिली और कोषाध्यक्ष का प्रभार हरजीत सिंह बेदी को सौंपा गया। इसके साथ ही सह कोषाध्यक्ष आशु मिढ़ा और नवीन मिढ़ा को बनाया गया।

वहीं गुरु नानक भवन कमेटी का अध्यक्ष प्रेम मिढ़ा को बनाया गया और सचिव पद की जिम्मेवारी नरेश पपनेजा को मिली। कोषाध्यक्ष का प्रभार कवलजीत मिढ़ा को सौंपा गया। किशन गिरधर को उपाध्यक्ष तथा नीरज गखड़ को सह सचिव बनाया गया। गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी में अध्यक्ष का पद चंदू गिरधर को मिला एवं सचिव पद की जिम्मेवारी अश्विनी सुखीजा को सौंपी गई। दिनेश गाबा कोषाध्यक्ष बनाए गए. मोहनलाल अरोड़ा को उपाध्यक्ष तथा कमल धमीजा को सह सचिव चुना गया। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में पांच सदस्यों द्वारका दास मुंजाल, हरगोविंद सिंह, हरविंदर सिंह बेदी,हरीश मिढ़ा एवं मनीष मिढ़ा को मनोनीत किया गया। गुरु नानक भवन कमेटी में अशोक गेरा एवं मनीष गिरधर तथा गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी में शैंकी मिढ़ा एवं कौशिक अरोड़ा को मनोनीत किया गया। गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा रोजाना सजाए जाने वाले सुबह के दूसरे दीवान में सभी निर्वाचित एवं मनोनीत सदस्य मंगलवार सुबह 8:30 बजे पहुंचकर श्री जपुजी साहिब जी के पाठ में शामिल हुए तत्पश्चात इस मौके पर हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने ' हम कूकर तेरे दरबारि भउकहि आगै बदनु पसारि....' शबद गायन किया.गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी द्वारा तीनों कमेटियों के नए कार्यकाल की शुरुआत की आज्ञा की अरदास की गई।

## हाईकोर्ट का झारखंड न्यायिक अकादमी को निर्देश, मजिस्ट्रेट को दो घंटे की ट्रेनिंग दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मजिस्ट्रेट द्वारा व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जमानत प्रक्रिया से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन न करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा लगता है कि मजिस्ट्रेट सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों से पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं, खासकर व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों में। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे मामलों में मजिस्ट्रेट को संवेदनशील और जागरूक होना चाहिए।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान की। याचिकाकर्ता जिनकी उम्र 66 वर्ष है, उन्होंने मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। निचली अदालत ने 21 अप्रैल 2025 को यह कहते हुए उनकी याचिका का निपटारा कर दिया था कि यह शिकायत आधारित मामला है और संज्ञान लिये जाने के बाद गिरफ्तारी की कोई आशंका नहीं है, इसलिए याचिकाकर्ता को केवल अदालत में पेश होना होगा।

हालांकि याचिकाकर्ता ने बाद में दोबारा अदालत का रुख किया और बताया कि मजिस्ट्रेट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त एमिक्स क्यूरी (न्याय मित्र) एडवोकेट जितेंद्र शंकर सिंह ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को सेशन कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। लेकिन मजिस्ट्रेट का आदेश सुप्रीम कोर्ट के सतेंद्र कुमार एंटिल बनाम सीबीआई' (लाइव लॉ (एससी) 577) मामले में दिये गये स्पष्ट दिशा निर्देशों का उल्लंघन है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जहां संज्ञान लिया गया हो और समन जारी हो, वहां आरोपी को वकील के माध्यम से पेश होने की अनुमति दी जा सकती है।

ऐसी स्थिति में आरोपी को हिरासत में लिए बिना या अंतरिम जमानत देकर उसकी जमानत याचिका पर निर्णय किया जाना चाहिए। इस गंभीर उल्लंघन को देखते हुए, झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड न्यायिक अकादमी के निदेशक को निर्देश दिया है कि संबंधित मजिस्ट्रेट को न्यायालय समय के बाद कम से कम दो दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाये। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संवैधानिक मूल्यों की समुचित जानकारी देना है।

## छोटानागपुर लॉ कॉलेज में एनएलबी की प्रवेश परीक्षा 5 और एलएलएम की 20 जुलाई को

**रांची।** छोटानागपुर लॉ कॉलेज में एलएलबी और एलएलएम पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी एलएलबी पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए 30 जून तक आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ पंकज चतुर्वेदी ने बताया कि एलएलबी की प्रवेश परीक्षा 5 जुलाई को आयोजित की जाएगी और इसका परिणाम 22 जुलाई को घोषित किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का नामांकन 25 जुलाई से 6 अगस्त के बीच किया जाएगा। एलएलबी की कक्षाएं 18 अगस्त से शुरू होंगी। वहीं एलएलएम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा 20 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जिसका रिजल्ट 31 जुलाई को जारी किया जाएगा। कॉलेज ने सभी इच्छुक छात्रों से निर्धारित तिथियों के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

## रांची पुलिस ने स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों को किया जागरूक

- आर्यभट्ट सभागार, रांची में निषिद्ध मादक पदार्थों के जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी के आर्यभट्ट सभागार, रांची में आयोजित निषिद्ध मादक पदार्थों के जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में मंगलवार को विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को जागरूक किया गया। इस दौरान नारकोटिक्स के संबंध में जिला पुलिस द्वारा आम नागरिकों के शिकायतों के निवारण हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर 91538 86238 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस एक दिवसीय कार्यशाला में जहां जिला पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध उपलब्धि के बारे में बताया गया, वहीं दूसरी ओर मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के सुधारात्मक उपायों एवं दंडनीय कानूनी प्रावधान से भी अवगत कराया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद, पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्रों को पुरस्कृत करते हुए शुभकामना प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि कार्यशाला में जिला पुलिस की कार्ययोजना, रोड मैप, मादक पदार्थों के सेवन से दुष्प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास के उपाय भी बताये गए। वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला के तीन सौ से अधिक ड्रग पैडलर की सूची जारी की गई। साथ ही बताया कि विगत दो वर्षों में कितने ड्रग पैडलर, माफिया की गिरफ्तारी की गई ताकि रांची की जनता ऐसे असामाजिक एवं समाज में जहर फैलाने वाले लोगों से सतर्क व जागरूक रहे।

## खबर एक नजर में

### बलिदान दिवस पर एसबीयू में हुआ कार्यक्रम



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का सपना था कि पूरा कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। धारा 370 को हटाना उनके जीवन का मुख्य लक्ष्य था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हटाकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में बोलते हुए विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने राष्ट्र हित में किए गए डॉ. मुखर्जी के कार्यों को याद किया और कहा कि उनकी विचारधारा में देश की एकता-अखंडता, सांस्कृतिक उत्थान और देश के नागरिकों का शैक्षणिक और सामाजिक उत्थान भी समाहित है। कार्यक्रम के अवसर पर विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित हुए। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### डॉ लाल्स हॉस्पिटल के चिकित्सा शिविर में 200 मरीजों का किया गया इलाज




**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची से सटे झालदा में सेवा और डॉ लाल्स हॉस्पिटल, रांची के तत्वावधान में चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें डॉ लाल्स अस्पताल के डॉ समित लाल (नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ), डॉ रोहित लाल (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ शाब्दिका लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ श्वेता लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) सहित कई चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उनका उचित इलाज किया। शिविर में लगभग 200 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। डॉ लाल हॉस्पिटल की और से मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। साथ ही प्रूडेंट पैथलैब की तरफ से मरीजों की मुफ्त जांच की गई, जबकि कई विशेष जांच शुल्क में बड़ी छूट भी दी गई। साथ ही ऑडियोलॉजी टेस्ट भी फ्री में किया गया।

### इफको के स्टेट मार्केटिंग मैनेजर ने मन्मुख एजुकेशन में प्रशिक्षणार्थियों को किया मोटिवेट



**रांची।** इफको के स्टेट मार्केटिंग मैनेजर डॉक्टर समदर्शी ने मन्मुख एजुकेशन में चल रहे कार्यक्रम द्वितीय बैच में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन में भाग लिया और अपना वक्तव्य रखा। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया और उन्हें मोटिवेट किया कि आप लोग इस ट्रेनिंग को अच्छे से करके नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। उनके साथ ईफको के अधिकारी चंदन जी भी थे। मौके पर संस्था के संस्थापक मनोज कुमार झा ने भी प्रशिक्षणर्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हमारी संस्था तो हमेशा की तरह आप लोगों को अवसर उपलब्ध कराती है और हमेशा कोशिश करती है कि आम जनता को इसका फायदा मिलता रहे। संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर मनजीत कुमार झा ने भी अपनी बातों को रखा और उन्होंने उनको टेक्निकल बात प्रोजेक्टर के माध्यम से बतायी। संस्था के बाकी सदस्य एवं प्रशिक्षक भी उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में श्री सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का आयोजन



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 159वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। भूत पिशाच निकट नहीं आवे महावीर जब नाम सुनावे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मोहनलाल खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मोहनलाल खंडेलवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया मोहनलाल खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल माधव खंडेलवाल प्रिया खंडेलवाल उपमंत्री अनिल नारनौली सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### एसआर डीएवी, पुंदाग में स्वागत समारोह सह इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल ,पुंदाग में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह सह इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने शिक्षक , पूर्व विद्यार्थी तथा वर्तमान विद्यार्थियों के साथ मिलकर ज्ञान दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उन्होंने सभी विद्यार्थियों का औपचारिक स्वागत किया। मौके पर प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि अपने शिक्षकों के आदेश-निर्देश के अनुसार काम करने से तथा अनवरत परिश्रम करने से लक्ष्य की प्राप्ति में संदेह की गुंजाइश नहीं रहेगी। शिक्षक एवं अभिभावकों के सम्मिलित प्रयास,सहयोग तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत से हर सपना साकार हो सकता है। विद्यालय के संगीत शिक्षक के मार्गदर्शन में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य एवं बैंड था , जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के कुछ पूर्व विद्यार्थी भी उपस्थित थे, जो महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर विभिन्न महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान देकर समाज और देश की सेवा कर रहे हैं। इनमें से भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग अफसर पीयूष अनमोल तथा आईआईटियन निर्मल कुमार प्रमुख थे। साथ ही वर्ष 2025 की बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा के विद्यालय के तीनों टॉपर अभीप्सा हजारा,अनुष्का अधिकारी तथा अनुष्का देवघरिया ने भी उपस्थित होकर विद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इन सभी पूर्व विद्यार्थियों ने ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को भविष्य उज्ज्वल बनाने के उपाय भी बताए।

# योग से योग्य : सीसीएल की समावेशी और प्रेरणादायक पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर, जब संपूर्ण राष्ट्र और विश्व योगमय वातावरण से आह्लादित था, उस समय सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने योग के प्रचार-प्रसार के लिए समावेशी योग के तहत ऐसी पहलें कीं, जो न केवल अनूठी रहीं, बल्कि अत्यंत प्रेरणादायक भी साबित हुईं और जिसे काफी सराहा भी जा रहा है।

सीसीएल ने यह स्पष्ट किया कि योग मात्र व्यायाम नहीं, बल्कि यह एक जीवनशैली है, एक संस्कार, एक परंपरा और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है।

इस विचारधारा को सशक्त रूप देते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी निदेशकगण, सीवीओ, मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीणजन, हितधारकगण, महिलाएं और युवा, सभी ने योग दिवस की सुबह हजारों की संख्या में भाग लेकर एक सशक्त संदेश दिया।

पिपरवार के मैदान नंबर-4 में बैंगलोर से आए हुए श्री श्री योग के अंतरराष्ट्रीय निदेशक गिरिन गोविंद जी ने उपस्थित सभी को योग कराया और योग के महत्व एवं इसकी जीवनशैली में भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने सभी को योगाभ्यास कराया, रोज योग करने के लिए प्रेरित किया और इससे होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात उसी दिन अपराह्न सीसीएल मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर के संगम सभागार में एक भव्य योग व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में गिरिन गोविंद जी ने व्याख्यान में बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक शांति, भावनात्मक स्थिरता और सामाजिक सामंजस्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

इसके अलावा श्रृंखला की पहली कड़ी में सीसीएल की महिला अधिकारी पूजा प्रसाद (मैनेजर, सीएसआर-सीसीएल) और उनकी पुत्री गरिमा (4 वर्षीय) द्वारा प्रस्तुत वीडियो में यह संदेश दिया गया कि योग केवल स्वास्थ्य लाभ तक सीमित नहीं है बल्कि यह एक संस्कारिक परंपरा है, जो पीढ़ियों को जोड़ता है।

दूसरी कड़ी में हमने पिता और बेटी के प्रेम को भी योग के जरिए दर्शाने का प्रयास किया। श्री हिमालय (डिप्टी मैनेजर, एल एण्ड आर डिपार्टमेंट, सीसीएल) और उनकी 9 वर्षीय पुत्री आन्या कुमारी ने साथ योग कर यह दिखाया कि पिता-पुत्री की जोड़ी का योग संतुलन और समर्पण का है। तीसरी कड़ी में 'कोशिश' संस्था द्वारा संचालित एक केंद्र का दौरा किया, जहां हमने 'विशेष रूप से सक्षम' बच्चों के साथ योगाभ्यास कर उन्हें प्रोत्साहित किया। चौथी कड़ी में मृदांगिनी डांस ग्रुप की ओर से, सुश्री सुदीक्षा राय चौधरी के नेतृत्व में प्रस्तुत किया गया।

सीसीएल ने कपल योग की अनोखी पहल के तहत पांचवीं कड़ी में एक दंपति अधिकारी जो न सिर्फ जीवन साथी हैं, बल्कि अमित प्रकाश (सीनियर मैनेजर, सिविल) और उनकी पत्नी श्रीमती सुम्मी सिन्हा (सीनियर मैनेजर, सिविल) दोनों ही कोल इंडिया में कार्यरत हैं। उन्होंने योग के माध्यम से यह संदेश दिया कि योग रिश्तों में मधुरता और संतुलन लाता है। छठी कड़ी में केरल से आए स्नेहिल परिवार के सदस्यों के साथ भी योग किया। वहीं, योग दिवस की समावेशी पहल को और आगे बढ़ाते हुए, अनूठी पहल की सातवीं कड़ी में मिस यूनिवर्स झारखंड - सुश्री रिया तिर्की ने युवा खिलाड़ियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। यह आयोजन केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि आत्मबल, अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने का एक प्रेरणादायक क्षण बन गया।

# झारखंड सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली

- ध्वस्त विधि व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, लूट, हत्या चरम पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**खलारी।** खलारी भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू के तत्वधान में एकदिवसीय प्रखण्ड स्तरीय झारखंड सरकार की गिरती कानून व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, सरकारी योजनाओं की विफलता को लेकर आक्रोश रैली निकाला गया। इस आक्रोश रैली में मुख्य भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज बाजपेयी, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत रजक उपस्थित थे।

वही भाजपा नेताओ ने झारखंड सरकार की गिरती कानून व्यवस्था, आकंठ भ्रष्टाचार, सरकारी योजनाओं की विफलता पूरा प्रदेश ध्वस्त विधि व्यवस्था, लूट, हत्या, बलात्कार से कराह रहा है। जिससे अपना जिला भी अछूता नहीं है। लंबे चौड़े घोषणाओं का सपना दिखा कर फिर एकबार राज्य की सत्ता पर काबिज होने वाली हेमंत सरकार की नीति और नीयत में कोई बदलाव नहीं आया है।

राज्य सरकार के संरक्षण में खनिज संसाधनों की लूट, पंचायत से लेकर सचिवालय मंत्रालय तक लूट भ्रष्टाचार ने अपना पैर जमाया है। वह दूसरे कार्यकाल में और मजबूत हो रहा है। विधि व्यवस्था की हालत ऐसी कि कोई सुरक्षित नहीं। हत्या, लूट आम बात हो चुकी है। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे। बहन बेटियां घर से निकलने में भयभीत हैं। दुष्कर्म, सामूहिक की घटनाएं ध्वस्त विधि व्यवस्था को उजागर कर रहे। भाजपाइयों ने सरकार की कई विफलता व भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर सरकार पर खूब बरसे और चेताया।

### भाजपा ने की मांग

विधि व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए आम जन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। अपराध वाले थाना क्षेत्र में थानेदार को जिम्मेवार ठहराया जाए।धान क्रय का किसानों के बकाए का भुगतान अविलब किया जाए व किसानो के साथ कालाबाजारी बंद किया जाय। जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि बनवाने की प्रकिया भ्रष्टाचार और बिचौलिया मुक्त हो। समय सीमा के भीतर प्रमाणपत्र बनाना सुनिश्चित किया जाए।अस्पतालों में दवाई, ऑक्सीजन एम्बुलेंस और टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों को चिन्हित कर उसे राज्य से बाहर भेजना सुनिश्चित किया जाए।

## नशा मुक्त अभियान चलाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो/मांडर।** थाना क्षेत्र मे मंगलवार को नशा मुक्त अभियान चलाया। इस अवसर पर डीएसपी खलारी के नेतृत्व में चान्हो थाना क्षेत्र के सोनचिपी स्थित टाना भगत आवासीय विद्यालय में छात्रों एवं शिक्षक गानों के बीच नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे लोगो को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बतलाया गया साथ ही यह प्रतिज्ञा दिलाया गया कि हम लोग किसी प्रकार का नशा का सेवन नहीं करेंगे और ग्राम समाज में जाकर लोगों को भी इस बारे में जागरूक करेंगे। वही मंडल थाना क्षेत्र के नगर गांव में थाना प्रभारी राहुल के नेतृत्व में के नेतृत्व में पूरे गांव पर नशा मुक्ति को लेकर रैली निकाली गई जिस रैली में गांव के मुखिया के साथ साथ दर्जनों महिला पुरुष शामिल हुए जिन्होंने हाँथ में पोस्टर बैनर लेकर घूम घूम कर लोगों को जागरूक किया तथा नशा पान से होने वाली नुकसान को बताया गया। पुलिस के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिस्से नशा मुक्त समाज का निर्माण हो।

## एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण में अनिमियतता मिट्टी खेत में बही, किसान की बढ़ी परेशानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुलिया से बहकर किसान के खेत में गया मिट्टी।

**ओरमांझी।** भारतमाला परियोजना के तहत ओरमांझी में हो रहे एक्सप्रेस-वे सड़क में घटिया निर्माण की पोल मानसून की वर्षा से खुलती जा रही है। ओरमांझी क्षेत्र में सड़क व पुलिया निर्माण कर रहे पीआरए इंडिया व विभिगीय इंजीनियर की लापरवाही से निर्माण स्थल व पुलिया की मिट्टी बहकर किसानों के खेत में जा रही है। इससे किसानों का धान की खेती करना मुश्किल हो रही है। इससे पूर्व भी ओरमांझी के पालू स्थित लापरवाही पूर्ण डंप किए गए मिट्टी दर्जनों किसान के खेत में चली गई थी। जिसके खिलाफ किसानों व ग्रामीणों द्वारा आंदोलन कर, निर्माण कार्य रोक दिया गया था। अब नया मामला चाडु गांव का है। जहां मिट्टी बहकर किसानों में जा रहे हैं। गांव के किसान शैलेंद्र कुमार महतो ने बताया, परियोजना के लिए अधिगृहत की गई भूमि का मुआवजा भी नही मिला, और अब बचे हुए खेत में मिट्टी भर जाने से धान की खेती करना भी मुश्किल हो गई है। बताया इस संबंध में सुनने वाला कोई नही हैं।

किसान द्वारा डीसी को आवेदन देकर मुआवजा जल्द भुगतान करने की मांग की गई है। वहीं स्थानीय प्रशासन से भी खेत की मिट्टी जल्द हटवाने की भी मांग किया गया है।

## इटकी प्रखंड मुख्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


धरना प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता व अन्य।

**इटकी।** प्रदेश भाजपा द्वारा घोषित प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भाजपा इटकी मंडल ने इटकी प्रखंड मुख्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता रामनारायण भगत ने झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था, बिजली-पानी की लचर स्थिति, अवैध बालू, पत्थर और कोयला के कारोबार तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह निकम्मी साबित हुई है। प्रखंड अंचल में बिना घूस के कोई काम नहीं होता, भूमाफियाओं का दबदबा है, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। बालू की कीमत आसमान छू रही है। आम जनता परेशान हाल में है। यदि सरकार ने समय रहते सुधार नहीं किया तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने की काम करेगी। वहीं कार्यक्रम प्रभारी रणधीर चौधरी ने कहा कि हेमंत राज में हर क्षेत्र में लूट मची है। युवाओं को नौकरी के लिए भटकना पड़ रहा है, वृद्धा पेंशन और मईया सम्मान योजना का लाभ चुनिंदा लोगों को दिया जा रहा है। जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में विद्यार्थियों को अंचल कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इससे पूर्व दर्जनों कार्यकर्ता साहेब मोड़ से पद यात्रा कर सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल बीडीओ प्रवीण कुमार को मांग पत्र सौंपा। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, कृष्णा राम तिवारी, मोहित गोप, पवन गोप, संजय महतो, शशि तिर्की सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जेएलकेएम नेताओं ने मांडू विधायक का पूतला फूंका



**अनगड़ा।** आजसू पार्टी के मांडू विधायक तिवारी महतो के द्वारा जेएलकेएम विधायक जयराम महतो के विरुध अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल मीडीया वालों के समक्ष किए जाने से आक्रोशित जेएलकेएम नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जेएलकेएम उपाध्यक्ष मार्शल महतो के नेतृत्व में मंगलवार को गोन्दली पोखर चौक में विधायक तिवारी महतो का पूतल दहन किया। इससे पूर्व नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जुलुस भी निकाला और तिवारी महतो मुर्दा बाद हाय हाय के नारे लगाए। पुतला दहन में जेएलकेएम के केन्द्रीय संगठन महासचिव सूरज नरायण महतो केन्द्रीय सचिव श्रवण महतो खिजरी के पूर्व प्रत्याशी समुन्द्र पहान प्रखंड सचिव मंटु कुमार ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष रमा महतो रामपोदो महतो फुलेन्द्र करमाली रामसेवक रूपेश रमेश संजीव विजय आनंद गौतम चौधरी गजेन्द्र आदि मौजूद थे।

## खरीफ फसल पर एकदिनी कार्यशाला का आयोजन

- योजनाओं की दी गयी जानकारी
- किसानों के बीच बंटा धान बीज

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बीज का वितरण करते अतिथि।

**रातू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को खरीफ फसल पर एकदिनी कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख संगीता तिर्की, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी व पंचायत प्रतिनिधि बतौर अतिथि थे। इस दौरान कृषि विशेषज्ञ बलराम कुमार ने रोपनी के लिये खेत की तैयारी, मिट्टी जांच, केसीसी, बीज के प्रभेद का चयन, प्राकृतिक खेती, ड्रीप एरिगेशन, प्रत्यर्पण व अन्य योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ एसके चौरसिया ने भी अपनी बातें रखी। इसके उपरांत, अतिथियों ने चितरकोटा के 12 किसानों को श्रीविधि से खेती के लिये धान बीज प्रभेद 3701 व 25 को मडुआ तथा परहेपाट के चयनित कृषकों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत बीज का वितरण किया। संचालन बीटीएम मुन्नी कुजूर ने किया। मौके पर बीएओ, जनसेवक, लाभुक कृषक व ग्रामीण आदि मौजूद थे।

## अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय बना चैंपियन



**राहे।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डोमनडीह स्कूल मैदान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधिवत रूप में बीडीओ अशोक कुमार ने किया। प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ष वर्ग में बालक वर्ग से हाई स्कूल राहे तथा बालिका वर्ग से झारखंड बालिका विद्यालय राहे की टीम विजयी रहा। अंडर 15 वर्ष वर्ग बालक वर्ग से उत्क्रमित हाई स्कूल नावाडीह की टीम विजयी रहा। प्रखंड स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कन्या मिडिल स्कूल की टीम ओर बालिका वर्ग से मिडिल स्कूल राहे की टीम विजयी रहा। विजेता टीम को बीपीओ प्रवीण कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शारीरिक शिक्षक मौजूद थे।

## राजकिले में रथयात्रा की तैयारी को लेकर पूर्ण बैठक आयोजित

# ड्रोन कैमरे से होगी मेले की निगहबानी : माधुरी मंजरी

- सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध
- डेढ़ सौ रहेंगे स्वयंसेवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


थानेदार से मंत्रणा करतीं राजकुमारी।

**रातू।** राजकिले की राजकुमारी माधुरी मंजरी ने कहा कि जगरनाथ मंदिर समेत दर्जनभर चिन्हित स्थानों में सीसीटीवी लगाये जायेंगे। वहीं, ड्रोन कैमरे से मेले की निगहबानी की जायेगी। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किये जायेंगे। इसके अलावा करीब डेढ़ सौ स्वयंसेवक मेले में मुस्तैद रहेंगे। ताकि, मेलार्थी, खास कर महिलाओं को कोई परेशानी न हो। वह मंगलवार को रथयात्रा और मेले की तैयारी को लेकर किला सभागार में आयोजित पूर्ण बैठक में बोल रहीं थीं। बैठक में विद्युत चालित झूला संचालक, दुकानदार, स्वयंसेवक व शांति समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। राजकुमारी कल्पना देवी मंजरी ने वॉलंटियर्स की संख्या बढ़ाने पर जोर देते हुये कहा कि पुलिस पदाधिकारी, जवान व वॉलंटियर्स के लिये नाश्ते और भोजन की व्यवस्था रहेगी। संचालन पृथ्वीनाथ शाहदेव ने किया।

### सुबह 6 बजे होगी ब्रीफिंग

थानेदार आरएन सिंह ने झूला मालिक, दुकानदार व वॉलंटियर्स से संवाद कर उन्हें विभागीय तथा पर्सनल मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर मेले के दौरान संपर्क में रहने की अपील की। श्री सिंह ने झूला संचालकों से दस की संख्या में वैसे युवकों को झूले की चारों दिशा की सतत निगरानी के लिये तैनात रखने व 27 की सुबह 6 बजे ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित रहने का निर्देश दिया।

### बैठक में थे शामिल

दामोदर नाथ मिश्र, अतुल राज, महावीर सिंह, प्रिंस तिवारी, रामधीर तिवारी, हजारी प्रसाद, अनिल ठाकुर, संतोष सूत्रधार, बैजनाथ साहू, बैजू सोनी, सुभाष कुमार, अंकित साहू, राजू, बिक्की, बिनोद, संदीप, राजेश, सुब्रतो, दीपक, सागर, गोपाल, राहुल, सौरव, गोलू, सचिन, विशाल, नितेश, अंशु व प्रशांत कुमार आदि।


## AFFIDAVIT

Series No 23-24 V1.. 25267

**I**, Md Murtaza Ansari, S/O Nazir Mohammad, Resident Of Millat Colony, Mani Tola, Hinoo, Doranda, P.O+ P.S -Doranda, District- Ranchi (Jharkhand)- 834002 do hereby solemnly affirm and declares as follows:-

**1.**That I am Indian Citizen by birth and resident and above said mentioned address

**2.**That correct name of my son is ABDUL RAQUIB, which has been mentioned in his Birth Certificate vide Reg. No. B-2020: 20-90032-008934 dated 10-09-2020 issued From Ranchi Municipal Corporation, Ranchi.

**3.**That in his Adhar Card vide Adhar Card No, is 23 60 38 46 4604 in which his name has written as Bbdul Raquib which is not Correct as spelling mistake in his name.

**4.**That I have to correction my said Son's correct name as ABDUL RAQUIB in place of Bbdul Raquib in his Adhar Card from the concerning authority for needful purpose.

Ref No.577
Date.16 Jun 2025

## BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

O.A. No. 250 of 2024

BETWEEN

BANK OF INDIA, SILLI BR, RANCHI ....APPLICANT BANK

VS

MULTICHOICE CEMENT AND STEEL & ANOTHER ....DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | MULTICHOICE CEMENT AND STEEL PROP. SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | AT-GONDLIPOKHAR, P.O. & P.S. - ANGARA, DIST.-RANCHI 835102 |
| 2. | SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | R/O VILLAGE PALASHDIH GORADIH, P.O. & P.S. - SILLI, DIST.-RANCHI 834002 |
| 3. | SANTOSH KUMAR MAHTO S/O HUKUM NATH MAHTO | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of Rs. 22,36,902.00/- (Rupees Twenty Two Lakhs Thirty Six Thousand Nine Hundred Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs. The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before Registrar in on 10th day of July, 2025 at 10.30 A.M. as to why the reliefs prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and seal of this Tribunal on this the 19th day of May, 2025.

REGISTRAR

## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-05, दिनांक: 20.06.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल में अनबैलास्टेड डेक ब्रिज में एंटी-स्किड स्टेनलेस स्टील चेकर्ड प्लेट की आपूर्ति एवं फिक्स करना। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,74,21,051.72। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,87,100। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-25-26-006, दिनांक: 20.06.2025। कार्य का नाम :** एडीईएन/राउरकेला के अधीन राउरकेला पश्चिम यार्ड पर वर्तमान कॉलोनी एफओबी की मरम्मत (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 40,41,198.90। **बयाना राशि:** ₹ 80,800। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 14.07.2025 (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-307)

## झारखण्ड सरकार
### ऊर्जा विभाग, विद्युत निरीक्षणालय, राँची
### सूचना

जगन्नाथपुर रथ यात्रा महोत्सव–2025 के अवसर पर पण्डालों में अस्थायी विधुतीकरण कार्य करने वाले आयोजकों/दुकानदारों कृपया निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें :–

1. केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सुरक्षा तथा विद्युत आपूर्ति संबंधी उपाय) विनियम 2010 के प्रावधानों के तहत सुरक्षात्मक उपायों के अनुसार अस्थायी विद्युतीकरण का कार्य सुनिश्चत करें।
2. झारखण्ड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की अनुमति एवं विद्युतभार स्वीकृति के उपरान्त ही पण्डालों में विद्युतीकरण का कार्य करें।
3. पण्डालों में अर्थिंग की समुचित व्यवस्था करें। प्रत्येक पण्डाल में कम से कम दो अर्थिंग का निमार्ण कराना आवश्यक हैं। सभी विद्युत उपकरणों एंव धातुनिर्मित स्ट्रक्चरों को भूयोजित आवश्य ही करायें।
4. विद्युत नियंत्रण कक्ष/पैनल ऐसे जगह में बनाया जाय जहाँ श्रद्धालुओं की भीड़ न हो एंव विद्युतकर्मी असानी से आ जा सकें। साथ ही विद्युत नियंत्रण कक्ष का बोर्ड प्रदंशित कर घेराव करें।
5. जेनरेटर का अधिष्ठापन नियमानुसार करें, उचित क्षमता के मेन स्वीच एंव चेन्ज ओवर स्वीच का व्यवहार अवश्य करें एवं विद्युत जनित्रों में समुचित अर्थिंग की व्यवस्था करें।
6. लोड के अनुरूप ही तारों/केबुल का उचित साईज व्यवहार करें किसी भी हाल में Under size तार / Cable व्यवहार में नहीं लायें।
7. थ्री पिन प्लग एवं सॉकेट का उपयोग करें।
8. स्वीच बोर्ड एवं तार को बच्चों की पहुँच से दूर रखें एवं रोड के किनारे गुजर रहे एल0टी0 तार से हुक फसा के सर्विस लाईन लेना उचित नहीं है, कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है।
9. विद्युत नियंत्रण कक्ष में रबर मेट, अग्निशामक यंत्र, सूखे बालू से भरी बाल्टी, शॉक ट्रिटमेंट चार्ट, खतरे की मानक तख्ती एवं रबर हैन्ड ग्लब रखना अनिर्वाय हैं।
10. कटे–छटे तार प्रयोग न करें। अतिआवश्यक होने पर तारों के जोड़ को इन्सूलेटिंग टेप से भली–भाँति लपेट दें।
11. कट–आउट फयुज में सही साईज का फयुज तार लगावें।
12. पण्डाल में विद्युतीकरण कार्य हेतु केवल ISI marked विद्युत उपकरण/सामाग्री ही व्यवहार किया जाय।
13. रोड कॉसिंग की अवस्था में तारों को G.I Bearer वायर के साथ समुचित उचाँई से ले जायें ताकि वाहनों के लिए अवरोध का कारण न बन सके या सम्भव हो तो रोड कॉसिंग भूमिगत केबुल से किया जाय।

ख्याल रहे बिजली का सही इस्तेमाल " जीवनदायिनी " और गलत " प्राणघातक"
व्यापक जनहित में विद्युत निरीक्षणालय, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा प्रचारित–प्रसारित।

(प्रफुल्ल कुमार गुप्ता)
विद्युत निरीक्षक,
विद्युत निरीक्षणालय,राँची।

PR 355822 Energy(25-26)D

## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा

### रोजगार मेला संबंधी सूचना (रोजगार मेला की तिथि–26.06.2025)

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा के द्वारा दिनांक–26.06.2025 को जिला नियोजनालय परिसर, सिमडेगा में पूर्वाहन 11.00 बजे से 04.00 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें निम्न निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जिनकी रिक्तियाँ निम्नलिखित है :–

| Sl. No. | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Experience if any | Salary | Age | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Premsons Moter Udyog Pvt. Ltd. Ranchi | Sales Executive | 4 | Inter/Graduation | 06 Months | 17000 | 21-40 | Simdega |
| 2. | Ask HR Solutions Pvt. Ltd. | Associate | 200 | 10th/12th | No | 20168 | 18-35 | Narasapura Near Bengaluru |
| | | M/c Operator | 200 | ITI | No | 21771 | 18-35 | Narasapura Near Bengaluru |
| | | M/c Operator | 100 | Diploma | No | 23085 | 18-35 | Narasapura Near Bengaluru |
| 3. | Seva sahyog Securities and Facility Management Pvt. Ltd. Jamshedpur | Security Guard | 150 | 10th | No | 10000-18000 | 18-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Supervisor | 10 | Graduation | 1 year | 15000-20000 | 22-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Area Manager | 2 | Graduation | 5 years | 20000-25000 | 18-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Security Officer | 5 | Graduation | 5 years | 25000-35000 | 35-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Field Officer | 3 | Graduation | 5 years/ Computer | 15000-25000 | 25-45 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| | | Marketing Executive | 5 | MBA From Marketing | 5 years/ Computer | 16000-25000 | 30-55 | Jharkhand, West Bengal, Orissa |
| 4. | LIC of India, Simdega | Bima Sakhi (Ladies only) | 50 | 10th | No | 7000 | 18+ | Simdega |
| | | Advisor | 25 | 10th | No | Commission Basis | 18+ | Simdega |
| 5. | 24x7 Security Services Jamshedpur | Security Guard | 210 | 10th | No | 10000-20000 | 18-42 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Security Suvervisor | 43 | Graduation | 2 years | 12000-22500 | 18-45 | Jharkhand/ Orissa |
| 6. | Maett Skills Ranchi | District Manager | 1 | Graduation | 2 years | 25000 | 18+ | All Jharkhand/ |
| | | Block coordinator | 10 | 12th | No | 20000 | 18+ | All Jharkhand/ |
| | | Mobiliser | 20 | 10th | No | 18000 | 18+ | All Jharkhand/ |
| | | SMO Trainee | 100 | 5th | No | 13000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| | | Computer Trainee | 50 | 10th | No | 14000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| | | GDA Trainee | 60 | 10th | No | 10000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| | | Electrician Trainee | 60 | 10th | No | 14000 | 18-28 | All Jharkhand/ |
| 7. | Ranchi Security Pvt. Ltd. | Project Manager | 2 | MBA | 5 years | 35000-40000 | 30-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Restaurant Manager | 2 | Graduation (Hotel Management) | 5 years | 30000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Central Manager | 5 | Graduation | 5 years | 20000-25000 | 30-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Operation Manager | 5 | Graduation | 5 years | 20000-25000 | 30-50 | Jharkhand/Orissa |
| | | Placement Manager | 5 | Graduation | 3 years | 20000-25000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Manager Admin | 5 | Graduation | 1 year | 20000-25000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Account | 2 | B.Com | 3 years | 15000-22000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | MIS | 25 | Graduation | 3 years | 15000-18000 | 18-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Trainer | 30 | Graduation/ Ex-Serviceman | No | 15000-18000 | 30-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Mobilizer | 25 | 12th | NO | 15000-20000 | 18-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Store Keeper | 4 | 10th | No | 10000-15000 | 20-40 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Warden (Male and Female) | 5 | 10th | No | 10000-15000 | 20-40 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Driver | 10 | 10th | Driving Licence | 10000-15000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Cook | 5 | 8th | No | 10000-15000 | 25-50 | Jharkhand/ Orissa |
| | | Security Guard | 100 | Metric/Trained | 5 years | 9000-11000 | 18-35 | Jharkhand/ Orissa |
| 8. | 2050 Health Care Odisha | GDA/HHA | 500 | 12th | No | 10000-12000 | 18-30 | Pan India |
| 9. | Distil Belrise Industries Limited India | NAPS Trainee | 300 | 10th /ITI | No | 18000-22000 | 18-26 | Pan India |
| 10. | QUESS Corp Ltd. (Tata Moors) | NAPS Trainee | 1000 | 12th /ITI | No | 11951 | 18-23 | Utarakhand |

नोट :–रोजगार मेला में भाग लेने के योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि पूर्व में निबंधित न हो तो रोजगार मेला के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रूप से करा लें, या नियोजनालय के अधिकृत वेबसाईट- https://rojgar.jharkhand.gov.in पर जाकर स्वंय कर सकते हैं। रोजगार मेला के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। साथ ही नियोजक/नियोजक प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी छाया प्रति तथा बायोडाटा दो कॉपी दो पासपोर्ट साईज फॉटो के साथ एवं आधार कार्ड, स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित होंगे। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य किया जा रहा हैं। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी
सिमडेगा।

PR.NO.355840 Simdega(25-26):D

# आपातकाल के 50 साल

इंदिरा गांधी के जिस इमरजेंसी निजाम के अब पचास साल हो रहे हैं, उसकी एक प्रमुख निशानी बेशक उन कुख्यात इक्कीस महीनों में प्रेस का दमन और उसकी स्वतंत्रता का छीना जाना थी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में संभवतः पहली बार और अब तक अंतिम बार भी, बाकायदा एक सेंसरशिप तंत्र खड़ा किया गया था, जिसका काम हर छपने वाले शब्द को छपने से पहले जांचना था, ताकि तमाम प्रकाशित सामग्री का शासन की इच्छा के अनुकूल होना सुनिश्चित किया जा सके। याद रहे कि यह वह जमाना था जब जन माध्यम या मास मीडिया का दायरा, पत्र-पत्रिकाओं तक ही सीमित था। रेडियो जरूर तब तक एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका था, लेकिन वह पूरी तरह से शासन के नियंत्रण में था और एकदम शुरूआती दौर का टीवी भी। सिनेमा जरूर एक और स्वतंत्र माध्यम था और सभी जानते हैं कि इमरजेंसी के दौरान उसे भी नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की गयी थी। यह सब, खासतौर पर अपने तौर-तरीके में, देश के लिए तब तक पूरी तरह से अपरिचित ही था। की तस्वीर है। लेकिन, यह सोचना सही नहीं होगा कि इमरजेंसी के दौर में प्रेस जो कर रही थी, उसकी यह प्रतिनिधि तस्वीर थी। बेशक, इमरजेंसी में प्रेस की स्वतंत्रता पर भीषण हमला हुआ था। इमरजेंसी के दौरान बेशक, पत्र-पत्रिकाओं में क्या छप सकता है, उसे बाकायदा सेंसर किया जा रहा था। खाली छोड़ा जाना या काले रंग से रंगकर प्रस्तुत किए जाना, प्रतिरोध की एक शानदार कहानी कहता था। इसके और प्रखर हिस्से के तौर पर अनेक अखबारों तथा पत्रिकाओं ने, शुरू के दिनों में पूरे-पूरे पन्ने खाली या काले कर के छोड़ दिए थे। आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के एक काले धब्बे की तरह है जिसने आवाम के अधिकार को ध्वस्त किया था और लोकतंत्र पर हमला कर उसे खंडित भी।




**मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6**

**मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6**

**सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7**

**वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7**

**मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9**

**मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# मां की शक्ति, बच्चों का भविष्य: योग से बदलता परिदृश्य

चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि – मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, और योग इसकी कुंजी है।

योग की जन्मस्थली भारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिए एक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकार किया जाता है। भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है- योगः कर्मसु कौशल, अर्थात योग कर्मों में कौशल है।

भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट संदेश है कि- सच्चा योग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वक निभाते हैं।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं।माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्ध करता है।इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम,एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व है ' जो कि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी इस बात पर जोर दिया है कि योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है – आप इसे अकेले, समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं। जैसे-जैसे हमारा राष्ट्र विकसित भारत बनने की दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए।

भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है, और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की



इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है।

योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टि से अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवं हड्डियों को



\- अन्नपूर्णा देवी

**हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं।**

मजबूत बनाता है।

विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है। योग को अपनाकर महिलाएँ गर्भावस्था से पूर्व और बाद के परिवर्तनशील समय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं । प्रसव पूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है, और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मक सहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और माँ-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है।

महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9% तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं।

योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे- आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटर और बाल देखभाल संस्थान आदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेष योग मॉड्यूल्स लागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं।

वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में, महिलाएँ हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आईटी से लेकर अंतरिक्ष तक और नीति निर्माण से लेकर सामरिक रक्षा तक, महिलाएँ नई अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं।

हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का नेतृत्व इसका जीवंत उदाहरण हैं। यह स्पष्ट है कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ असाधारण परिवर्तनकारी शक्ति बन सकती हैं-और योग उनकी इस अपार क्षमता का आधार है।

योग के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। महिला और बाल विकास की अपनी नीतियों में योग को सक्रिय रूप से शामिल करके, हम अपनी सांस्कृतिक संप्रभुता पर जोर दे रहे हैं । योग को केवल एक अभ्यास के रूप में नहीं बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक सहभागी अभियान, एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए

( केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री )

## लेटर टू एडिटर

### प्लास्टिक प्रदूषण

प्लास्टिक और पॉलीथीन के बढ़ते उपयोग से स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर प्रभावों को उजागर किया गया है। प्लास्टिक के छोटे कण फेफड़ों में जाकर कैंसर जैसी बीमारियां पैदा करते हैं, जबकि पॉलीथीन सीवरेज सिस्टम को अवरुद्ध करता है। तमिलनाडु में सबसे अधिक प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पुराने कपड़ों के थैले और बायोप्लास्टिक को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

**– रंजीत कुमार, रांची**

### नकारात्मक संदेश

इन दिनों सोशल मीडिया पर रील बनाना बहुत लोकप्रिय हो गया है, जिसे पहले टिकटॉक कहा जाता था। रचनात्मक, सामाजिक या धार्मिक विषयों पर बनाई गई रीलें सभी को पसंद आती हैं। लेकिन खतरनाक स्टंट, नशीले पदार्थ या हथियारों के साथ रीलें नकारात्मक संदेश देती हैं। युवाओं को ऐसी आदतों से बचना चाहिए क्योंकि यह जीवन और परिवार के लिए खतरा है।

**– मनमोहन, हजारीबाग**

### टूटता विश्वास

**बिल्कुल** सही है कि अधिकांश न्यूज चैनल बिना आधार के विश्लेषण कर सत्ता के पक्ष में माहौल बनाते हैं और बदले में सरकारी विज्ञापन पाते हैं। **– रविकांत सिंह, रांची**

## X ट्वीट

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

**– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

# नहीं भुलाया जा सकता आपातकाल

यादें



**- डॉ कौशल कांत मिश्रा**

(लेखक देश के प्रसिद्ध डॉक्टर एवं भाजपा के नेशनल मीडिया पैनलिस्ट है )

इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल को 50 वर्ष होने को है लेकिन आज भी लोकतंत्र के उस काले अध्याय को याद करना आवश्यक है। स्वातंत्र के बाद से ही देश को अपनी जागौर मात्र समझने वाला गांधी परिवार अपने आप संविधान से भी ऊपर समझता आया है। 50 वर्ष बाद भी आपातकाल प्रासंगिक है क्योंकि विपक्षी दल आज भी उसी मानसिकता का शिकार है। भारतीय लोकतंत्र पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा किए गए सबसे बड़े आघात को इसलिए याद रखना भी आवश्यक है क्योंकि इसके पीछे के विचार की छाप आज भी कांग्रेस हाइकमान और कांग्रेस शासित सरकारों के निर्णयों में दिखाई देती है।

केन्द्र में सत्तारूढ़ दल पर संविधान को खतरे में डालने के आरोप लगाने वाली कांग्रेस खुद संविधान की हत्या की सबसे बड़ी दोषी है। अगर कांग्रेस संविधान के लिए इतनी प्रतिबद्ध है तो तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल लगाया था और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया। आज को पीढ़ी को यह पता होना चाहिए कि आपातकाल के दौरान, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विभिन्न राजनैतिक विरोधियों, समाजसेवी और पत्रकारों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था। राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान जिन नेताओं को जेल भेजा गया था उनमें जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, राजनाथ सिंह, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, चन्द्रशेखर, आचार्य कृपलानी, मुलायम सिंह यादव, जॉर्ज फनार्डीस, चरण सिंह और लालू यादव जैसे नेता प्रमुख थे। पूरे विपक्ष को एक तरफा जेल में डाल देना आखिर किस तरह संविधानसंगत था, इसका जवाब कांग्रेस आज तक नहीं दे पाई है।

ब्रिटिश लेखक वी एस नॉयपॉल ने अपनी किताब वी एस नायपॉल ने अपनी किताब इंडियाः



ए वाउंडेड सिविलाइजेशन में आपातकाल के संदर्भ में लिखा है कि ₹भारत एक लंबे समय से दोहरी सच्चाई के साथ जी रहा था, एक और आजाद भारत की गूंजती आवाजे थी तो दूसरी ओर अब भी अस्वतंत्र, सत्ता का गुलामी झेलता एक असगठित समाज। आपातकाल ने उस छिपी हुई दूसरी और असहज सच्चाई को सामने ला दिया।₹ यह वक्तव्य बखूबी स्पष्ट करता है कि इंदिरा गांधी का शासन काल देश में लोकतंत्र की आड़ में तानाशाही का इस्तकबाल बुलंद कर रहा था और जब सत्ता के लोभ पर चोट पड़ी तो इंदिरा ने आपातकाल को तलवार से लोकतंत्र की चादर को फाड़ अपनी तानाशाही मानसिकता को विश्व के सामने रख दिया। बकौल नायपॉल आपातकाल दरअसल इस बात की खुली घोषणा थी कि देश की संस्थाएं चरमरा चुकी हैं, कानून मौन, संसद दिशाहीन और प्रेस निशब्द है। लोकतंत्र का जो ढांचा वर्षों से खड़ा किया गया था, वह एक झटके में अतीत की मनमानी और निरंकुशता की ओर लौटता हुआ दिखाई दिया। यह कोई अस्थायी राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि हमारे गणराज्य की आत्मा पर एक गहरी चोट थी।

कांग्रेस ने लगातार कई बार देश की आत्मा पर ऐसी चोट की है। कांग्रेस की केन्द्र सरकारों ने आर्टिकल 356 का प्रयोग कर 93 बार राज्य की चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया है। जब भी कोई आवाज कांग्रेस के खिलाफ उठती है तो कांग्रेस का चरित्र को उसको दबाने का ही रहा है। लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रही कांग्रेस ने औपचारिक आपातकाल तो एक बार लगाया लेकिन कांग्रेस शासन ने लंबे समय तक अनौपचारिक आपातकाल झेला है। ऐसे कई प्रकरण हालिया वर्षों में ही नजर आते हैं जब कांग्रेस ने उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को न सिर्फ दबा दिया बल्कि सरेआम लोकतंत्र की हत्या कर दी। यूपीए सरकार में सीबीआई को पिंजरे का तोता कहा जाता था, यह कांग्रेस के तानाशाही रवैये का उदाहरण ही था। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जे किए और जब अब विपक्ष में भी है तो संवैधानिक संस्थाओं के निर्णयों की अवहेलना करती है और उनका अपमान करती है। संवैधानिक पर्दो पर बैठे लोगों का अपमान भी कांग्रेस के चरित्र का ही एक हिस्सा है। विपक्ष में तो दूर की बात सत्ता में रहते हुए भी कांग्रेस ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का वर्षों तक अपमान किया था। एक दूरदर्शी और वैश्विक रूप से प्रख्यात अर्थशास्त्री को प्रधानमंत्री तो बनाया लेकिन उसके ऊपर एक प्रधानमंत्री सलाहकार समिति बनाकर उसे एक मोहरा मात्र बना दिया। गांधी परिवार पर सत्ता का नशा इस कदर छा गया था कि न उन्हें इस लोकतंत्र की गरिमा का ख्याल रहा और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों का कोई डर। गांधी परिवार अपनी जागीर समझने वाली सामंती सोच से बाहर आ ही नहीं पाया।

जिस तरह इंदिरा गांधी ने मैं ही देश हूं की भावना से लोकतंत्र को कुचल दिया था, वैसे ही आज भी कांग्रेस नेतृत्व, विशेष रूप से गांधी परिवार, संगठन और राष्ट्र को अपने निजी हितों के अधीन देखना चाहता है। लोकसभा चुनावों में बार-बार जनता द्वारा नकारे जाने के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व आत्ममंथन के बजाय लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दोषारोपण करता है। कांग्रेस शासित राज्यों में आज भी हम वही तानाशाही चरित्र देख रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में प्रेस को धमकाया गया और कर्नाटक में भ्रष्टाचार के आरोपों को दबाने के लिए पुलिस का दुरुपयोग किया गया। यह सब उस विचारधारा का विस्तार है जो आपातकाल के दौरान अंकुरित हुई थी, कि सता एक विशेष परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार है और कोई भी असहमति देशद्रोह मानी जाएगी।

पिछले वर्ष आपातकाल की वर्षगांठ पर जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मौन प्रस्ताव लेकर आए, तो कांग्रेस उसके विरुद्ध खड़ी हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस के इस कदम से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है और यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम की निंदा तक नहीं की जानी चाहिए।

आपातकाल की बात केवल इतिहास की गलियों में गुम होने वाली घटना नहीं है। यह एक चेतावनी है, एक जीवित स्मृति है कि जब संस्थाएं कमजोर और जनता मौन होती है, तो कैसे एक चुनी हुई सरकार भी लोकतंत्र को कुचल सकती है। इस स्मृति को जीवित रखा जाना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियां जान सके कि लोकतंत्र स्वतः नहीं बचता, उसे हर दिन पुनः अर्जित करना होता है। ताकि जब कोई राजनीतिक दल, कोई नेता या कोई परिवार संविधान से ऊपर उठने की कोशिश करे, तो जनता एक स्वर में कह सके नहीं, हम वह भूल नहीं सकते!

## स्पीड न्यूज

### कुजू पुलिस ने पब्लिक हाई स्कूल में नशा के खिलाफ चलाया अभियान

**कुजू।** डटमा मोड़ स्थित पब्लिक हाई स्कूल में कुजू पुलिस ने जागरूकताता अभियान चलाया । ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बच्चों व शिक्षकों को एनडीपीएस एक्ट , गिरफ़्तारी में जनता का अधिकार एव साइबर क्राइम सहित विभिन्न बिन्दुओं पर बताते हुए जागरूक किया। साथ ही नशा से बचने का उपाय भी बताया गया। बाद में नशा न करने का भी शपथ लिया गया। मौके पर ओपी प्रभारी ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम होने से बच्चों को भविष्य में इन सब चीजों से बचाया जा सकता है। मौके पर प्रचार्या गीतांजलि कुमारी, बीना कुमारी, मरियानी सोरेन, अर्चना सिंह , नूतन कुमारी, त्रिवास शर्मा, बीएड के प्रशिक्षु शिक्षक राजवीर कुमार, सुनीता कुमारी, जितेंद्र कुमार, अंजन ठाकुर, सहित बच्चे शामिल थे।

### तमन्ना को डीसी ने किया सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर रामगढ़ उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज द्वारा सोमवार को जिले की उभरती हुई खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि रामगढ़ जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे भी ऐसे ही प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। जिले की बेटी तमन्ना की इस उपलब्धि से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है और सबको उम्मीद है कि वह भविष्य में देश के लिए भी मेडल जीतेंगी। भदनीनगर क्षेत्र अंतर्गत चोरधरा पंचायत के लपंगा निवासी शेखर वर्मा एवं रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने अपनी कठिन परिश्रम से तीरंदाजी में कई मेडल जीतकर जिले और राज्य का गौरव बढ़ाया है।

### मुहर्रम लेकर पुलिस ने की बैठक



कुजू। मुहर्रम को लेकर कुजू पुलिस ने ओपी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जाकर लाइसेंस धारियों, सदर खलीफा तथा ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने क्षेत्र के करमा, जमुआ, कच्चाडाड़ी, रतवे एंव बरकट्ठी में जाकर लाइसेंस धारियों, सदर खलीफा व ग्रामीणों से मिलकर पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्देश दिया। जुलुस मार्गो का भी भौतिक रूप से सत्यापन किया गया। उन्होंने कहा कि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मने ये हमारी जिम्मेवारी है। मौके पर सब इंस्पेक्टर मो अख्तर अली व ग्रामीण शामिल थे।

### बंधन बैंक ने खोलीं 18 नई शाखाएँ

हजारीबाग। बंधन बैंक ने झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 18 नई शाखाएं खोली। इनमें से 10 शाखाएँ विशेष रूप से झारखंड और बिहार के ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोली गई हैं। बैंक के एमडी व सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि देश के अंतिम व्यक्ति तक सरल, भरोसेमंद और आधुनिक बैंकिंग सेवा पहुँचे। बंधन बैंक की यह पहल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगी। अब खाताधारक पास की शाखा में ही खाता खुलवाने, ऋण लेने, बीमा आदि की सुविधा ले सकेंगे। गाँवों में डिजिटल लेनदेन को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी। झारखंड के कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो और हजारीबाग जैसे इलाकों में नई शाखाएँ खुलने से लोगों में खुशी है।

### कोल्हू में शिव मंदिर को लेकर समिति गठित

टाटीझरिया। कोल्हू के शिव मंदिर परिसर में मंगलवार को ग्रामीणों की हुयी बैठक, मंदिर के निर्माण को लेकर व्यापक चर्चा हुई। इसकी अध्यक्षता संतोष मंडल ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर का पुर्ननिर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष संतोष मंडल, सचिव जगदेव प्रसाद, कोषाध्यक्ष प्रकाश प्रसाद और संरक्षक चिंतामन महतो सहित दर्जनों सदस्य मनोनीत किए गए। महिला सदस्यों में मंजू देवी, सोभिया देवी, सरिता देवी समेत अन्य ग्रामीण महिलाएं भी शामिल रहीं। समिति ने संकल्प लिया कि मंदिर का निर्माण पारदर्शिता और सहयोग से संपन्न होगा।

### एस्पायर कोचिंग के छात्र को आरआरबी ग्रुप डी परीक्षा में मिली कामयाबी




भुरकुंडा (रामगढ़)। अगर आप सरकारी नौकरी पाने का सपना साकार करना चाहते हैं, तो एस्पायर कोचिंग सेंटर की ओर रुख करना ही एकमात्र सही विकल्प है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा, क्योंकि यहां के छात्रों की सफलता खुद इसकी गवाही देती है। इसी कड़ी में रेलवे साइडिंग टीपला निवासी भुवनेश्वर साहू के पुत्र सह एस्पायर कोचिंग सेंटर के छात्र रामचंद्र कुमार ने आरआरबी ग्रुप डी परीक्षा में कोलकाता डिवीजन के अंतर्गत सफलता प्राप्त की है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को निदेशक रत्नेश कुमार ने सफल छात्र को किया सम्मानित। उन्होंने कहा कि रामचंद्र ने कठिन परिश्रम, मजबूत इच्छाशक्ति और एस्पायर कोचिंग के कुशल मार्गदर्शन की बदौलत यह सफलता हासिल की है।उन्होंने कहा कि एस्पायर कोचिंग सेंटर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि सही दिशा, अनुभवी मार्गदर्शन और कठोर मेहनत से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं। निदेशक श्री कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है और विद्यार्थियों की सफलता ही संस्था का एकमात्र उद्देश्य है। रामचंद्र की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, राकेश सिंह, संदीप कुमार, नितेश मिश्रा, सचिन, राहुल, विक्रांत, सुमित, लव कुश, बृजेश, नीरज, शंकर, सूरज, देव, आलोक सहित सभी विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# इचाक : आलीशान भवन से चल रहा है नशे का कारोबार

## इचाक मोड़ से पूरे सिंडिकेट को संचालित करती हैं 'ड्रग भाभी'

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग/इचाक।** रांची की चर्चित ब्राउन शुगर भाभी की तरह अब हजारीबाग के इचाक से भी एक ऐसी ही भाभी के ड्रग सिंडिकेट का खुलासा हो सकता है, जो इलाके के युवाओं को बर्बादी की राह पर धकेल रही है। यह इचाक भाभी इचाक मोड़ से पूरे सिंडिकेट को संचालित करती है और कहा जा रहा है कि उसका नेटवर्क हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और यहां तक कि बिहार के सीमावर्ती इलाकों तक फैला हुआ है। सूत्रों के अनुसार, यह महिला स्थानीय राजनीति और कुछ प्रभावशाली कारोबारियों के संरक्षण में लंबे समय से ब्राउन शुगर, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की आपूर्ति कर रही है। इस सिंडिकेट का संचालन हाई-टेक तरीके से किया जा रहा है, मोबाइल ऐप्स, कोडवर्ड्स और फर्जी नंबर प्लेट वाली बाइकों के जरिए डिलीवरी की जाती है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि इचाक मोड़ के एक आलिशान बिल्डिंग से इस धंधे का संचालन किया जा रहा है। युवाओं को पहले फ्री में नशा देकर लत लगाई जाती है और फिर उन्हें ग्राहक बनाने के साथ-साथ सप्लायर भी बना दिया जाता है। कई स्कूली बच्चे और कॉलेज छात्र इस चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इलाके की पुलिस को सब कुछ पता होने के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। कहा जा रहा है कि 'भाभी' का नेटवर्क इतना मजबूत है कि कोई भी गवाही देने से डरता है। वहीं, कुछ पुलिसकर्मी भी इस सिंडिकेट से सांठगांठ में हैं यह चर्चा आम है। नशा के खिलाफ आवाज उठाने वाले समाजसेवी गौतम कुमार ने कहा कि अब ड्रग्स बेचने का ट्रेंड बदल रहा है। नीत नए दिन नए पेडलरों को कमिशन पर रखा जाता है जिसे ग्रामीण व समाजसेवियों को पहचान करने में परेशानी होती है। जब तक पुराने ड्रग्स पेडलरो की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक बदलाव होना मुश्किल है। क्या जिला प्रशासन इचाक के युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालने के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाएगा? यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई, तो इचाक जल्द ही रांची के बाद झारखंड का दूसरा ड्रग्स हब बन जाएगा।



# हजारीबाग में सायरन लगी गाड़ी से घूम रहा था युवक, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सोमवार को शहर की सड़कों पर एक रहस्यमयी सायरन गूंजती रही, लेकिन इस बार वो किसी असली पुलिस की गाड़ी से नहीं, बल्कि एक फर्जी सायरन लगा के घूम रहे युवक की कार से थी। ट्रैफिक चौराहों से रफ्तार के साथ गुजरती इस कार ने कई लोगों को चौंका दिया।

जब ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्रवण कुमार की नजर इस पर पड़ी, तो शक और सतर्कता ने मामले का पर्दाफाश कर दिया। कार पर न कोई आधिकारिक पहचान थी, न सायरन लगाने की अनुमति। सबसे हैरान करने वाली बात ये थी कि कार के दरवाजे के पास एक एके-47 का स्टीकर भी चिपका था, जो किसी भी सरकारी या पुलिस वाहन में आमतौर पर नहीं होता। लोगों ने बताया कि यह कार पिछले कई महीनों से हजारीबाग में घूम रही थी। पर सायरन की वजह से सब चुप रहते थे मानो कोई स्पेशल पेट्रोलिंग यूनिट हो। लेकिन शक की सुई अब जाकर ट्रैफिक पुलिस तक पहुंची और तत्काल वाहन को रोका गया। पूछताछ में युवक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। पुलिस को शक है कि या तो इसका मकसद डर फैलाना था या किसी बड़ी धोखाधड़ी की तैयारी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वाहन और युवक को डीएसपी मनोज सिन्हा के हवाले कर दिया गया है। युवक दिपुगढ़ा का निवासी है।

इधर इस मामले पर जब ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्रवण से जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि उक्त युवक से पूछताछ की गयी है। गाडी की जांच की गयी उसमे कुछ नहीं निकला। उसके वाहन में साईरन लगा था। जांच जारी है, उसपर पेनाल्टी व फाइन लगायी जायेगी। इस तरह की चीजे बर्दाश्त नहीं की जायेगी।




**कार के दरवाजे के पास एके-47 का स्टीकर भी चिपका था**

### बरही में अवैध बालू लदा छह ट्रैक्टर जब्त

**बरही।** बरही में एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद करोबारी अवैध बालू के उठाव व परिवहन में जुटे हैं। सोमवार को बरही एसडीओ जोहन टुडू व सीओ अमित किस्कू के अगुवाई में बालू लदे छह ट्रैक्टर को पकड़ा गया। छापामारी में प्रभारी सीआई सह राजस्व अंचल निरीक्षक रीतलाल रजक भी शामिल थे। प्रशासन को देखते ही सभी ट्रैक्टर के चालक ट्रैक्टर को सड़क पर ही खड़ा कर भाग खड़े हुए। सभी ट्रैक्टर को बरही अनुमंडल कार्यालय के समीप बिलोतिया मोड़ के पास जीटी रोड पर पकड़ा गया। बालू से लदा छह ट्रैक्टर को पकड़ कर बरही थाने को सौंपा गया। वहीं प्रभारी सीआई सह राजस्व अंचल निरीक्षक रीतलाल रजक के आवेदन के आधार पर ट्रैक्टर चालक और उसके मालिक पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### कटकमसांडी में भाजपा का प्रदर्शन

**कटकमसांडी ।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भाजपा पूर्वी व पश्चिमी मंडल ने किया प्रदर्शन। राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, अवैध खनन, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था की बदहाली को उजागर करना था। प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि सरकार बालू घाटों का नीलामी नहीं करवा पाई है और अवैध तस्करी चरम पर है। बिजली-पानी की हालत खस्ता है, अपराध बेलगाम हैं और बेरोजगारी से युवा निराश हैं। सभा के बाद बीडीओ व सीओ को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, टोनी जैन, मंजू नंदनी, प्रमुख संगीता देवी, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद व सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बीएसएफ मेरू कैंप में बैठक संपन्न

**हजारीबाग।** सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप में मंगलवार को वार्ब की बैठक हुयी। इसका उद्देश्य झारखंड के सेवानिवृत्त बीएसएफ कर्मियों और उनके परिजनों की पेंशन व पुनर्वास संबंधी समस्याओं का समाधान करना था। बैठक में अधिकारीऔर लेखा विशेषज्ञ उपस्थित थे। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों ने अपनी समस्याएं रखीं जिनका मौके पर समाधान किया गया। बैठक में सरकार की ओर से भविष्य की योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

### दारू में कार-बाइक की टक्कर, दो युवक घायल

दारू। मंगलवार सुबह दारू थाना क्षेत्र के झुमरा चौक पर कार और बाइक की जबरदस्त टक्कर में दो युवक घायल हो गए। बाइक सवार रंजीत कुमार मेहता को गंभीर चोट आई जबकि साथ में बैठे मिथिलेश मेहता को मामूली चोट लगी। घायलों का संबंध मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हुटपा पंचायत के तरवा खरवा गांव से है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहन एक ही दिशा में जा रहे थे जब बाइक सवार ने अचानक बाइक मोड़ दी जिससे कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार रंजीत कार के शीशे से टकरा गया और शीशा चकनाचूर हो गया। घटना में प्रयुक्त कार पर ह्यप्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय कोडरमा का बोर्ड लगा था। ग्रामीणों ने घायल को 108 एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जब दारू पुलिस कार को थाने ले जाने लगी, तो ग्रामीणों ने इलाज पूरा होने तक गाड़ी को न छोड़ने की बात पर अड़ गए।

## विधायक तिवारी महतो के खिलाफ वीडियो की ओछी राजनीति : नरेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** आजसू मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो ने मांडू विधायक तिवारी महतो के जारी झूठा वायरल वीडियो को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि मांडू विधायक तिवारी महतो की पहचान संघर्ष श्रम और ईमानदारी है। पिछले 25 साल से उनकी छवि एक जन नेता के रूप में रही है। वह आजसू पार्टी के नैतिक सिद्धांतों पर चलने वाले अनुशासित नेता है। उन्होंने कहा कि मांडू विधायक की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर ओछी मानसिकता वाले लोग ए.आई तकनीक का दुरुपयोग कर उनका विवादित वीडियो वायरल किया जा रहा है। जो वह सब झूठा है। वीडियो की सत्यता की जांच करने के बाद विरोधियों के सभी दावे उल्टे पड़ जाएंगे। मांडू विधायक एक जनप्रतिनिधि के मायने, मयार्दा व महत्व बखूबी जानते और निभाते है। सोशल मीडिया पर चल रहा वीडियो ओछि राजनीति का हिस्सा है। मांडू विधायक इस प्रकरण से बेदाग बाहर निकलेंगे।

# मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ती रहेगी झाकोमयू : बेदिया

खबर मन्त्र संवाददाता



▸▸ **झारखंड कोलियरी मजदूरी यूनियन के अध्यक्ष बने बासदेव उरांव, सचिव छोटेलाल बेदिया और कोषाध्यक्ष नरेश बेदिया**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड कोलियरी मजदूरी यूनियन (झाकोमयू) भुरकुंडा शाखा का एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को न्यू सरदार कॉलोनी भुरकुंडा में आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष एवं झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झाकोमयू मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई शुरू से लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चार श्रम कानूनों को मजदूर, उद्योग और देश विरोधी बताते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर झारखंड में इन कानूनों को लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मजदूर हितैषी नीति की सराहना करते हुए कहा कि सीएम भी इसके खिलाफ हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार 4 लेबर कोड को झारखंड राज्य में लागू नहीं होने देगी। श्री बेदिया ने उपस्थित मजदूरों से अपील की कि वे आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित हड़ताल को एकजुटता के साथ सफल बनाएं और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करें। सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से झाकोमयू भुरकुंडा शाखा की नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बासदेव उरांव को अध्यक्ष, मिथिलेश मांझी व संजय राम को उपाध्यक्ष, छोटेलाल बेदिया को सचिव, मुड़ला बेदिया को संयुक्त सचिव, एमएस राजू को संगठन सचिव और नरेश बेदिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में झाकोमयू के बरका-सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा, झामुमो के केंद्रीय सदस्य हरीलाल बेदिया, झामुमो के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, राम लखन मुंडा, मुकेश राउत, जग्गू घांसी, मुकेश पासवान, संजीत राम, शंकर घांसी, गोपाल करमाली, शंभू बेदिया, शिबू शर्मा, निसार अंसारी, उमेश बेदिया, शिवनारायण उरांव, रामजी मांझी, सीत दुसाध, अजय बेदिसा, रमेश कुमार केवट, करमा मांझी, भुवनेश्वर मांझी, गणेश राम, कृष्णा लहरी सहित दर्जनों मजदूर नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### चौपारण में सरकार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल



**चौपारण।** झारखंड में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने चौपारण प्रखंड कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार को भ्रष्टाचार की फैक्ट्री बताते हुए आरोप लगाया कि पूरे राज्य में अराजकता फैली है और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। ज्ञापन में भाजपा ने राज्य में हो रही आपराधिक घटनाओं जैसे हत्या, लूट और बलात्कार की संख्या में बेतहाशा वृद्धि पर चिंता व्यक्त की। पार्टी नेताओं ने कहा कि चौपारण में सरकारी योजनाएं सिर्फ फाइलों तक सीमित रह गई हैं और भ्रष्ट अधिकारियों-बिचौलियों की मिलीभगत से आम जनता को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नेताओं ने आयुष्मान भारत योजना को ठप बताया, और कहा कि अस्पतालों में न डॉक्टर हैं, न दवाएं, न ऑक्सीजन और न एम्बुलेंस। वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशन महीनों से रुकी हुई है, जिससे हजारों गरीब परिवार परेशानी में हैं। राशन, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत बद से बदतर है। भाजपा ने सरकार पर जातिवाद, पक्षपात और नियुक्तियों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार की नीतियाँ जनविरोधी हैं, जो राज्य को पीछे की ओर धकेल रही हैं। कार्यक्रम में रमेश ठाकुर, राजेन्द्र चन्द्रवंशी, आरती कौशल, आशीष सिंह, रंजन सिंह, पप्पू रजक समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### बरही में भाजपा ने निकाली जनआक्रोश रैली



बरही। झारखंड में गिरती कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बरही में जनआक्रोश रैली निकाली। रैली प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना में तब्दील हो गई। कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरना की अध्यक्षता भाजपा बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी व संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार और घूसखोरी चरम पर है। जिप उपाध्यक्ष भाजपा नेता किशुन यादव ने कहा कि हेमंत सरकार से आम जनता त्रस्त है। वहीं धरना के बाद राज्यपाल के नाम बरही बीडीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में हेमंत सरकार को हटाने की मांग की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, युवा नेता आकाश जायसवाल, वरिष्ठ नेता डोमन पांडे, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया मोतीलाल चौधरी, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, मंडल महामंत्री नवलकिशोर सिंह, गुरुदेव गुप्ता, मुकेश बक्शी, अरुण सिंह, उपमुखिया बालेश्वर यादव, प्रदूमन सिंह, बिरेन्द्र साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश साव, सुजीत कुमार, बीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, कैलाश केशरी, पवन केशरी, कृष्ण मोहन यादव, लक्ष्मण पांडे, संजय सिंहा आदि काफी संख्या में भाजपाई शामिल रहे।

### टाटीझरिया में भी भाजपा का हल्ला बोल



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और सरकारी निकम्मेपन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मांडू विधानसभा क्षेत्र के डूमर, धरमपुर, बेड़म, टाटीझरिया, डहरभंगा और बरकट्ठा विधानसभा के भराजो, खैरा, झरपो पंचायतों के कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और राज्य सरकार की नींद उड़ाने का काम किया। भाजपाइयों ने आरोप लगाया कि टाटीझरिया अंचल में भ्रष्टाचार चरम पर है, राशन से लेकर राजस्व तक, बालू से लेकर बिजली तक हर फाइल घूस के बिना नहीं सरकती। कानून-व्यवस्था की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि आम जनता भय, लूट और तानाशाही के साये में जी रही है। प्रदर्शनकारियों ने अवैध बालू, पत्थर और कोयले की खुलेआम लूट पर प्रशासन की चुप्पी को भी आड़े हाथों लिया। साथ ही, क्षेत्र में बिजली और पानी की लचर व्यवस्था और लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदर्शन के अंत में भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो अगला चरण और भी उग्र होगा। मौके परसंतोष मंडल, कैलाशपति सिंह, उपेन्द्र पांडेय, रजनीकांत चौधरी, महेश अग्रवाल समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।
२४ है पी ५ : भाजपा का हल्ला बोल

### कटकमदाग में भाजपा ने किया प्रदर्शन



**कटकमदाग।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा कटकमदाग मंडल की ओर से आयोजित इस प्रखंड स्तरीय विरोध कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और नेताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल उपाध्यक्ष कमल साव ने किया, जबकि कार्यक्रम प्रभारी जय नारायण प्रसाद कुशवाहा थे। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर भ्रष्टाचार, कुशासन, कानून-व्यवस्था की बदहाली, बिजली-पानी की समस्या, अवैध बालू-पत्थर-कोयला तस्करी और बेरोजगारी को लेकर जमकर हमला बोला। नेताओं ने कहा कि झारखंड में जनता खुद को असुरक्षित और उपेक्षित महसूस कर रही है। हजारीबाग जैसे शांत जिले में भी अपराधियों का बोलबाला है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। प्रदर्शन के उपरांत कटकमदाग बीडीओ के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख अशोक यादव, उप प्रमुख विमल गुप्ता, खपरियावा के मुखिया राजेश गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार, राजू कुमार साव, जगरनाथ प्रजापति, रुपेश राणा, दीपक राणा, संजीत कुमार, विशाल वर्मा और सोनू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा ने चेतावनी दी कि अगर सरकार नहीं चेती तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### झारखंड सरकार भ्रष्टाचार की फैक्ट्री : भाजपा

चौपारण। झारखंड में बिगड़ती कानून व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने चौपारण प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए उसे भ्रष्टाचार की फैक्ट्री बताया। नेताओं ने कहा कि झारखंड में हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो चुकी हैं। चौपारण में सरकारी योजनाएं केवल कागजों पर चल रही हैं और इनके लाभ गरीबों तक नहीं पहुँच पा रहे हैं। वृद्ध, विधवा व दिव्यांग पेंशन महीनों से रुकी हुई है, अस्पतालों में न डॉक्टर हैं, न दवाएं और न एम्बुलेंस। सरकार जातिवाद और नियुक्तियों में पक्षपात कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन और सड़क जैसी मूलभूत सेवाओं की हालत बदतर हो चुकी है। धरना में रमेश ठाकुर, आरती कौशल, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, अरविंद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### बरही में अज्ञात महिला का शव बरामद

बरही। बरही थाना क्षेत्र के जवाहर घाटी पुल के नीचे बने डैम से मंगलवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर बरही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डैम से बाहर निकाल कर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को बरामद कर जांच शुरू कर दी है।

# आपातकाल : भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला

- विष्णुदत्त शर्मा

**कांग्रेस** का लोकतंत्र में विश्वास तब तक है जब तक वह सत्ता में है। जब वह सत्ता से बाहर होती दिखाई देती है, वह संविधान और लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ाने से नहीं चूकती। ₹डॉ. राममनोहर लोहिया के ये शब्द 25 जून 1975 को उस समय सत्य सिद्ध हुए, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आज से 50 वर्ष पहले, 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल लगाने का उद्देश्य नेहरू-गांधी परिवार का सत्ता पर वर्चस्व बनाए रखने की लालसा में संविधान को रौंदने का कुत्सित प्रयास था। यह वह समय था जब संविधान को ताक पर रखकर व्यक्तिगत सत्ता की रक्षा के लिए पूरे देश को एक तानाशाही शासन के अधीन कर दिया गया था। 1970 के दशक की शुरूआत में भारत गंभीर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकटों से जूझ रहा था। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और असंतोष के कारण सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष बढ़ रहा था। इंदिरा गांधी की सत्ता को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को उनके निर्वाचन को अवैध घोषित कर दिया और उन्हें छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराया।

इस फैसले के बाद देश भर में इंदिरा गांधी के इस्तीफे की मांग तेज हो गई। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया। इन सबके बीच 25 जून 1975 की रात को राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर देश में आपातकाल लागू कर दिया। इंदिरा गांधी ने कैबिनेट को विश्वास में नहीं लिया, आधी रात को राष्ट्रपति से चुपचाप आपातकाल लागू करवाया। कांग्रेस की संस्कृति रही है–परिवार पहले, संविधान बाद में। ह्यइंडिया इज इंदिराह्न नारा कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच का प्रतीक था। एक व्यक्ति, एक परिवार को देश से बड़ा समझना ही कांग्रेस की वैचारिक विकृति है। आपातकाल की घोषणा के साथ ही भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएँ रातों रात बंधक बना दी गईं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता, और न्यायिक संरक्षण जैसे मौलिक अधिकार स्थगित कर दिए गए। मीडिया पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। विरोध करने वाले हजारों नेताओं, कार्यकताओं, पत्रकारों, साहित्यकारों को बिना मुकदमे के जेलों में ठूंस दिया गया। ह्यइंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिराह्न जैसे नारे लगाने वालों को पुरस्कृत किया गया, जबकि आलोचकों को देशद्रोही बताकर प्रताड़ित किया गया।



आपातकाल के इस काले दौर में वामपंथियों ने इंदिरा गांधी का भरपूर समर्थन किया। इसके बदले में उन्हें प्रशासन और शिक्षा के क्षेत्र में ऊँचे पदों पर बिठाया गया। वे इतिहास, संस्कृति और पाठ्यक्रमों में अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने में सफल रहे। इससे देश की भावी पीढ़ी की सोच को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जनसंख्या नियंत्रण के नाम परजबरन नसबंदी का अभियान चलाया। लाखों गरीब पुरुषों को जबरदस्ती नसबंदी के लिए बाध्य किया गया। दिल्ली में तुर्कमान गेट जैसी घटनाओं में, जब लोगों ने इसका विरोध किया, तो गोली चलवा दी गई, जिसमें अनेक लोग मारे गए। इस दौरान हजारों झुग्गियाँ और बस्तियाँ उजाड़ दी गईं, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए।

वर्ष 1985 में लोकसभा में राजीव गांधी ने कहा– आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। यह बयान बताता है कि कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र के लिए कोई सम्मान नहीं, केवल परिवार और सत्ता से प्रेम है। 21 महीनों तक देश को लोकतंत्र से वंचित रखकर कांग्रेस के एक परिवार की सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर राष्ट्रवादी विचारधारा को कुचलने का कार्य किया। लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ने वालों को जेल में ठूंसा गया। लगभग 1 लाख 40 हजार लोगों को जेल में बंद किया गया और 22 कस्टोडियल डेथ हुईं। संविधान की आत्मा को कुचला गया। मीसा कानून में संशोधन कर प्राकृतिक न्याय की भावना का उल्लंघन किया गया।

कांग्रेस की प्रवृत्ति लोकतंत्र विरोधी रही है–जो विरोध करे, उसे समाप्त कर दो। नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे लोकप्रिय नेता को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया गया। बाबा साहब अंबेडकर जैसे महापुरुष का कांग्रेस द्वारा निरंतर विरोध और अपमान किया गया। कांग्रेस ने संविधान में अब तक 75 बार संशोधन किए, कई संशोधन सत्ता को मजबूत करने हेतु थे। अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करते हुए 90 बार चुनी हुई राज्य सरकारों को बर्खास्त किया।1973 में वरिष्ठता की परंपरा को तोड़ते हुए जस्टिस अजीतनाथ रे को चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया- न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार था। मीसा कानून के जरिए निर्दोष लोगों को कैद किया गया- क्या यही कांग्रेस का न्याय है? शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटकर कांग्रेस ने करोड़ों मुस्लिम महिलाओं के अधिकार छीन लिए। राजीव गांधी ने वोट बैंक के लिए संविधान के साथ सौदा किया, यही कांग्रेस की असली सोच है। राहुल गांधी संसद में संविधान की प्रति लहराते हैं, लेकिन 2013 में उसी संसद के अध्यादेश को फाड़ कर संविधान की अवमानना करते हैं।

कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन इतिहास गवाह है कि वही कांग्रेस बार-बार संविधान को बेरहमी से कुचलती रही है। कांग्रेस के लिए लोकतंत्र सिर्फ एक दिखावा है – असली सत्ता नेहरू-गांधी परिवार के इर्द-गिर्द ही घूमती है। जहां कांग्रेस ने संविधान के अनुच्छेदों का उपयोग केवल सत्ता में बने रहने के लिए किया, वहीं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रे मोदी जी की सरकार हर अनुच्छेद के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाने की जागरूकता अभियान चला रही है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, उसे कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए मोड़ा, तोड़ा और बदला। मोदी सरकार उसी संविधान को आधार बनाकर हर वर्ग के कल्याण और अधिकारों की गारंटी दे रही है– यही असली सम्मान है बाबा साहेब को। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता–ये चार स्तंभ सिर्फ किताबों में नहीं, आज मोदी सरकार में नीति और शासन का आधार बन चुके हैं। कांग्रेस ने इन सिद्धांतों को दिखावे की बातें बनाकर रखा, जबकि मोदी सरकार इन्हें नीति, योजना और क्रियान्वयन के स्तर पर सशक्त कर रही है।

लोकतंत्र सेनानियों का ही संघर्ष है जिसके परिणाम स्वरुप भारत में लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ। आज देश की प्रगति के पीछे लोकतंत्र सेनानियों का बलिदान आधार का पत्थर है। जिसके कारण लोकतंत्र पुर्नस्थापित हुआ और 2014 में भाजपा के श्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्तित्व के रूप में भारत को महान नायक मिला जिनके नेतृत्व में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत व गहरी हुईं, तुष्टीकरण संतुष्टीकरण में बदला, पूरा भारत एक हुआ, आतंकवाद की कमर टूटी, 11 वीं अर्थव्यवस्था से देश विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना, सीमाएं सुरक्षित हुईं, माताओं बहनों के सम्मान की रक्षा हुई, भ्रष्टाचार, घपले, घोटालों का अंत हुआ, भारत ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया, विकसित भारत-2047 के संकल्प की सिद्धि के लिए रात दिन एक करके सघन प्रयास प्रारंभ कर दिया। आज जब हम अमृतकाल की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, हमें यह संकल्प लेना होगा कि ऐसे काले दिन फिर कभी न लौटें। हमें अपनी संवैधानिक संस्थाओं को और सशक्त बनाना है, नागरिक अधिकारों की रक्षा करनी है और लोकतंत्र की नींव को और गहरा करना है। जो काम कांग्रेस ने दशकों तक नहीं किया, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व की सरकार ने उसे धरातल पर उतार कर संविधान की आत्मा को सम्मान दिया। आपातकाल के विरुद्ध लोकतंत्र सेनानियों का संघर्ष, बलिदान रंग लाया और भारत माता के सम्मान की रक्षा करने में सफल रहा।

## आपातकालः लोकतंत्र का काला अध्याय

- हितानंद शर्मा

आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर 25 जून 1975 की आधी रात को देश पर थोपे गए आपातकालको 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की जनता ने तब तानाशाही के विरुद्ध स?वतंत्रता की एक और लड़ाई लड़ी थी। इस बार लड़ाई अपने ही दिग्भ्रमित सत्तालोलुप नेताओं से थी, जिसमें देश एक बार फिर विजेता बनकर उभरा था। पिछले कुछ वर्षों से कुछ विपक्षी नेता संविधान की प्रति हाथ में लिए भाषण देते दिखाई देते रहे हैं। बात-बात में संविधान की दुहाई देने का क्रम चल रहा है। भारत के स्वस्थ और मजबूत लोकतांत्रिक वातावरण में भी ह्यलोकतंत्र व संविधान बचानेह्न के लिए सभाओं के प्रहसन चल रहे हैं। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर यह अवसर है जब मुड़कर इतिहास को फिर से देखने की आवश्यकता है।

आपातकाल का निर्णय किसी युद्ध या आंतरिक विद्रोह के कारण नहीं बल्कि एक प्रधानमंत्री के लोकसभा चुनाव रद्द होने और अपनी सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया राष्ट्र विरोधी निर्णय था। कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के इस क्रूरकाल में न केवल संवैधानिक ढांचे को कुचला बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी भंग किया।

1971 के आम चुनावों में इंदिरा गांधी ने रायबरेली से जीत तो हासिल की, लेकिन उनके निकटतम उम्मीदवार राजनारायण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनाव में भ्रष्टाचार और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप लगाए। इधर देश की अर्थव्यवस्था खराब स्थिति में थी। आर्थिक विकास दर केवल 1.2% थी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार मात्र 1.3 बिलियन डॉलर था (आज 640 बिलियन है)। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर था। 50% से ज्यादा जनता गरीबी रेखा के नीचे थी। बिहार और गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में नवनिर्माण आंदोलन चल रहा था। 8 मई 1974 को जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में देशव्यापी रेल हड़ताल हो चुकी थी। बिहार, गुजरात में राष्ट्रपति शासन के बाद कांग्रेस चुनाव हार चुकी थी। इस सबसे कांग्रेस की केंद्र सरकार परेशान हो चुकी थी।

12 जून 1975 को न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने अपने निर्णय में इंदिरा गांधी की जीत को अवैध करार दिया और 6 साल तक चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री नहीं रह सकती थीं। उनकी कुर्सी को गंभीर राजनीतिक संकट खड़ा हो गया। इससे घबराकर इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर मंत्रिपरिषद् की अनुशंसा के बगैर ही राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल लगाने की सिफारिश की, जिसे राष्ट्रपति ने 25 जून 1975 की आधी रात को मंजूरी दे दी।

आज संविधान की प्रतियां हाथ में लहराने का नाटक करने वालों को यह स्मरण रखना ही होगा कि आपातकाल वास्तव में भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास था। यह संविधान की हत्या की सोची-समझी रणनीति थी। इंदिरा गांधी ने ह्यआंतरिक अशांतिह्न की आड़ लेकर संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया जबकि न तो उस समय बाहरी आक्रमण या युद्ध की स्थिति थी, न विद्रोह ही हुआ था। आपातकाल किसी राष्ट्रीय संकट का परिणाम नहीं था, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की जिद थी।

संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी थीं, किन्तु उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए एक झटके में उन्होंने लोकतंत्र को तानाशाही में बदलकर रख दिया और पूरी शासन व्यवस्था को कठपुतली की तरह उपयोग किया। कांग्रेस सरकार ने विधायिका और न्यायपालिका को बंधक बनाकर सत्ता के आगे घुटने टेकने को विवश कर दिया था। प्रेस की स्वतंत्रता पर कुठाराघात किया गया।

## कांग्रेस ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**भारतीय** लोकतंत्र ने विश्व भर में प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त की है। हालांकि लोकतंत्र की इस समृद्ध यात्रा में आपातकाल जैसा एक कलंकित अध्याय भी जुड़ा है। 25 जून, 1975 की वो रात कौन भूल सकता है जिसे खासतौर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 'तानाशाही' के रूप में जाना जाता है। ये वही रात थी जब तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर देश में आपातकाल की घोषणा की थी।

25 जून 2025 को कांग्रेस की शीर्ष नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर आपातकाल को थोपे हुए 50 वर्ष पूरे होंगे। इमरजेंसी में कांग्रेस की दुर्भावना का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उसने आज तक इसके लिए माफी नहीं मांगी। बीती 21 जून को पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने देश की एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, "कांग्रेस को आपातकाल के लिए देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को इसे लेकर पछतावा होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी इसके लिए माफी नहीं मांगी। अब जब देश में आपातकाल लागू हुए 50 साल होने जा रहे हैं, तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी को सार्वजनिक रूप से इस पर पछतावा होना चाहिए।"

20 नवंबर, 2017 को आपातकाल के दौरान जेल काटने वाले पत्रकार कुलदीप नैयर का बीबीसी में प्रकाशित एक लेख आपातकाल को लेकर कांग्रेस के चरित्र का बखूबी चित्रण करता है। नैयर लिखते हैं, "आपातकाल किसी अपराध से कम नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए कभी माफी नहीं मांगी। खासकर नेहरू-गांधी खानदान से अफसोस का एक शब्द भी नहीं कहा गया। गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने इसके विरोध में बयान जारी किया या विरोध प्रदर्शन भी किया, लेकिन कांग्रेस पार्टी आपातकाल पर खामोश ही रही।"

माफी मांगने की बजाय इंदिरा गांधी के पुत्र पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 23 जुलाई 1985 को आपातकाल पर गर्व करते हुए लोकसभा में कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं है। " पूर्व प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा था कि अगर इस देश का कोई प्रधानमंत्री इन परिस्थितियों में आपातकाल को जरूरी समझता है और आपातकाल लागू नहीं करता है तो वह इस देश का प्रधानमंत्री बनने के लायक नहीं है। तानाशाही पर गर्व करने का यह कृत्य ही दशार्ता है कि कांग्रेस को परिवार और सत्ता के अलावा कुछ भी प्रिय नहीं है।" पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का वक्तव्य कांग्रेस के मूल चरित्र को दशार्ता है।

आपातकाल की अवधि के बाद दो पीढ़ियां बड़ी हो चुकी हैं तो उन्हें इसकी भनक नहीं होगी कि तब देश में कितने खराब हालात रहे। बिना किसी अदालती कार्यवाही के संसद से विपक्षी सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया। एक लाख से ज्यादा लोगों को जेल में डाल दिया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी। इंदिरा गांधी ने खुद को ही कानून बना लिया था। इंदिरा गांधी में प्रतिशोध की भावना की सारी सीमाएं टूट गई थीं। आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने देश के संवैधानिक संस्थाओं और मयार्दाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है, उसका खामियाजा आज तक देश भुगत रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने जुलाई 2015 में कहा, "हमें क्यों माफी मांगनी चाहिए? हम क्यों आपातकाल पर चर्चा करें?" मार्च 2021 को राहुल गांधी ने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में आपातकाल पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, "मुझे लगता है कि वह एक गलती थी बिलकुल, वह एक गलती थी। और मेरी दादी (इंदिरा गांधी) ने भी ऐसा कहा था।"

मई 2004 में इंडियन एक्सप्रेस के तत्कालीन प्रधान संपादक शेखर गुप्ता के साथ बातचीत में सोनिया गांधी ने कहा था कि उनकी सास ने बाद में महसूस किया था कि यह एक गलती थी। सोनिया गांधी ने तब कहा था, ₹ठीक है, मेरी सास ने खुद चुनाव हारने के बाद (1977 में) कहा था कि उन्होंने उस (आपातकाल) पर पुनर्विचार किया था। और यह तथ्य कि उन्होंने चुनाव की घोषणा की, इसका मतलब है कि उन्होंने आपातकाल पर पुनर्विचार किया था।₹

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। कांग्रेस सांसदों ने प्रस्ताव विरोध में कहा कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए?

निर्लज्जता की पराकाष्ठा देखिए जिस कांग्रेस के नेता ने केवल अपनी सत्ता कायम रखने के लिए आपातकाल लगाया, इन दिनों उसी पार्टी के नेता संविधान रक्षक होने का दावा करते घूमते हैं। 2024 के आम चुनाव से इंदिरा गांधी के पोते राहुल गांधी लगातार संविधान की एक किताब को सार्वजनिक रूप से लहराकर यह दावा करते रहते हैं कि कांग्रेस ही संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक संरक्षक है, जबकि सच्चाई यही है कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान के आत्मा को क्षति पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

दिसंबर 2024 को लोकसभा में संविधान पर विशेष बहस के दौरान प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, उन्होंने (राजनाथ सिंह) 1975 (आपातकाल) के बारे में बात की तो सीख लीजिए न आप भी... आप भी अपनी गलतियों के लिए माफी मांगिए... आप भी बैलेट पर चुनाव कर लीजिए... दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। यानी अपनी गलती के लिए माफी मांगने की बजाय सामने वाले को नसीहत देना कांग्रेस की पुरानी फितरत है। प्रियंका ने भी वही किया जो उनकी पार्टी के नेता करते आए हैं।

नैयर लिखते हैं कि, "युद्ध के बाद के जर्मनी ने हिटलर के अत्याचारों के लिए माफी मांगी थी। यहां तक कि जर्मनी ने इसके लिए हजार्ना भी भरा था। ऐसे अत्याचारों के लिए कोई माफी नहीं दी जा सकती, लेकिन लोगों को सामान्य तौर पर लगता है कि बच्चों को एहसास होगा कि उनके पूर्वजों ने गलती सुधारने की कोशिश की थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अमृतसर स्वर्ण मंदिर गए थे और उन्होंने ब्लू स्टार ऑपरेशन के लिए माफी मांगी थी।"

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जून, 2024 को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए जो शब्द कहे थे, उससे कांग्रेस के मूल स्वरूप और चरित्र को जानना और समझना सरल हो जाता है। योगी ने कहा था कि, उस समय कांग्रेस का एक बर्बर चेहरा हम सभी को देखने को मिला था। कैसे कांग्रेस ने उस समय देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया था। कैसे न्यायालय के अधिकारों को कांग्रेस ने उस समय बंधक बनाकर रख दिया था और आज भी कांग्रेस में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है।

आपातकाल के 45 साल बाद विदेशी धरती पर राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि इमरजेंसी का निर्णय गलत था। लेकिन देशवासियों से उन्होंने या कांग्रेस के किसी नेता ने आपातकाल के लिए माफी नहीं मांगी। कांग्रेस नेता गाहे-बगाहे आपातकाल पर गुमराह करने और बेशर्मी से इस अमानवीय फैसले को सही साबित करते रहते हैं। लेकिन वे अपनी पार्टी के नेता द्वारा लिए गए एक घोर अलोकतांत्रिक और संविधान का गला घोंटने वाले निर्णय, अमानुषिक और तानाशाही रवैये के लिए माफी मांगने का नैतिक और राजनीतिक साहस जुटा नहीं पाते हैं।

## आपातकाल और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

रमेश शर्मा

**आपातकाल** में सबसे अधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। संघ पर प्रतिबंध लगा। सभी प्रमुख प्रचारक और दायित्ववान अधिकारी या तो गिरफ्तार हुये अथवा भूमिगत रहकर समाज जागरण के अभियान में सक्रिय रहे। आपातकाल के इक्कीस महीनों में 1.30 लाख से अधिक लोग जेल में रहे, उनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एक लाख से अधिक थे।

तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने अपनी सत्ता बनाये रखने के लिये 25 जून 1975 को लागू आपातकाल किया था जो 21 मार्च 1977 तक रहा। इन पौने दो वर्षों तक भारत का प्रत्येक नागरिक अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहा। सर्वोच्च न्यायालय को भी इस संबंधी किसी विषय पर विचार करने से रोक दिया गया था। भारत के सभी विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारियाँ 25 और 26 जून की मध्य रात्रि से आरंभ हो गई थीं।

आपातकाल में पुलिस और प्रशासन का सर्वाधिक दबाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर था। पूरे देश में संघ कार्यालयों पर छापे पड़े और प्रचारकों के घरों तक की तलाशी ली गई। सरसंघचालक बालासाहब देवरस की गिरफ्तारी 30 जून को हुई। वे प्रवास पर जाने के लिये निकले थे। उन्हें नागपुर स्टेशन से गिरफ्तार किया गया । संघ को देश में प्रशासनिक स्तर पर किसी भी अप्रत्याशित निर्णय का अनुमान था। इसका स्पष्ट संकेत तीन माह पहले दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में मिल गया था। 15 और 16 मार्च 1975 को दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में चर्चा का विषय ही ₹संविधान में आपातकाल और लोकतंत्र₹ विषय था।

इस चर्चा में उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश श्री कोका सुब्बाराव भी एक वक्ता थे। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि- ह्लऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है जब राष्ट्रपति और मंत्रिमंडल संवैधानिक लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए एकजुट हों।ह्व (इस कार्यक्रम का उल्लेख पीजी सहस्त्रबुद्धे और माणिकचंद्र वाजपेई द्वारा लिखित पुस्तक ₹इमरजेंसी स्ट्रगल स्टोरी₹ में है) समय के साथ 12 जून को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय आ गया। लगभग सभी विचारक इंदिरा के स्वभाव और कार्यशैली से परिचित थे। इसीलिए संघ ने अपनी वैकल्पिक नीति तैयार कर ली थी। सरसंघचालक जी को अपनी गिरफ्तारी का अनुमान था।

उन्होने पहले ही संघ संचालन की भावी रूपरेखा का निर्धारण कर दिया था। इस विषम परिस्थिति में उन्होंने सभी स्वयंसेवकों से धैर्य से काम करने का संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि- ₹इस स्थिति असाधारण है, इसमें स्वयंसेवकों का कर्तव्य है कि वे अपना संतुलन न खोएं। उन्होंने संभवतः सरकार्यवाह माधवराव जी मुले को वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का संकेत कर दिया था। इसीलिए संघ पर प्रतिबंध और संघ के अधिकारियों की देश व्यापी गिरफ्तारी होने केबाद भले नियमित शाखा या शिक्षण प्रशिक्षण या प्रबोधन रुक गया हो लेकिन संघ का जनसंपर्क, जन जागरूकता का काम निरन्तर रहा।

सरसंघचालक जी की गिरफ्तारी हुई और 4 जुलाई 1975 को संघ पर प्रतिबंध लगा। संघ पर प्रतिबन्ध लगाने का सबसे बड़ा कारण स्वयंसेवकों की ध्येयनिष्ट कार्यशैली है। स्वयंसेवक सीधे जन सामान्य से जुड़े रहते हैं। मंहगाई विरोधी जेपी आंदोलन में संघ शक्ति की भूमिका से भी इंदिरा का प्रशासन अवगत था। इसलिए आपातकाल लागू होने के पहले चरण में सभी विपक्षी राजनीतिक दलों के कार्यालयों और प्रमुख नेताओं के घर पुलिस के छापे पड़े और दूसरे चरण में पुलिस ने देशभर में संघ कार्यालयों और कार्यकताओं के घरों पर टूट पड़ी।

जो जहां जैसा मिला, उसे पकड़कर जेल में डाल दिया गया। संघ पर प्रतिबंध और लगातार गिरफ्तारियों के बाद भी संघ कार्यकर्त्ता बहुत धैर्य और योजना से काम करते रहे। योजना पूर्वक प्रतिदिन किसी न किसी नगर में कुछ न कुछ घटता। कभी परचे फेककर गिरफ्तारी दी जाती और कभी नारे लगाकर। एक टोली जेल जाती तो वह दूसरी टोली को तैयार करके जाती। जिस प्रकार सरसंघचालक जी ने अपनी गिरफ्तारी के पूर्व संघ संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था बना दी थी उसी प्रकार नानाजी देशमुख ने लोक संघर्ष समिति की वैकल्पिक व्यवस्था बना दी थी। लोक नायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चलने वाले मंहगाई विरोधी आंदोलन की पूरी व्यवस्था यही समिति कर रही थी। नानाजी देशमुख ने अपनी गिरफ्तारी होने से पूर्व इस समिति की व्यवस्था सुन्दर सिंह भंडारी को सौंप दी थी। इसलिए नानाजी की गिरफ्तारी के बाद भी इस समिति का कार्य भी निरन्तर रहा। यह समिति भी आपातकाल विरोधी अभियान निरन्तर चलाती रही।


प्रतिबंध और देशव्यापी गिरफ्तारियों के बाद भी संघ के स्वयंसेवकों के मनोबल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लिया। संघ के अनेक स्वयंसेवकों ने अपने घरों पर साइक्लोस्टाइल मशीन का प्रबंध कर लिया। वे स्वयं पंपलेट तैयार करते और हॉट बाजार में छोड़ देते। कयी बार आपातकाल विरोधी साइक्लोस्टाइल सामग्री रद्दी के कागजों में दुकानदारों को बेच देते ताकि उनमें बँधा हुआ सामान लोगों के घरों पर पहुँचे। और लोग पढ़ सकें। कितने ही स्वयं सेवक रात के अंधेरे में दीवारों पर कोयले से लिख जाते और सबेरे पुलिस अथवा नगर निगम कर्मचारी उन्हें पानी से मिटाते हुये देखे जाते। पूरे आपातकाल यही क्रम चला।

समय अपनी गति से चला। अंततः 20 जनवरी 1977 को इंदिराजी ने घोषणा की और आपातकाल में गिरफ्तार राजनीतिक बंदियों की रिहाई का क्रम चला और 21 मार्च 1977 को आपातकाल की पूरी तरह विदाई हुई। देश को आपातकाल से मुक्त करने के लिये इंदिरा की अपनी रणनीति हो सकती है। लेकिन पूरे इक्कीस महीने जन जागरण अभियान निरंतर रखने का काम केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने किया। आपातकाल हटने और सत्ता परिवर्तन के बाद भी संघ ने इसका कोई श्रेय कभी नहीं लिया। संघ की कार्यशैली में श्रेय लेने का स्वभाव है भी नहीं। वे कोई कार्य श्रेय अथवा किसी लाभ केलिये नहीं करते उनका उद्देश्य राष्ट्र का परम वैभव है। वे इसी के लिये समर्पित हैं। उस कालखंड में भारत का जन मानस मंहगाई से परेशान था। इसलिये स्वयंसेवकों ने मंहगाई विरोधी आंदोलन की व्यवस्था संभाली। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद आपातकाल और नागरिकों के संवैधानिक अधिकार निलंबित करना मानवता के साथ अन्याय था। इसलिए संघ से जुड़े कार्यकर्ता पूरे आपातकाल में सक्रिय रहे।

संघ के अनेक प्रचारक पूरे आपातकाल भूमिगत रहे। भूमिगत रहकर उन्होंने उन परिवारों की देखभाल की जिन परिवारों के मुखिया जेल में डाल दिये गए थे। संघ की कार्यनिष्ठा और राष्ट्र का भाव का जन सामान्य में सदैव सम्मान रहा है। इसका लाभ आपातकाल में मिला। जन सामान्य के सहयोग से वे सभी परिवार सुरक्षित रहे जिनके मुखिया अथवा एक मात्र संचालक को किसी न किसी बहाने जेल में डाल दिया गया था। आपातकाल के बाद राजनीति अपनी राह और संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा की अपनी राह पर चले ।

स्पीड न्यूज

## मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी



**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के धीराजगंज स्थित बजरंगबली मंदिर से बीती रात चोरों ने दानपेटी का ताला तोड़ कर नकदी की चोरी कर ली। दानपेटी में कितनी राशि थी, इसका आकलन नहीं हो पाया है। मंगलवार की सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो दानपेटी टूटा हुआ पाया। साथ ही उसमें रखे पैसे भी गायब था। मंदिर से हुई चोरी की वारदात से लोगों में रोष व्याप्त है।

## एसडी सिंह की स्मृति में मेगा ब्लड कैंप आज



**जमशेदपुर।** शहर के जाने माने समाजसेवी व रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के संस्थापक पेट्रन सदस्य रहे स्व. एस.डी. सिंह के 27 वीं पुण्यतिथि पर एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस सिदगोड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार 25 जून को प्रात: 9 बजे से संध्या 4 बजे तक रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के सहयोग से आयोजित है। एसडीएसएम स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन दिवाकर सिंह ने इस अवसर पर रक्तदाताओं से आगे बढ़कर रक्तदान करने का आग्रह किया।

## सौमेंद्र और अरुण ने किया एसडीपी डोनेशन

**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरुकता अभियान के तहत रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम से जुड़े कार्यकर्ता लगातार रक्त के जरुरतमंद लोगों के लिए जीवनदाता का कार्य कर रहे हैं। सोमवार रक्त के कम्पोनेन्ट सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की आवश्यकता होने पर टाटा स्टील सुरक्षा विभाग में कार्यरत सौमेन्द्र बस्तिया ने अपना 17वां एसडीपी डोनेशन किया, इससे पूर्व उन्होने 32 नियमित रक्तदान के साथ 49वां रक्तदान पूरा किया। इसी कड़ी में टाटा स्टील कर्मी अरुण कुमार सिंह ने सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की आवश्यकता पर अपना 30वां एसडीपी डोनेशन किया, श्री सिंह कोविड से उबरने के पश्चात बिना किसी भय का साहस का परिचय देते हुए कॉन्वाल्सेन्ट प्लाज्मा का 7 बार दान किया था।

## विधायक ने किया दो ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**चांडिल।** डैम रोड स्थित आदर्श कॉलोनी में 2 सौ केबीए व मुखिया होटल में 1 सौ केबीए के नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा विगत दिनों दोनों जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिससे लोगों को अंधेरा में काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने ट्रांसफार्मर खराब होने कि सुचना देने पर बिजली विभाग से बात कर जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।

## मेधावी छात्रों का स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मान

**चांडिल।** मंगलवार को नौरंगराय सूर्यदेवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चांडिल मे 10वीं के माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल विकास कुमार राय, कामिनी चिकित्सालय कदमा के डॉ इंद्रजीत गोराई, चिकित्सा पदाधिकारी चांडिल शुभेंद्र शेखर एवं विद्यालय के सचिव डॉक्टर शिशिर कुमार चटर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें स्कूल के टॉप 10 छात्रों को स्मार्ट वॉच, मेडल, प्रशस्ति पत्र, स्कूल बैग तथा स्वर्गीय पूर्णचंद्र गोराई के स्मृति में डॉ इंद्रजीत गोराई के द्वारा नगद राशि के रूप में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। नेहा हालदार 96.20 प्रतिशत लाकर जिला में प्रथम स्थान एवं कोल्हान में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। रिंकू सतपति जिला में चतुर्थ तथा कोल्हान में 9 वां रैंक हासिल किया। जगन्नाथ सेन एवं विनीत कुमार संयुक्त रूप से जिला में पांचवां रैंक एवं कोल्हान में दसवां रैंक प्राप्त किया। अभिजीत सेन जिला में 6वां रैंक जगदीश राय जिला में 7 वां रैंक मृनमयी सिंह सरदार जिला में 9 वां रैंक आशीष महतो, वृष्टि खां, पवन महतो थे।

# भ्रस्टाचार के खिलाफ भाजपा मंडल इकाई का मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन

## समस्याओं को लेकर सरकार बेपरवाह : शशिभूषण

- काम के लिये ली जा रही रिश्वत
- बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर पार्टी की पूर्वी और पश्चिमी मंडल अध्यक्ष परमेश्वर गोप व सुबोध साहू की अगुआई में कार्यकर्त्ताओं ने जन समस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय में आक्रोश प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व रामगढ़ जिले के प्रभारी शशिभूषण भगत ने कहा कि यहां समस्याओं का अंबार है। जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। हर काम के लिये पदाधिकारियों की ओर से रिश्वत की मांग की जा रही है। श्री भगत ने राज्य सरकार पर बेपरवाह होने का आरोप लगाया।



प्रदर्शन करते भाजपाई।

### इन्होंने भी रखी अपनी बातें

प्रदर्शनकारियों को जिला उपाध्यक्ष सह मंडल संगठन प्रभारी सुधाकर चौबे, अजय तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इमरान खान, महिला मोर्चा नेत्री मंजुलता दुबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष नेहा सिंह व राजेश सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन संजीव तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन आरडी तिवारी ने किया। इसके उपरांत, डीसी के नाम बीडीओ एसके चौरसिया को ज्ञापन सौंपा।

### प्रदर्शन में थे शामिल

शिवपूजन साहू, हरि साहू, शशिकांत सिंह, मुकेश भगत, अमित गोप, प्रदीप टोप्पो, राणा सिंह, गार्मेंट भगत, रितेश साहू, पंचम महतो, यश कुमार सिंह, ममता चौहान व ममता देवी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता व ग्रामीण आदि।

**पिस्का नगड़ी।** भारतीय जनता पार्टी नगड़ी मण्डल अध्यक्ष किशन महतो की नेतृव में नगड़ी प्रखंड कार्यालय में झारखण्ड सरकार की विफलता के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया गया। जिसमे भारी संख्या में भाजपाई उपस्थित हुए कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचकर कार्यकताओं ने प्रखंड कार्यालय में ब्याप्त भ्रष्टाचार और दलाली के विरोध में सरकार, बी डी ओ, सीओ, सी आई, कर्मचारी के खिलाफ नारेबाजी की।



बाद में कार्यकत्ताओं के प्रतिनिधि मण्डल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर मुख्य वक्ता सह भाजपा प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, कार्यक्रम प्रभारी चूड़ामनी महतो, केदार महतो, विंध्याचल महतो, राकेश केशरी, संजय राधे, अरविन्द केशरी,पंकज लाल शाहदेव, शीला देवी, हेमंत केशरी, राजपाल साहू, अखिलेश केशरी, विकास उराव, रितेश राज महतो, मेघनाथ महतो, रोहित महतो, शिवदेव उराव,सुरेश लोहरा, अजय नायक, मुकेश महतो, विजय महतो, छत्रपाल महतो, नंदकिशोर महतो, कार्तिक महतो बीजू महतो, कर्मा उराव, महावीर महतो सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ ओरमांझी भाजपा का धरना प्रदर्शन

## राज्य सरकार पेंशन को लेकर बैंको का चक्कर लगवा रही

- डीसी के नाम बीडीओ को सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र

**ओरमाझी।** झारखंड में व्याप्त भ्रस्टार के खिलाफ भाजपा द्वारा मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। एक दिन पूर्व कार्यक्रम को सफल बनाने व झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रचार कर जनता से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील की गई थी। हलाकि कार्यक्रम में आम जनता की उपस्थिति नही रही। इसके लिए वर्षा को कारण बताया गया। वहीं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भ्रस्टार व राज्य में बढ़ती अपराधिक घटनाओं के खिलाफ नारेबाजी की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक जीतूचरण राम कहा हेमंत सोरेन की सरकार में दलालों को खुला संरक्षण मिला हुआ है। जाति आवासीय-आय प्रमाण पत्र के लिए विद्यार्थियों को दफ्तरों व वृद्धा व विधवा पेंशन ब्लॉक व बैंक का महीनों चक्कर लगा रहे हैं। किसानों को धान की भुगतान नहीं किया गया। बालू व खनिज सम्पदा में लुट मची। उन्होने सरकार से पुछा की चुनावी वादा पांच लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी कब मिलेगी। वहीं कार्यक्रम के प्रभारी मानकी राजेंद्र साही कहा सरकार की प्राथमिकता जनता की सेवा नहीं, अपने चहेतों को लाभ पहुंचाना बन गया है। उन्होने प्रखंड में व्याप्त भ्रस्टाचार व विकास योजनाओं में अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच की माग किया। बाद में डीसी रांची के नाम नाम 12 सूत्री मांग पत्र बीडीओ कामेश्वर बेदिया का सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से किसानों के धान का भुगतान व खाद-बीज की आपूर्ति, पेंशन योजनाओं की बहाली, भ्रष्टाचार मुक्त दाखिल-खारिज, तीन माह का अग्रिम राशन वितरण आदि शामिल थें। कार्यक्रम में दिलीप मेहता, चतुर साहू, अलखनाथ महतो, राजधाम साहू, लक्ष्मण साहू, अनिरुद्ध साहू, नारायण साहू, भीम मुंडा, आदि कार्यकर्ता शामिल थें।



ओरमांझी में धरना-प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता।

# ऑटो के साथ अब इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जे बनाने की दिशा में आगे बढ़ें जमशेदपुर के उद्यमी : टीवी नरेंद्रन

- उत्पादन और डिजिटलाइजेशन में ग्लोबल बेंच मार्क फॉलो करने की दी सलाह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने उत्पादन गुणवत्ता और डिजिटलाइजेशन के मामले में ग्लोबल बेंच मार्क को फौलो करने की सलाह दी है। इस दिशा में उन्होंने आइआइटी खड़गपुर जैसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी शैक्षणिक संस्थान एवं एनएमएल जैसे ग्लोबल शोध एवं विकास संस्थान के साथ सिनर्जी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर और आदित्यपुर के लघु एवं मध्यम उद्योगों में काफी क्षमता है। जब जमशेदपुर के उद्यमियों को ऑटो सेक्टर के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर और डिफेंस से जुड़े कल-पूर्जे बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए,क्योंकि हमारे देश में सबसे ज्यादा निवेश इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर और डिफेंस सेक्टर में हो रहा है। टाटा ग्रुप भी इस सेक्टर में बड़ा निवेश कर रहा है।





चैम्बर के प्लेटिनम जुबिली समारोह में मंचस्थ टीवी नरेंद्रन, डीबी सुंदरामम, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका व चैम्बर के पदाधिकारीगण। अपना संबोधन देते टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।

नरेंद्रन आज शाम कुदी मोहंती सभागार,कदमा में सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लेटिनम जुबिली समारोह के तहत व्यापारियों एवं उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। टीवी नरेंद्रन ने कहा कि आज से 40-50 व र्ष पूर्व वैश्विक गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने में जापान कोई फैक्टर नहीं था किन्तु आज इंडस्ट्री,एकेमिया और आरएंडडी संस्थानों की सिनर्जी से वह ग्लोबल क्वालिटी बेंचमार्क है। इसी तरह 30 साल पहले तक चीन ग्लोबल क्वालिटी बेंचमार्क नहीं था जो आज बन चुका है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आने वाले दशक में भारत ग्लोबल इंवेस्टमेंट हब बनने जा रहा है, और यहां के उद्योग ग्लोबल क्वालिटी बेंच मार्क बन सकते हैं। बस बड़े उद्योगों की तरह एमएसएमई सेक्टर को ग्लोबल क्वालिटी मुवमेंट का हिस्सा बनना होगा। उन्होंने उद्यमियों को भू-राजनीतिक बदलावों पर नजर रखने और भू-राजनीतिक अवसरों का फायदा लेने के लिए कमर कसने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह चीन में कारोबार के अवसर हैं उससे कहीं ज्यादा संभावनाएं अगल 50 वर्ष के दौरान अफ्रिकी देशों में हैं। यहां के उद्यमियों को वहां भी निवेश के अवसर देखने चाहिए।

उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि टाटा स्टील अपने केपीओ, मीरा मंडली जैसे अन्य लोकेशनों पर भी जमशेदपुर के वेंडरों को मौका दे रही है।

## आरवीएस अकादमी द्वारा एएसआईएससी जोनल वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025 (जूनियर कैटेगरी) का सफल आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी, डिमना रोड, मानगो जमशेदपुर ने दिनांक 24 जून 2025 को एएसआईएससी जोनल वाद-विवाद प्रतियोगिता (जूनियर कैटेगरी) का भव्य आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय था: स्कूलों में अक टूल्स जैसे कि चैट जीपीटी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इस प्रतियोगिता में 23 सीआईएससीई से संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष और विपक्ष में विचारोत्तेजक एवं जानकारीपूर्ण तर्क प्रस्तुत किए, जिससे सभी प्रभावित हुए। इस अवसर को आरवीएस अकादमी के चेयरमैन बिंदा सिंह, प्राचार्या वीशा मोहिंद्रा तथा उप-प्राचार्या श्रीमती पूजा सुमन की गरिमामयी उपस्थिति ने विशेष बना दिया। डॉ परीनीता शुक्ला, प्राचार्या, आरएमएस हाई स्कूल, सोनारी ने मॉडरेटर की भूमिका निभायी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्रतिष्ठित संस्थानों के अनुभवी अंग्रेजी शिक्षकों ने भाग लिया, जिन्होंने निष्पक्षता और विशेषज्ञता के साथ प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों के बाद निम्नलिखित परिणाम घोषित किये गये।

# गुजराती सनातन समाज के योग शिविर में 90 लोगों का रजिस्ट्रेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सत्यानंद योग केंद्र के तत्वाधान में गुजराती सनातन समाज में चल रहे योग शिविर का आज तीसरा दिन था शिविर में 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। आज शिविर में स्वामी गोरखनाथ जी ने लोगों को स्वर योग के बारे में बताया उन्होंने बताया अगर मन उदास, आलस छाया रहता है, काम करने में मन नहीं लगता है, पाचन तंत्र सही काम नहीं करता निम्न रक्तचाप बना रहता, इसका अर्थ यह हुआ कि उसका बायां नासिका ज्यादा सक्रिय है। जिसे बहुत ज्यादा क्रोध आता है, जो उग्र स्वभाव के हैं, मन में चंचलता, उच्च रक्तचाप बना रहता है उसका दाहिना नासिक ज्यादा सक्रिय होता है। उन्होंने कहा कि इसका ज्ञान हमें नहीं है लेकिन हमारे गांव में रहने वाले भाइयों को इसका ज्ञान शुरू से हो जाता है इसलिए गांव में लोग खाना खाने के बाद कभी भी बाईं करवट लेट जाते हैं जिससे दाहिना नासिक क्रियाशील होता है और पाचन तंत्र अच्छी तरह से कार्य करता है।

## झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक 9 की देशव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़ कर लेंगे हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक एन के एरिया डकरा युनिट में किया गया। बैठक की अध्यक्षता झाकोमयू एन०के० एरिया के संयोजक मंडली के सदस्य रंथू उराँव व संचालन बालमुकुंद पाण्डेय ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन सी सी एल स्तर में अलग पहचान बनाने की आवश्यकता है, साथ ही 9 जुलाई को देश व्यापी हडताल में झाकोमयू बढ़ चढ़ एन०के० एरिया के सभी युनिट गेट मिटिंग कर सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वही बैठक में मंडली सदस्य के देख रेख में डकरा परियोजना युनिट का कमिटी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप राम, और सचिव बिनोद गंझू को चुना गया। मौके पर नारायण गंझू, प्रदीप कुमार गंझू, प्रदीप कुमार, रामदयाल उराँव, पवन मुंडा, बंजरंग कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## नाले में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों की मौत

**मांडर।** थाना अंतर्गत मिशन नवाटांड़ के तीन बच्चों की मंगलवार सुबह एक नाले में नहाने के दौरान डूबने से तीन बच्चों कि मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मिशन नवाटांड़ से चार बच्चे आठ वर्षीय अफान अंसारी, दस वर्षीय आफिया परवीन दोनों के पिता मंजूर अंसारी दस वर्षय मारिया परवीन पिता इरफान अंसारी एवं मारिया का भाई आठ वर्षीय ओसामा अंसारी सभी गांव से थोड़ी दूर पर स्थित परयागो ढोढ़ा में जेसीबी से सिंचाई के लिए खोदे गये पानी भरे गड्ढे में नहाने गये थे। नहाने के दौरान अफान, आफिया व मारिया गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना के विषय में सुनते ही परिजन तत्काल अन्य लोगों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों बच्चों को पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला। हालांकि ग्रामीणों के बाहर निकलने तक अफान और आफिया की मौत हो चुकी थी जबकि मारिया की सांसें चल रही थी। परिजन तत्काल उसे मांडर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बेड़ो व नरकोपी भाजपा का प्रखंड कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** प्रदेश भाजपा के निर्देश पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भाजपा मण्डल बेड़ो व नरकोपी मण्डल के बैनर तले हेमंत सोरेन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर, कोयला की लूट और बेरोजगारी, जनता के विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकताओं ने बेड़ो प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जुलूस में शामिल भाजपा नेता सन्नी टोप्पो व भाजपा कार्यकर्ता।

वहीं बीडीओ राहुल उरांव को उपायुक्त के नाम का 15 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। घेराव के पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने बाजार टांड़ स्थित सब्जी मंडी से एक रैली निकाली। जो रांची गुमला मुख्य मार्ग होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचा। इस दौरान हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ का नारेबाजी करते हुए पार्टी नेताओं ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। सभा में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार सिर्फ आश्वासन व घोषणाओं की सरकार है। विकास का काम कागजी है। लूट व भ्रष्टाचार चरम स्तर बढ़ रहे हैं। विकास योजनाओं में लूट-खसोट है। राज्य में हर स्तर पर भ्रष्टाचार चरम पर है। झारखंड का विकास होने के बजाय सिर्फ राज्य में लूट और कमीशनखोरी बढ़ गई है। योजनाओं में कमीशनखोरी व्याप्त है। बिजली व्यवस्था में सुधार होने के बजाय बिजली संकट बढ़ी है। झारखंड ठगबंधन की सरकार बनते ही राज्य लूट का अड्डा बन गया। राज्य के प्राकृतिक व खनिज संपदाओं को दूसरे राज्य भेजा जा रहा है। राज्य में माफिया हावी है। माफिया लोग मिलकर सरकार चला रहे हैं केंद्र सरकार आम जनता को हक व अधिकार देने में लगी है। लेकिन, राज्य सरकार इसे अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा मार्च महीने में हुए ओलावृष्टि का अभी तक पैसा नहीं मिला है। वहीं क्षेत्र की विधायक व कृषि मंत्री चुप्प बैठी हुई हैं। सभा में कार्यक्रम प्रभारी राजीव रंजन अधिकारी,महादेव कुजुर,जतरु उरांव व मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन तेजू दास व धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने किया।

## एक नजर में

### आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान निकाला गया



**खलारी।** आंदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज में नशामुक्ति जागरूकता अभियान को लेकर प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू ने बताया कि झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार राजव्यापी नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा नशा के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए प्रभात फेरी निकला गया। यह प्रभात फेरी विद्यालय से शुरू होकर हेसालौंग गांव होते हुए कोनका धुवामीड़ तक गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहु, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, एडवर्ड मरांडी, सुधीर पांडे, राधा कुमारी, निर्मल कुजूर अनिल कुमार, लखन प्रसाद साहू मनोज कुमार दुबे, मनोहर महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### भाजपा ने अनगड़ा अंचल सह प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया



**अनगड़ा।** सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था और आम जनता की बढ़ती जन समस्याओं के विरोध में मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड सह अंचल मुख्यालय घेराव कर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार युवा उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ओबीसी अध्यक्ष नरेश साहु रामसाय मुंडा, बुधराम बेदिया, मंडल अध्यक्ष सुनिल महतो, मंडल सोहराई बेदिया रामनाथ महतो, संजय नायक, कुंती देवी, सोहन मुंडा, राजेंद्र महतो, श्रीधर रजवार, घनेनाथ महतो, कामेश्वर महतो, सुरेश महतो, रामेश्वर महतो, पूष्णाथ मुंडा, रामेश्वर महतो इत्यादि उपस्थित थे।

### बुंडू में फस्ट लिटिल चेम्स फुटबॉल टुरनामेंट



**बुंडू।** 64वीं प्रखंड स्तरीय प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 के कार्यक्रम का आयोजन बुंडू के रमेश सिंह मुंडा +2 उच्च विद्यालय के मैदान में सम्पन्न हुअ। जिसमें बुंडू प्रखंड के अंडर 8 से 12 एवं 15 से 17 आयु वर्ग के सरकारी विद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई । इसमें लिटिल चेम्स 8से12 में बालक एवं बालिका वर्ग में विजेता राकृत० अभ्यासिक म० वि० बुण्डू,अंडर 15 बालक में प्रथम स्थान उत्क्रमित उच्च विद्यालय नवाडीह,अंडर 17 बालिकाओं में प्रथम स्थान पी एम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बुण्डू, अंडर 17 बालक में प्रथम स्थान रमेश सिंह मुण्डा +2 उच्च विद्यालय बुण्डू को प्राईज देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त टीम को भी सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बीईईओ शांति मुनि तिर्की, बीपीओ अनवर हुसैन, अपूर्व बनर्जी, मंच संचालन स्वरूप लायेक, यशपाल कुमार, बीआरपी सुनील कुमार, खेल शिक्षक महावीर महतो, सुरेश महतो एवं प्रखंड के सभी बीआरपी, सीआरपी तथा शिक्षकों का प्रमुख योगदान रहा।

### संगठन विस्तार को लेकर यूथ कांग्रेस की अनगड़ा में हुई बैठक



**अनगड़ा।** रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस की एक बैठक मंगलवार को जिला ग्रामीण अध्यक्ष अमरनाथ मुंडा एवं रिशु कुजूर की अध्यक्षता में प्रखंड के राजा डेरा पंचायत में हुई। बैठक में जिला ग्रामीण मीडिया चैयरमैन सुरेश कुमार सिंह ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से युवा कांग्रेस के साथियों को अवगत कराते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा संगठन विस्तार के लिए चुनाव की प्रक्रिया से गुजरती है चूंकि झारखंड प्रदेश में यूथ कांग्रेस का चुनाव का समय सुनिश्चित हो गया है इसलिए रांची ग्रामीण के जितने भी युवा साथी गन है वो जिस जिस पद के लिए चुनाव लड़ना चाहते हैं वह अपना नामांकन जल्द से जल्द करवा ले। ग्राम प्रधान और कांग्रेसी किस्टो कुजूर ने कहा कि युवा ही कांग्रेस पार्टी के रीढ है युवा साथियों के द्वारा ही संघर्ष की गाथा लिखी जाती है। कांग्रेस पार्टी के इतिहास रही है कि युवा कांग्रेस के साथियों ने हमेशा सड़क से लेकर सदन तक पार्टी के विचारधारा के लिए लिए संघर्ष किए हैं। बैठक में मुख्य रूप से राँची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अमित खालखो महासचिव हासिब अंसारी तमाड़ा विधानसभा अध्यक्ष लखिंदर मुंडा अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष विशाल कुमार स्वासी वरिष्ट कांग्रेसी जयराम ठाकुर तुरुप से पंचायत अध्यक्ष बलराम पाहन पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय खालखो बरवादाग पंचायत से राजेश कच्छप राजाडेरा पंचायत से रॉबर्ट तिग्गा जी राम भजन सिंह मुंडा शशिकांत कुमार अनगड़ा से संतोष राम तमाड़ विधान सभा सचिव राजदेव मुण्डा, गुरुचरण मुण्डा, सालिक मुण्डा, आनन्द मुण्डा एवं युवा साथि गण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रतिभा निखारने की जरूरत : बिट्टू



**तरहसी /मनातू।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में पलामू जिला के तरहसी एवं मनातू प्रखंड में संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत तरहसी एवं मनातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रखंड पदाधिकारियों को नियुक्ति-पत्र सौंपा गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र नाथ पासवान और संचालन मनातू प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव ने किया। जिलाध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि सभी से पूर्ण विश्वास है कि पूरी कर्मठ एवं सक्रियता के साथ प्रखंड में कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए संगठन की मजबूती हेतु निस्वार्थ भाव से कार्य करेंगे। कहा कि पलामू जिला के हर गांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की छिपी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। मनोनयन पत्र वितरण में कोषाध्यक्ष अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष मिट्ठू खान शामिल थे।

### 15 प्रशिक्षणार्थियों को कल्याण गुरुकुल की पहल पर चेन्नई में मिली नौकरी

**मेदिनीनगर।** कल्याण गुरुकुल का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह मनाया गया। मौके पर 15 प्रशिक्षणार्थियों को चेन्नई कंपनियों में रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र दिया गया। जिसमें अतिथियों ने प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि सैकत चटर्जी, विशिष्ट अतिथि इप्टा के प्रेम प्रकाश, सतेंद्र कुमार ने कहा कि कड़ी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने की जरूरत है। मौके पर दीपक सिंह, मिथिलेश कुमार, सुग्रीव सिंह, बिंदेश कुमार, मुकीब अंसारी, शिवांश कुमार, पंकज कुमार भी थे।

### भय, भूख व भ्रटाचार के खिलाफ प्रदर्शन



**मोहम्मदगंज।** राज्य की लचर विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन के पश्चात भाजपा नेता की एक टीम ने मंगलवार को पलामू उपायुक्त के नाम बीडीओ रणवीर को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में विधि व्यवस्था फेल है। आकंठ भ्रटाचार, लूट, हत्या, बलात्कार की घटना से राज्य की जनता कराह रही है। हर योजना में रिश्वतखोरी हॉबी है। अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं, स्कूल है पर शिक्षक नहीं के तर्ज पर लड़खड़ाता यह राज्य अपनी सफर तय करने को विवश है। मौके पर अशोक सिंह, नीरज सिंह, महेंद्र सिंह, माणिकचंद शर्मा, नगीना सिंह, सुशील मेहता, विश्वनाथ चौधरी शामिल थे।

### राज्य सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरी भाजपा, निकाली आक्रोश रैली



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड परिसर में भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में जंगलराज राज और भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आक्रोश रैली आयोजित की गयी। जन आक्रोश प्रदर्शन में जोरदार संख्या में नेता व जनता एक साथ दिखे। हेमंत सरकार के निकम्मेपन के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में सड़कों पर उतरकर सरकार की जनविरोधी नीतियों का डंटकर विरोध किया। नेताओं ने बताया कि प्रखंड सह अंचल में घुसखोरी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मुटेशन, पंजी 2 शुद्धि करण, भूमि धारण के नाम पर लूट मची हुई है। जन आक्रोश के ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर उप महापौर मंगल सिंह, पूर्व जिप सदस्य बिकास चौरसिया संटु, जिला मंत्री धिरेंद्र दुबे, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, आनंद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सिकंदर चौरसिया,युवा प्रखंड अध्यक्ष अमरेन्द्र चौरसिया, शशिकांत चौरसिया, सुबोध गुप्ता रामकरेश चौरसिया, ज्वाला प्रसाद शामिल थे।

### हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपाइयों ने किया जोरदार प्रदर्शन



**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड कार्यालय के सामने प्रदेश भाजपा के निर्देश पर हैदर नगर भाजपा मंडल इकाई ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। संचालन मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। कार्य समिति सदस्य संध्या सिंह ने कहा कि राज्य सरकार में चारों तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार की बोलबाला है। कोई काम बिना पैसा का नहीं हो रहा है। सब कुछ जानकार भी अधिकारी चुप हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, सरयू गुप्ता, आनंदी पासवान, कमलेश विश्वकर्मा सहित कई लोग शामिल थे।

### राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा की आक्रोश रैली, कुशासन का आरोप



**नीलांबर-पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा लेस्लीगंज मंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय के पास आक्रोश रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने की। आक्रोश रैली में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा पलामू जिला महामंत्री विजय ठाकुर थे। साथ ही पूर्व प्रदेश महामंत्री (मोर्चा) चतुर्गुण राम, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्यानंद पाठक, जिला महामंत्री चन्द्र प्रकाश पासवान उर्फ मुन्ना, पांकी विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता और स्थानीय विधायक प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता उपस्थित रहे। मंच संचालन ओमप्रकाश दुबे ने किया। नेताओं ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार, बलात्कार, अपहरण और खनिज लूट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में आम जनमानस खुद को असुरक्षित और लाचार महसूस कर रहा है। सरकारी योजनाएं लूट का जरिया बन गई हैं, युवा बेरोजगार हैं और किसान उपेक्षित हैं। भाजपा नेताओं ने अबुवा राज के नाम पर हो रहे बालू खनन, बिजली चोरी, और अन्य अवैध गतिविधियों पर राज्य सरकार को घेरा। कार्यक्रम में नीलकंठ गिरी, विजय कुमार, नागेंद्र मिश्रा, लव सिंह थे।

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारत को पांच विकेट से हराया

## बेन डकेट ने डाली भारत की जीत में डकैती, टेस्ट इतिहास का 10वां सबसे बड़ा रन चेज

### कुल 835 रन बनाने के बाद भी हारी टीम इंडिया

**एजेंसी**



**लीड्स।** इंग्लैंड ने टेस्ट इतिहास का 10वां सबसे बड़ा रन चेज कर लिया है। हेडिंग्ले के मैदान पर भारत ने आखिरी पारी में इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रनों का लक्ष्य दिया था। बेन स्टोक्स की टीम ने 5 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह भारत के खिलाफ टेस्ट इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा रन चेज है। सबसे बड़े रन चेज का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम है। 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथी पारी में 378 रनों का टारगेट हासिल कर लिया था। ये दोनों टेस्ट में इंग्लैंड के दो सबसे बड़े रन चेज हैं। मैच की पहली पारी में भारत ने 471 रन बनाये थे। इसके बाद इंग्लैंड ने 465 रन ठोके। भारतीय टीम की दूसरी पारी 364 रनों पर सिमट गई थी। इस तरह इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रनों का लक्ष्य मिला। इस जीत से इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 1-0 की बढ़त बना ली है। यह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में भारत का पहला मैच था।

**गिल की कप्तानी में पहला टेस्ट**

शुभमन गिल की कप्तानी में यह भारत का पहला ही टेस्ट था। इस मैच के साथ गिल-गंभीर युग की शुरूआत हुई है लेकिन टीम को शर्मनाक हार मिली। भारत ने मैच में 835 रन बनाये। टीम की तरफ से बल्लेबाजों ने 5 शतक लगाये। आज तक किसी भी टेस्ट में भारत की तरफ से 5 शतक नहीं लगे थे। इसके बाद भी टीम इंडिया का मुकाबला हारना काफी शमार्नाक है। भारत को इससे पहले सिर्फ एक बार ही अपनी पहली पारी में इससे बड़ा स्कोर बनाने के बाद हार मिली थी। 2008 के सिडनी टेस्ट में 532 रन बनाकर के बाद भी ऑस्ट्रेलिया से भारत हार गया था। अब तक टेस्ट इतिहास में सिर्फ चार ही बार कोई टीम 835 रन से ज्यादा बनाने के बाद भी मैच हारी। इंग्लैंड 1948 में इसी मैदान पर 861 रन बनाने के बाद हारी थी। 2022 में पाकिस्तान 847 और न्यूजीलैंड 837 रन बनाने के बाद इंग्लैंड से हारी थी।

**बेन डकेट ने ठोका शतक**

खेल के पांचवें दिन इंग्लैंड के मुश्किल वक्त में चौथी पारी में बेन डकेट ने तूफानी शतक ठोका। सलामी बल्लेबाजी करने उतरे डकेट ने 149 रनों की पारी खेली। सिर्फ 170 गेंदों पर उन्होंने 21 चौके और एक छक्का लगाया। बेन डकेट ने पहले टेस्ट में सबसे मुश्किल वक्त में शतक मारकर भारत से मैच लगभग छीन लिया। इंग्लिश ओपनर ने मैच के पांचवें दिन शानदार शतक बनाया। यह टेस्ट मैच की चौथी पारी में भारत के खिलाफ किसी भी बल्लेबाज का सबसे बड़ा स्कोर है। पहले विकेट के लिए डकेट ने जैक क्राउली के साथ 188 रनों की साझेदारी बनाई। यह टेस्ट इतिहास में इंग्लैंड के लिए चौथी पारी में सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। मेजबान इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बनाए थे। उसने पांचवें दिन यानी मंगलवार को इस स्कोर से आगे खेलना शुरू किया. जीत के लिए पांचवें दिन इंग्लैंड को 350 रन और बनाने थे। खराब मौसम में ऐसा कर पाना बड़ी चुनौती मानी जा रही थी। मैच में भारत का पलड़ा भारी माना जा रहा था।

जसप्रीत बुमराह के लय में होने से इंग्लैंड के लिए लक्ष्य दोगुना हो गया था लेकिन उसके ओपनर्स ने गजब का जज्बा दिखाया। बेन डकेट और जैक क्राउली ने मंगलवार को पहला सेशन बिना विकेट गंवाए निकाल दिया। इन दोनों ने दूसरे सेशन में भी बारिश आने तक जमकर बैटिंग की और खेल का रुख इंगलैंड की ओर मोड़ दिया। इस दौरान बेन डकेट ने अपना शतक भी पूरा किया। यह इस मैच का सातवां शतक है। भारत की ओर से मैच में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शतक जमाये। पंत ने तो दोनों पारियों में शतकीय पारियां खेली। इंग्लैंड के ओली पोप भी मैच में शतक लगा चुके हैं।

**प्रसिद्ध कृष्णा ने मचाई तबाही :** जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जहां बेअसर नजर आए तो बारिश के बाद मैच के शुरू होते ही प्रसिद्ध कृष्णा ने दो लगातार विकेट झटके. पहले जैक क्रॉली और फिर ओली पोप को वापसी का टिकट थमाया.

**इंग्लैंड पर प्रसिद्ध कृष्णा का वार :** इंग्लैंड की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए भारतीय गेंदबाजों को जमकर तरसाया। 188 रन की साझेदारी करने के बाद जब बारिश की वजह से मैच में ब्रेक हुआ तो वापसी आते ही भारत ने पहली सफलता हासिल की। जैक क्रॉली का धैर्य आखिरकार टूटा और प्रसिद्ध कृष्णा की बॉल पर 65 रन के स्कोर पर केएल राहुल ने उनको कैच लेकर वापसी का रास्ता दिखाया। पहली पारी में सेंचुरी ठोकने वाले ओली पोप को प्रसिद्ध ने 8 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया।

### इंग्लैंड की सलामी जोड़ी ने हेडिंग्ले में रचा इतिहास

## तोड़ा 82 साल पुराना रिकॉर्ड

पांचवें दिन इंग्लैंड के दोनों ओपनर जैक क्रॉली और बेन डकेट ने शानदार बल्लेबाजी की और मैच को इंग्लैंड के पक्ष में डाल दिया। दोनो सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 188 रनों की साझेदारी की। जैक्रॉली ने 65 रन बनाए जबकि बेन डकेट ने 149 रनों की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने न सिर्फ शानदार बल्लेबाजी की बल्कि कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। इन दोनों खिलाड़ियों की साझेदारी भारत के खिलाफ चौथी पारी में सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी बन गयी। इसके अलावा हेडिंग्ले में ये सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है, जबकि इंग्लैंड में चौथी पारी में ये दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इंग्लैंड की इस ओपनिंग साझेदारी ने टेस्ट मैच की चौथी पारी में भारत के खिलाफ सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी का 82 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के ओपनर एलन राय और जेफरी स्टॉलमेयर के नाम था, जिन्होंने 1953 में 142 रनों की साझेदारी की थी।

# भारत और इंग्लैंड पहले ही टेस्ट में 3 दिन पहनी काली पट्टी



**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले में पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन दोनों टीम के खिलाड़ी अपनी बाजू पर काली पट्टी बांधे हुए नजर आये। दरअसल, भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी का सोमवार को लंदन में निधन के शोक में ऐसा किया। इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों ने मैदान पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी याद में एक मिनट का मौन रखा। इससे पहले भी दोनों टीमों इस मैच में दो बार काली पट्टी पहनकर मैदान पर उतरी हैं। पहली बार भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ी लीड्स के हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के पहले दिन अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों की याद में और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए अपनी बाजू पर काली पट्टी पहनकर उतरे थे। उस समय भी खिलाड़ियों में श्रद्धांजलि देते हए मौन धारण किया था। दूसरी बार इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड लॉरेंस के सम्मान में खिलाड़ी काली पट्टी पहनकर उतरते थे। डेविड लॉरेंस का 22 जून को 61 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।

## पूर्व भारतीय स्पिनर दिलीप दोषी का लंदन में निधन



**लंदन।** भारत के बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोषी का सोमवार को लंदन में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। दोषी ने 33 मैचों में 114 टेस्ट विकेट लिए। इसमें छह बार पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। उन्होंने 15 वन-डे मैचों में 3.96 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट भी लिए। दोषी ने सौराष्ट्र, बंगाल, वारविकशायर और नॉटिंघमशायर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट भी खेला। वह लंबे समय से लंदन में रह रहे थे। ईएसपीएन की खबर के अनुसार दोषी ने 1970 के दशक में प्रसिद्ध स्पिन चौकड़ी के पदचिह्नों पर चलते हुए 32 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। वे नॉटिंघमशायर में वेस्टइंडीज के दिग्गज गारफील्ड सोबर्स से भी काफी प्रभावित रहे। दोषी ने 1980 के दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से चुपचाप विदाई ले ली। वह इस समय भारतीय क्रिकेट के संचालन के तरीके से सहमत नहीं थे। दोषी ने अपनी आत्मकथा 'स्पिन पंच' में अपने क्रिकेट के दिनों का एक ईमानदार और सम्मोहक विवरण भी लिखा है।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने मंगलवार को जारी बोर्ड के बयान में कहा, ₹दिलीप दोषी के निधन की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हो रहा है। वे स्पिन गेंदबाजी के सच्चे खिलाड़ी थे। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह एक सज्जन व्यक्ति थे और भारतीय क्रिकेट के समर्पित सेवक थे। खेल पर उनका प्रभाव बहुत बड़ा था और उन्होंने अपने कौशल और समर्पण से क्रिकेटरों की एक पीढ़ी को प्रेरित किया। भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। हम इस कठिन समय में उनके परिवार, दोस्तों और पूरे क्रिकेट जगत के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

## मनातू में भाजपाइयों ने राज्य सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- भाजपा के नेताओं ने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अवैध उत्खनन पर उठाये सवाल



**मनातू (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी ने हेमंत सरकार की लूट, बलात्कार, हत्या, भ्रष्टाचार एवं गलत नीतियों के खिलाफ मंडल अध्यक्ष अंतू यादव के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन रैली निकाली। जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता थे। सभी ने सरकार के खिलाफ नारे लगाये जिसमें भ्रष्टाचार बंद करो वृद्धा, विधवा पेंशन हर महीने लागू करो, जमीन संबंधी समस्या प्रखंड स्तरीय कैंप लगाकर दूर करो शामिल है। बीडीओ को उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंड के सभी प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आक्रोश प्रदर्शन झारखंड के निकम्मी सरकार के खिलाफ किया जा रहा है। इस निकम्मी सरकार ने सरकार में आने सेपहले बहुत सारे वादा किया

### रथ यात्रा व मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**मोहम्मदगंज।** रथ यात्रा और मुहर्रम को लेकर मोहम्मदगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुधवार को 4 बजे आयोजित की गई है। बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्ध समेत समस्त प्रतिनिधि को थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने आमंत्रित किया है।


### ग्रामीण विकास मंत्री से पथ निर्माण की मांग

**पाटन पलामू।** पलामू जिला असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के अनिल सिंह ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से कृष्ण मुरारी सिंह के घर की पुलिया से श्मशान घाट तक 700 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराने की मांग की है। कहा है कि ग्राम राजहरा में श्मशान घाट तक जाने के लिए कोई सड़क नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

## विश्रामपुर थाना प्रभारी ने चलाया नशामुक्ति अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- स्कूली बच्चों को नशे के खतरों के प्रति किया जागरूक
- जागरूकता रैली के साथ किया नगर भ्रमण



**विश्रामपुर पलामू।** नप मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसका आयोजन विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने किया, जो पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य युवाओं व बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना था। विद्यालय में उपस्थित बच्चों को नशे के शारीरिक, मानसिक व पारिवारिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बच्चों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों को भी प्रभावित करता है। इससे बच्चों के बीच नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ी।

## झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का आक्रोश मार्च

# हेमंत सरकार पर जमकर बरसे भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बीडीओ को ज्ञापन देते भाजपाई।

**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में भाजपा ने मंगलवार को जन आक्रोश मार्च निकाला। मार्च के दौरान भाजपा नेताओ-कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन हाय-हाय, हेमंत सोरेन मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। आक्रोश मार्च की शुरुआत जनता उच्च विद्यालय गेट से हुआ, जो बस स्टैंड, थाना मोड़, गांधी चौक, पंचमुखी मंदिर बाजार परिसर होते हुये नगर भ्रमण के बाद आक्रोश मार्च प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा। जहां मार्च सभा में तब्दील हो गया। जन आक्रोश रौली के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह भी शामिल थे। सभा की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। सभा में भाजपा नेताओं ने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था चौपट हो चुका है। अपराध और लूट खसोट चरम पर है। राज्य में कानून नाम का कोई चीज दिखाई नही दे रहा है। रूपा सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। राज्य सरकार विकास के बजाए तुष्टिकरण कर रही है। सभा समापन के बाद भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओ ने हेमंत सरकार के व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली-पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर व कोयला की लूट तथा बेरोजगारी के विरोध सहित कई मुद्दों का एक ज्ञापन बीडीओ राजीव सिंह को सौंपा। मौके पर पूर्व प्रखंड प्रमुख संतोष चौबे, वरीय भाजपा नेता, डॉ बी पी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, किरण देवी, किरण शर्मा, इदरीश हवारी, शिववंश मिश्रा, उपेंद्र तिवारी, बिहारी लाल गुप्ता, सुनील कुमार चौधरी, मनीष कुमार, रजनीश कुमार, संजय साह, संजय ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, सचितानंद मेहता, सुमंत चंद्रवंशी, शशिभूषण चंद्रवंशी, रामप्रवेश मौर्या सहित ग्रामीण व नगर मंडल के कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्य में लूट की छूट : जीतेंद्र तिवारी

**शिवशंकर पासवान**



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते भाजपा नेता-कार्यकर्ता व अन्य।

**पांकी पलामू।** झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार पांकी मंडल की ओर से जोरदार प्रदर्शन व धरना कार्यक्रम किया गया। पांकी प्रखंड कार्यालय परिसर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भाजपा के पलामू किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष जीतेन्द्र तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। उन्होंने कहा कि बालू कोयला लोहा व भूमि का खेल हर स्तर पर खेला जा रहा है। सिपाही से मुख्यमंत्री तक कोई जानता की सुनने को तैयार नहीं है। बुजुर्गों को पेंशन समय पर नहीं मिल रही है। आवंटन के अभाव में सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर जनता का दोहन कर रही है।

गाड़ियों का चालान काट कर वसूली करना, बालू की कालाबाजारी, शराब की कालाबाजारी, कोयला, लोहा की कालाबाजारी इस सरकार में चरम पर है। कानून व्यवस्था की स्थिति यह है की पुलिस बालू और वाहन चेकिंग कर उगाही में मस्त है, अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। अपराध का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था लचर हो गयी है। बिजली-पानी व्यवस्था का बुरा हाल है। कहा कि अवैध बालू, पत्थर एवं कोयला की लूट झारखंड के लिए आम बात है। बढ़ती बेरोजगारी से युवा त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि पांकी सहित राज्य में विकास कार्य बंद हैं। किसी भी विभाग ने आवंटन नहीं है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री चैन की बंशी बजा रहे हैं। इन तमाम जनविरोधी मुद्दों के विरोध में भाजपा पांकी प्रखंड के तत्वावधान धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया गया है। स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो सरकार के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन किया जायेगा। धरना के बाद बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में जिला से आये प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय तिवारी, जिला किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष और इस आक्रोश प्रदर्शन के प्रभारी जितेन्द्र तिवारी भाजपा पलामू जिला ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पाण्डेय जिला कार्यसमिति सदस्य साधु मांझी, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह भी थे।

# बोकारो : बीएसएल, परिधीय गांवों के युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान करायेगी





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत बोकारो के परिधीय गांवों के युवाओं को निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाली महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस दौरान बीएसएल के ईडी-वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी जीएम-सीएसआर बी बनर्जी एवं सीएसआर विभाग की टीम और महेन्द्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के शाखा प्रबंधक एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

इस एमओयू का उद्देश्य परिधीय गांवों के युवाओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है। इस एमओयू के तहत बोकारो के परिधीय गांवों के लगभग 300 लाभार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए लिए सप्ताह में 6 दिन ऑफ लाइन या ऑन लाइन मोड में कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसके अलावा उन्हें निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी और समय-समय पर मॉक टेस्ट लिया जाएगा।

बीएसएल के सीएसआर के तहत इस प्रयास से परिधीय गांवों के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने में मदद मिलेगी।

## बेरमो : भाजपाइयों ने प्रखंड कार्यालय के सामने दिया धरना प्रदर्शन

# झारखंड में गरीब और किसानों की नहीं अफसरों की सरकार : रविंद्र कुमार पांडेय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** भाजपा बेरमो प्रखंड व फुसरो नगर मंडल समिति द्वारा हेमंत सोरेन सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था, अवैध बालू, पत्थर, कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा झारखंड के निर्देश पर बेरमो प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने हेमंत सोरेन सरकार पर विभिन्न आरोप लगाया। कहा कि राज्य में अवैध बालू, पत्थर, कोयला का अवैध खनन कर तस्करी किया जा रहा है। सरकार एक भी बालू घाट का नीलाम नहीं कर पाई। बेरोजगारी बढ़ गई है। बिजली पानी की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश है। राज्य सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। इस दौरान विनय सिंह, मधूसूदन प्रसाद सिंह, ईश्वरचन्द्र प्रजापति, अर्चना सिंह, सी पी सिंह, सुरेन्द्र स्वर्णकार और रमेश स्वर्णकार आदि ने सरकार के खिलाफ जमकर निशाना बनाया। प्रदर्शन के उपरांत मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर टीनू सिंह, सुरेन्द्र गिरि, दिनेश पांडेय, मदन गुप्ता, भाई प्रमोद सिंह, वैभव चौरसिया, अशोक मिश्रा, भरत वर्मा, विनय पाठक, संत सिंह, देवतानंद दूबे, दिनेश सिंह, सीमा देवी, श्रीकांत यादव, राम किंकर पांडेय, बैजनाथ सिंह, संजय प्रसाद, अभिषेक सिंह, राजेश साव,अनिल गुप्ता,रामू तांती, गणेश सिंह,लाल मोहन महतो, सुरेंद्र सिंहा, ज्योति कुमारी, अनिता सकूजा, राखी देवी, शिवपूजन चौहान, रामू तांती, संजय पांडेय, प्रनेश गिरि, नवीन पांडेय, नवल किशोर सिंह व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### सीसीएल सीकेएस केन्द्रीय आस्पताल ढोरी का एजेंडा वार्ता बैठक सम्पन्न



बेरमो। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र का 27 सूत्री एजेंडा वार्ता बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। आस्पताल प्रबंधन की ओर से बैठक की अध्यक्षता ढोरी क्षेत्र के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी संजय सिन्हा तथा संचालन कार्मिक अधिकारी मानव संसाधन सीता राम यूके द्वारा किया गया। यूनियन की ओर से केन्द्रीय आस्पताल के अध्यक्ष संजीत ठाकुर, सचिव गौतम लोहार तथा केन्द्र की ओर से सीसीएल सीकेएस के कार्यसमिति सदस्य सह अखिल भारतीय खदान मजदूर पेंशन सेल सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा,भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला संगठन मंत्री संत सिह क्षेत्र की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप तथा क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह एवं संगठन मंत्री नुनुचंद महतो बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम प्रबंधन की ओर से ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रबंधन व ट्रेड यूनियन एक दूसरे के पूरक होते है। संगठन व प्रबंधन के सामन्जस्य से कोल इंडिया आज देश मे उत्पादन कर देश मे ऊर्जा के श्रोत में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। वही रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि आज की एजेंडा बैठक में कोयला कामगरों के 27 सूत्री ज्वलन्त समस्याओं पर संगठन की ओर से आस्पताल प्रबंधन को ध्यानाकर्षित कराया गया है। मौके पर अस्पताल प्रबंधन की ओर से विधुत एवं यांत्रिक रविशंकर, असैनिक इन्जीनियर रामलखन कुमार व ओवरसीयर किशुन रॉय, डॉक्टर आर.एन झा, रोहित शर्मा, पुनीत गुप्ता, यूनियन की ओर से ,चंद्रकांत प्रसाद, राजेश पासवान, सोमनाथ मिश्रा, फूलचंद किस्को, प्रतोष कुमार रॉय, भुनेश्वर, राजेश पासवान आदि उपस्थित रहे।

### बोकारो : वन स्टॉप सेंटर सेवाओं पर मीडिया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन



बोकारो/कसमार। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती जेंडर आधारित हिंसा और घरेलू उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम तथा पीड़ितों को सशक्त सहायता मुहैया कराने के उद्देश्य से सहयोगिनी कार्यालय में एक मीडिया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन-वूमेन गेनिंग ग्राउंड अभियान के अंतर्गत क्रिया-इब्तिदा झारखंड-सहयोगिनी एवं युवा संस्था पूर्वी सिंहभूम की संयुक्त पहल पर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा संस्था जमशेदपुर की सचिव बरनाली ने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों और पंचायत स्तर के नेताओं को वन स्टॉप सेंटर की भूमिका व सेवाओं से अवगत होना जरूरी है। घरेलू हिंसा के खिलाफ सामाजिक एकजुटता भी जरूरी है। कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं में विश्वास का संचार करना और सेवा प्रदाता संस्था के साथ सहयोगी संबंध बनाना है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर मौजूद विशेष रूप से विकलांग-आदिवासी व सामाजिक रूप से वंचित वर्ग की महिलाओं तक सेवाएं पहुंचाना जरूरी हैं। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि घरेलू हिंसा सिर्फ एक व्यक्ति की समस्या नहीं यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें पीड़ित महिलाओं को उनकी आंतरिक शक्ति का एहसास कराना होगा ताकि वे इस चुप्पी और पीड़ा की जंजीरों को तोड़ सकें। कार्यक्रम का संचालन कुमारी किरण ने किया। मौके पर पोंडा मुखिया हारु रजवार बाराडीह मुखिया पुष्पा देवी गौतम सागर सोनी कुमारी लाडली खातून रोजी प्रवीन बिनीता देवी चंद्रा रेखा मंजू देवी सुरजमणि देवी नीतू कुमारी अनिल कुमार हेम्ब्रम आर्या संगीता देवी सोनिका कुमारी जया कुमारी सूर्यमणि देवी अमरजीत कुमार रवि कुमार राय मंजू देवी अभय सिंह नीतू कुमारी सनी कुमार व कई सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### बीएसएल को मिला सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का स्टेज-टू उन्नत संस्करण प्रमाणन

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट को सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली का स्टेज-टू उन्नत संस्करण के प्रमाणन की अनुशंसा मेसर्स टीयूवी के लेखा परीक्षक अमर कुमार शाह द्वारा प्रदान किया गया। सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के स्टेज-टू उन्नत संस्करण के प्रमाणन को दो चरणों में आयोजित किया गया था- प्रथम चरण के ऑडिट का आयोजन रिमोट मोड में आयोजित किया गया था जिसमें मेसर्स टीयूवी के लेखा परीक्षक श्री शाह के द्वारा सभी दस्तावेज का सत्यापन 30 मई' 2025 को किया गया था। सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के स्टेज-टू उन्नत संस्करण के द्वितीय चरण के ऑडिट का आयोजन सीजीएम-सी एंड आईटी राजन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सीजीएम राजन कुमार ने लेखा परीक्षक को बीएसएल के सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली से अवगत कराया। तत्पश्चात जीएम-सी एंड आईटी एवं मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी-सीआईएसओ एके चौधरी ने आईएसएमएस ऑडिट के बारे में संक्षेप में बताया। शाह ने ऑडिटिंग प्रक्रिया और लेखा परीक्षा की आवश्यकताओं के बारे में सी एंड आईटी विभाग के सभी अनुभाग प्रमुख और संबंधित अधिकारियों को एक संक्षिप्त विवरण दिया। सी एंड आईटी विभाग में आईएसओ 27001/ आईएसएमएस 2022 के विस्तृत ऑडिटिंग के बाद समापन बैठक में शाह ने लेखा परीक्षा के निष्कर्ष प्रस्तुत किए तथा कुछ एक क्षेत्र में सुधार का संकेत दिए। सीजीएम कुमार ने विस्तृत जानकारी के लिए ऑडिटर को धन्यवाद दिया तथा सुधार बिंदुओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। अंत में लेखा परीक्षक अमर कुमार शाह ने अगले तीन साल के लिए आईएसओ 27001/ 2022 आईएसएमएस के उन्नत संस्करण पर प्रमाणन के लिए बीएसएल की अनुशंसा की।

### यूनियन प्रतिनिधियो ने अमलो के नये पीई ईएंडएम अभय नारायण का किया स्वागत



बेरमो। मंगलवार को यूनियन प्रतिनिधि साघु बाउरी के नेतृत्व मे कर्मियो ने एडीओसीएम (अमलो) के नये पीई ईएंडएम अभय नारायण को पदभार ग्रहण करने पर गुलदस्ता ऑर शॉल भेंट कर स्वागत किया और कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने मे सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सिनियर मैनेजर शिवाजी सर, मैनेजर अभिषेक कुमार, फोरमैन अभिजीत दता सहित यूनियन नेता साघु बाउरी, बादल पांडेय, ललन कुमार, गोपाल नायक, लालू केवट, फणी भूषण ठाकुर, रामानुज कुमार, जिगनेश कुमार, सुगन दास, राजकुमार, महादेव दास, प्रदीप घोष,सुबोध कुमार, प्रदीप कुमार सिंह आदि उपस्थित हुए।

### गोड्डा : ओलंपिक डे पर खेल कार्यालय ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

गोड्डा। इंटरनेशनल ओलंपिक डे के उपलक्ष्य पर सोमवार शाम जिला खेल कार्यालय द्वारा खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महिला महाविद्यालय परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित उक्त समारोह में विभिन्न खेलों से कुल 91 खिलाड़ी एवं 6 प्रशिक्षकों को यथा-फुटबॉल के एक खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, बैडमिंटन के दो खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, एथलेटिक्स में गोला फेंक के एक खिलाड़ी, नेटबॉल 59 खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, वॉलीबॉल के 8 खिलाड़ी एवं एक प्रशिक्षक, कुश्ती के 3 खिलाड़ी, हैंडबॉल के 12 खिलाड़ी एवं दो प्रशिक्षक, दिव्यांग क्रिकेट के तीन खिलाड़ी एवं जूडो के दो खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि एसडीओ बैद्यनाथ उरांव के हाथों ट्रॉफी, टॉवेल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ प्राण महतो, हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पु एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट पवन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल संघों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला कुश्ती एवं हॉकी संघ सचिव सुरजीत झा ने किया।

### स्टेट बैंक बोकारो मे रक्तदान शिविर का आयोजन

बेरमो। बेरमो अनुमंडल स्थित भारतीय स्टेट बैंक बोकारो थर्मल शाखा में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी व एसबीआई शाखा के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन एसबीआई बोकारो के चेयरमेन बी डी मिशा के दिशा निर्देश पर किया गया। इस ब्लड डोनेशन में स्थानीय सीआईएसएफ, एसबीआई कर्मचारी, सीएसपी सहित बैंक के खाता धारकों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया, कार्यक्रम में कुल 51 यूनिट ब्लड डोनेट की गई, चिकित्सक के रूप में प्रकाश मिश्रा, रंजन कुमार, ब्रह्मदेव सिंह, संजय कुमार ने भूमिका निभाए।कार्यक्रम को लेकर एसबीआई स्थानीय बैंक प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि सात दशक देश के साथ देश भर में रक्त दान शिवीर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सत्तर हजार ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा गया है, साथ ही उन्होंने बेरमो एसडीएम मुकेश कुमार मछुआ के सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सहमति से आज का ब्लड डोनेशन कार्यक्रम सफल रहा।

### गोड्डा : झामुमो जिला युवा मोर्चा का हुआ गठन

गोड्डा। जिला झामुमो समिति के पत्रांक द्वारा प्राप्त अनुसंशा के आलोक में गोड्डा जिला अन्तर्गत पार्टी के वर्ग संगठन के जिला समिति का गठन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा, गोड्डा जिला समिति, महिला मोर्चा जिला समिति, अल्पसंख्यक मोर्चा, गोड्डा जिला समिति एवं किसान मोर्चा गोड्डा जिला समिति का गठन किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा, गोड्डा जिला समिति का राजेश हांसदा को अध्यक्ष, संतोष कुमार उर्फ गुड्डू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं प्रियांशु राज को सचिव, मो निसार अहमद को सह सचिव एवं ब्रजेन्द्र मरांडी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला मोर्चा जिला समिति का गठन किया गया जिसमें पूनम देवी को अध्यक्ष, मिनि किस्कू को उपाध्यक्ष, जसिन्ता बेसरा को सचिव, शहनाज बेगम को सह सचिव, स्वीकृता हांसदा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा, गोड्डा जिला समिति का भी गठन किया गया जिसमें मो अरगमान को अध्यक्ष, मो आलम अंसारी को उपाध्यक्ष, मो अली हुसैन अंसारी को सचिव, मो अब्दुल गफ्फार को सह सचिव, मो जलाल उद्दीन अंसारी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जेएलकेएम ने मांडू विधायक तिवारी महतो का किया पुतला दहन



फुसरो। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकर्ताओ ने मांडू विधायक तिवारी महतो पर जेएलकेएम अध्यक्ष सह डूमरी विधायक जयराम कुमार महतो पर अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाते हुए पुराना बीडीओ ऑफिस में पुतला दहन किया। पुतला दहन का कार्यक्रम फुसरो नगर अध्यक्ष निर्मल महतो के नेतृत्व में किया गया। वक्ताओ ने कहा कि जेएलकेएम अध्यक्ष जयराम कुमार महतो के खिलाफ अपशब्द एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किये जाने के विरोध में यह पुतला दहन किया गया है। मांडू विधायक द्वारा डुमरी विधायक के विरुद्ध दिया गया बयान घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। जयराम महतो राज्य में खतियानी आंदोलन, जेपीएससी-जेएसएससी की पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान सहित अनेक जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे जननायक के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग पूरे झारखंड की अस्मिता पर चोट है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, रांची में हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान मीडिया के सवाल पर मांडू विधायक द्वारा कथित तौर पर जयराम महतो को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की गई थी, जिसके बाद कार्यकर्ताओं में रोष है। केंद्रीय सचिव अमन रवि, चंद्रदेव महतो, रोशन महतो, राज गिरी, हाशिम अंसारी, केडी महतो, विनोद चौहान, राहुल पासवान, संजय चौधरी, प्रीतम महतो, उदित मुंडा, सोनू महतो, किशोर महतो, प्रदीप महतो, सहदेव महतो, सूरज महतो, लोकनाथ महतो, नकुल महतो आदि लोग मौजूद थे।

### गोड्डा: संदिग्ध हालत में पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

गोड्डा/ललमटिया। थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव के समीप पहाड़ी क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ पाया गया। वहीं मृतका की पहचान पार्वती हेंब्रम, उम्र 20 वर्ष के रूप में हुई है, जो 19 जून की शाम से लापता थी। घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि विवाहिता अचानक घर से गायब हो गई थी। विवाहिता के लापता होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं लग पाया। अंततः 24 जून की सुबह ग्रामीणों ने गांव के नजदीक पहाड़ी क्षेत्र में एक पेड़ से शव को लटका देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### शिव शिष्या महिला मंडली ने दुर्गा मंडप जीर्णोद्धार को दिये 20280 रुपये



बेरमो। नावाडीह प्रखंड के बरई पंचायत में दुर्गा मंडप जीर्णोद्धार करने के लिए शिव शिष्या महिला मंडल की महिलाओं द्वारा 20 हजार दो सौ 80 रुपए का सहयोग दिया। सोमवार को बरई पंचायत में बने लगभग दो सौ साल पुराने नव दुर्गा मंडप का जीर्णोद्धार का शिलान्यास 27 जून को किया जाना है। जिसको लेकर शिव शिष्या महिला मंडली की महिलाओं के द्वारा 20 हजार दो सौ 80 रुपए का सहयोग राशि दिया गया। नव दुर्गा मंडप जीर्णोद्धार के अध्यक्ष जागेश्वर महतो ने बताया कि यह दुर्गा मंडप लगभग दो सौ साल पुराना है। और यह काफी जर्जर हो चुकी हैं। दुर्गा मंडप शुरूआत के समय में खपरैल का था। जिसका जीर्णोद्धार लगभग तीस साल पहले किया गया था। मगर उस समय कोई ढंग का मिस्त्री नहीं होने के कारण ढंग से नहीं बना था।

# भाजपा के सीएम का रिमोट कंट्रोल गुजरात व दिल्ली के हाथों में होता है : मंत्री संजय यादव

## बांग्लादेशी घुसपैठियें है, तो भाजपा 10 सालों से क्या कर रही थी



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बिहार व झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर उद्योग मंत्री संजय यादव ने कहा कि गलत तरीके से आधार कार्ड एवं वोटर कार्ड बनाने को जेल होना चाहिए। लेकिन 10 साल से लगातार भाजपा की गठबंधन है, बिहार में। भाजपा की केंद्र व राज्य में सरकार है, उन्ही के पदाधिकारी है।

ऐसे पदाधिकारी व मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। चुनाव आयोग क्या कर रही है, यह बड़ा सवाल बनता है। महाराष्ट्र में बोगस वोटर्स के कारण भाजपा के जीत पर राहुल गांधी के आरोप पर मंत्री संजय यादव ने कहा कि अगर राहुल गांधी किसी मुद्दे को उठाया है, तो निश्चित रूप से जांच कर कार्रवाई करनी चाहिए। वहां के सरकार को समाप्त करते हुए डीसी व एसडीओ को अविलंब निलंबित कर जेल में डालना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी व रघुवर दास पर चुटकी लेते हुए कहा कि यह सब झारखंडी कह बुलाए है।

लेकिन इनका रिमोट कंट्रोल गुजरात और दिल्ली से चलता है। इसलिए इनकी सोंच झारखंड के प्रति अच्छी हो ही नहीं सकती है। बाबुलाल मरांडी पर कहा कि वह जब अपनी पार्टी झाविमों चलाते थे, तो ठीक थे। लेकिन जब से आरएसएस व भाजपा के गोद में बैठे है, उनकी मति खराब हो गई है।

रघुवर दास पर मंत्री यादव ने कहा कि वह डैसिंग मुख्यमंत्री के नाम से जाने जाते थे। डोभा समेत कई योजनाओं को लेकर भी आज हालात क्या है किसी से छुपा नहीं है। जनचौपाल लगा लोगों को केवल भरमाने का काम रहते रहे है।

मंईयां सम्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार के वादे पुरे करने और चुनाव के समय भाजपा के लुभावने वादे गोगो योजना पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मजूदरों का पलायन रोकने और बेरोजगारों को रोजगार देने के दिशा में प्रतिबद्ध है। सरकार मजदूरों का कार्ड बनवा रही है। जिससे राज्य के मजदूर यदि बाहर काम की तलाश में जाते है, तो उसकी पहचान की जा सके और समय पर सरकारी सुविधा मुहैया करवा सके।

### संजय यादव की कोर्ट में हुई पेशी

आदर्श आचार संहिता मामले में उद्योग मंत्री मंत्री संजय यादव की एमपी - एमएलए कोर्ट में पेशी हुई। पेशी एमपी-एमएलए विशेष अदालत सह एसडीजेएम मोहित कुमार चौधरी के अदालत में हुई। पेशी विधानसभा चुनाव 2014 में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में हुई। मंगलवार को केस में आंशिक बहस हुई। अब अगली तिथि 27 जून को निर्धारित है। मामला गोड्डा जिला के पथरगामा थाना में वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान अचार संहिता उलंघन का दर्ज हुआ था। जिसमें थाना कांड संख्या 652/23 के तहत मामला दर्ज हुआ था। मामला तत्कालीन बीडीओ पायल राज के लिखित आवेदन पर हुआ। मामला दर्ज वर्तमान राजद प्रत्याशी संजय यादव के खिलाफ पार्टी कार्यालय एवं झंडा-पोस्टर लगाने को लेकर सुसंगत धाराओं के तहत लोकसंपति अधिनियम के तहत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## बोकारो : मुख्य कारखाना निरीक्षक के साथ बीएसएल का संवाद कार्यक्रम





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में मुख्य कारखाना निरीक्षक झारखण्ड मनीष कुमार सिन्हा के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोकारो के उप कारखाना निरीक्षक शिवानन्द लागुरी बोकारो स्टील प्लांट के सीजीएम-सेवाएं पीके बैसाखिया सीजीएम-सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं बीके सरतापे विभिन्न विभागों के सीजीएम विभागीय सुरक्षा अधिकारी शामिल थे। सीजीएम सरतापे ने सभी का स्वागत किया एवं सीजीएम बैसाखिया ने सुरक्षा के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मुख्य कारखाना निरीक्षक सिन्हा ने कारखाना अधिनियम एवं नियम के विभिन्न आयामों के बारे में जानकारी दी तथा सभी को अपने सम्बंधित विभाग में सुरक्षा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तथा श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। कार्यक्रम का संचालन एजीएम-अग्निशमन सेवाएं कुमार रजनीश के द्वारा किया गया।

## गोड्डा भाजपा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** हेमंत सोरेन सरकार के शासन में बढ़ते भ्रष्टाचार ओर अनियमित के खिलाफ गोड्डा प्रखंड कार्यालय मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने रोष प्रदर्शित किया एवं प्रखंड कार्यालय मे ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान मौजूद भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन का कहना है आज झारखंड पूरे देश मे सबसे पिछड़ा राज्य बन कर रह गया है, भ्रष्टाचार अपने चरम पर कोई भी विभाग का दफ्तर हो बिना घुस दिए कोई काम नहीं होता यह तक कि बड़े बाबू से मिलने के लिए भी चपरासी को 100-50 रुपए पकड़ना पड़ता है, चुनाव के समय किए एक भी वादा पूर्ण नहीं हो पा रहा है युवाओं बेरोजगार घूम रहे है जिसके चलते वह पलायन को मजबूर है और हेमंत बाबू बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने मे लगे हुए है। आदिवासी हो कर भी यह आदिवासी के दुश्मन बने हुए आगे सौरभ सुमन कहते है इन्हीं सब कारणों से क्राइम इतना बढ़ चुका है कि झारखंड हत्या की घटना मे देश मे अव्वल स्थान पर है यही से हेमंत सोरेन की उपलब्धि, पीएम आवास योजना बंद कर अबुआ आवास शुरू हुआ जो कुछ महीना भी न चला और बंद कर फिर पीएम आवास योजना लागू करना पड़ा। बिजली,पानी की व्यवस्था नहीं पा रही,सरकारी हस्पतालों मे अभाव के कारण न केवल इलाज संबंधन नहीं है बल्कि मासूम नागरिकों की इलाज के अभाव मे जान तक जा रही है। सड़के बदहाल है हल्की बारिश से पूरा राज्य जल मग्न हो रहा है,ओर गोड्डा जिला मे दो दो मंत्री रहने के बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं सब सरकारी खजाने के बंदर बांट मे लगे हुए है,अगर हेमंत सरकार का यही रवैया रहा तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड अंग्रेज ओर मुगल गुलामी के समय से भी बत्तर स्थिति मे जंगलराज मे बदल जाएगा, आगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा अगर हेमंत सरकार नहीं चला पा रहे तो इस्तीफा दे वरना आज भाजपा आक्रोशित है कल पूरी जनता सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करने को आतुर हो जाएगी। प्रदर्शन के दौरान राजेश भगत, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ सुमन, पंकज प्रियांशु, गोड्डा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू झा, मणिकांत महतो, प्रेम यादव, प्रतिमा देवी, शिल्पी कुमारी, जयशंकर सिंह, संजीव टेकरीवाल, रिंकू जायसवाल, राजेश पाल, मंटू यादव, निशांत झा, कुमार गौरव, संतोष आदि मौजूद रहे।


## दुमका : हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हेमंत सरकार की भ्रष्ट, असंवेदनशील और दिशाहीन शासन प्रणाली के खिलाफ मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुमका सदर, गांदो एवं नगर मंडल के संयुक्त रूप में प्रखंड मुख्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस आंदोलन के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य की जनता की आवाज को बुलंद करते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व तीनों मंडलों के गणपति पाल गांदो मंडल, मणिलाल गृही सदर मंडल एवं दीपक स्वर्णकार नगर मंडल संयोजक ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में पूर्व सांसद सुनील सोरेन एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अमिता रक्षित ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। पूर्व सांसद सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार का शासन काल घोटालों, लूट, तुष्टिकरण और अराजकता का पर्याय बन चुका है। युवाओं को नौकरी नहीं, किसानों को समर्थन नहीं, आदिवासियों को सम्मान नहीं और महिलाओं को सुरक्षा नहीं, यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। भाजपा चुप नहीं बैठेगी, अब हर गली, हर गांव से यह आवाज उठेगी हेमंत सरकार हटाओ, झारखंड बचाओ का नारा बुलंद करेगी। डॉ रक्षित ने कहा कि आज झारखंड में महिलाएं असुरक्षित हैं। बेटियां भय के माहौल में जी रही हैं। प्रदर्शन कर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के नाम एक ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। जिसमें राज्य सरकार की विफलताओं, जनसमस्याओं और मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। आक्रोश प्रदर्शन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष मार्शल ऋषिराज टुडू, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, जिला मंत्री गुंजन मरांडी, जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू, सोनी हेंब्रम, दीपक स्वर्णकार, मृणाल मिश्रा, ममता साह, श्रीधर दास आदि मौजूद रहे।

## जनसंपर्क कार्यालय के कार्यो की दुमका डीसी ने की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला जनसंपर्क कार्यालय के कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने की। डीसी ने कहा कि जनसंपर्क विभाग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विभाग शासन की नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनसंपर्क विभाग नियमित रूप से प्रेस विज्ञप्तियां जारी करे, सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों तक सूचनाएं पहुंचाई जाएं और विभागीय कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की सफलता में जनसंपर्क विभाग की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होनी चाहिए। जिससे अधिक से अधिक लाभुक योजना का लाभ ले सकें। बैठक में उन्होंने विभिन्न मदो में प्राप्त आवंटन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला से संबंधित सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कर ली जाये। इसके उपरांत उन्होंने जिले के इंफ्लुएंसर के साथ बैठक कर सरकार की योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने को

स्पीड न्यूज

## दिल्ली में मुठभेड़ अपराधी रोमिल ढेर

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी को मार गिराया जिसकी पहचान रोमिल वोहरा के रुप में हुई है और उस पर तीन लाख दस हजार रुपये का ईनाम था। स्पेशल सेल एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार देर रात हरियाणा पुलिस की एसटीएफ से सूचना प्राप्त हुई थी कि कई आपराधिक मामलों में वांछित रोमिल दिल्ली में आने वाला है।

## बगदाद में सैन्य अड्डे पर ड्रोन से हमला

बगदाद। इराक में बगदाद के उत्तर क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर दो अज्ञात ड्रोन हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इराकी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा मीडिया सेल के प्रवक्ता मेजर जनरल साद मान ने एक वॉयस मैसेज में संवाददाताओं को बताया कि एक अज्ञात ड्रोन ने ताजी सैन्य अड्डे में एक रडार को निशाना बनाया और दूसरा उसी क्षेत्र में एक जनरेटर के पास उतरा।

## कांगो में विद्रोहियों ने की 17 लोगों की हत्या

किंशासा( अफ्रीकी देश कांगो में एम23 विद्रोही समूह ने देश के पूर्वी अशांत क्षेत्र में करीब 17 नागरिकों की हत्या कर दी है। सेना ने इसके लिए एम23 विद्रोही समूह को जिम्मेदार ठहराया है। सेना के अनुसार, एम23 विद्रोहियों ने शनिवार शाम 06:30 बजे दक्षिण किवु प्रांत के वालुंगु इलाके के मुंजिजी गांव में गांव पर अचानक हमला किया, जिसमें करीब 17 नागरिक मारे गये और कई घर जला दिये गये। इस दौरान काफी लोग जान बचाने के लिये सेना की चौकियों की ओर भाग गये।

## जुलाई में लद्दाख का दौरा करेंगे दलाई लामा

धर्मशाला। दलाई लामा जुलाई में लद्दाख का दौरा करेंगे। दो साल में यह उनकी पहली लद्दाख यात्रा होगी। उनके वहां 45 दिन रहने की उम्मीद है। दलाई लामा के कार्यालय द्वारा लद्दाख बौद्ध संघ (एलबीए) के अध्यक्ष त्सेरिंग दोरजे को जारी एक पत्र में इस यात्रा की आधिकारिक पुष्टि की गई। 21 जून को लिखे गए पत्र के अनुसार, दलाई लामा 12 जुलाई को लेह जाएंगे। लद्दाख में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता क्षेत्र की ऊंचाई के अनुकूल होने के लिए कुछ दिनों तक आराम करेंगे। उनके कार्यक्रम में लेह और आसपास के क्षेत्रों में कई सार्वजनिक और निजी कार्यक्रम शामिल हैं।

## सेना : दो हजार करोड़ के हथियार खरीदे जायेंगे

नयी दिल्ली। भारतीय सेना के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये की लागत से 13 तरह की हथियार प्रणालियां खरीदी जाएंगी। केंद्र सरकार ने आपातकालीन खरीद के तहत 1,981 करोड़ रुपये के 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन उपकरणों की डिलीवरी 12 महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी। ये हथियार विशेष रूप से सेना की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय में से 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

## एयर इंडिया धीरे-धीरे शुरू करेगा पश्चिम एशिया की उड़ानें

नयी दिल्ली। एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि वह धीरे-धीरे पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगी, क्योंकि इस क्षेत्र में हवाई क्षेत्र फिर से खुल रहे हैं। एयर इंडिया ने कहा कि ज्यादातर परिचालन 25 जून से दोबारा शुरू होंगे। एयरलाइन ने कहा कि रद्द की गई यूरोप की उड़ानें भी क्रमिक रूप से बहाल की जा रही हैं, अमेरिका व कनाडा के पूर्वी तट से आने-जाने वाली सेवाएं जल्द फिर शुरू होंगी।

# बिहार के हर पंचायत में बनेगा विवाह मंडप, दीदी रसोई से 20 रुपये में खाना

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को कैबिनेट ने दी मंजूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैबिनेट का फैसला**

- भवनों के निर्माण को 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपये मंजूर, संचालन जीविका दीदियां करेंगी
- ग्राम पंचायत सदस्यों की आकस्मिक और सामान्य निधन पर 5 लाख मिलेगा
- गंगा पथ से कोईलवर तक बनेगा सड़क
- कोसी-मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना को मंजूरी
- भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित होंगे व्यापारी



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत पंचायतों में विवाह भवनों के निर्माण के लिए 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति सहित 46 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीना ने बताया कि इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा। पंचायत स्तर पर विवाह भवनों के निर्माण से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि जीविका द्वारा संपोषित दीदी की रसोई का संचालन बहुत ही अच्छे ढंग से हो रहा है। राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में दीदी की रसोई का प्रति थाली न्यूनतम खर्च लगभग 40 रुपए है जिसे सरकार 20 रुपये में उपलब्ध करायेगी। 20 रुपए प्रति थाली की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा जीविका को उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य सचिव मीणा ने कहा कि महिलाओं से विमर्श के बाद नीतीश सरकार ने जीविका दीदी के वेतन में वृद्धि का फैसला लिया है। उन्हें मिलने वाले कर्ज में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन भत्ता में भी वृद्धि की गई है।

इसके साथ ही 94 लाख परिवारों की बेहतरीन के लिए कमेटी के गठन का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि 12 जून को सीएम ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया था। पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तर के प्रतिनिधियों के मानदेय में बढ़ोतरी डेढ़ गुना कर दी गई। पंचायती राज प्रतिनिधि के सदस्यों की आकस्मिक और सामान्य मृत्यु तक 5 लाख की राशि देय होगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 से बढ़ाकर 1100 करने को कैबिनेट ने दी स्वीकृति दी है, यह अगले महीने से लागू होगा।

उन्होंने कहा कि कोसी-मेची अंतःराज्यीय लिंक परियोजना को मंत्रिपरिषद् से स्वीकृति मिल गई है। सीमांचल क्षेत्र में इस परियोजना से करीब 2.15 लाख हेक्टेयर में नई सिंचाई सुविधा सुनिश्चित होगी। अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार के लोग लाभान्वित होंगे। 2 लाख 14 हजार 813 हेक्टेयर कृषि भूमि को सुनिश्चित सिंचाई सुविधा मिलेगी। परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परियोजना से बाढ़ से भी निजात मिलेगी।

कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के वेतन भत्ते में वृद्धि कर दी गई है। परिवहन विभाग अंतर राज्य मार्ग में एसी बस चलाई जाने को लेकर कैबिनेट में मंजूरी दी गई है।

पटना में ड्रेनेज सिस्टम सैदपुर नाला को ढंका जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी राजगीर में पद सृजन लिपिक का किया गया। जेपी गंगा पथ से कोईलवर सड़क बनाई जाने को मंजूरी दे दी गई है। वहीं राज्य सरकार को वाणिज्य कर देने वाले सबसे ज्यादा व्यापारियों को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# बिहार में न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा

- छह महीने में बिहार को 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली मिलेगी : खट्टर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पटना। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बिहार में एक न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा। केंद्र सरकार ने इसकी सहमति दे दी है। राजधानी पटना स्थित होटल ताज में मंगलवार को पांचवीं क्षेत्रीय ऊर्जा बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बिहार में बिजली के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। ऊर्जा क्षेत्र में बिहार अब अग्रिणी राज्यों की कतार में खड़ा है। इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा है। उन्होंने बिहार में 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कामयाबी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक रिकॉर्ड है। बिहार बिजली के क्षेत्र में पिछड़ माना जाता था, लेकिन आज काफी आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बिहार से न्यूक्लियर पावर की मांग की गई है। बिहार सरकार न्यूक्लियर पावर लगाए, हम उसमें मदद करेंगे। बिहार से बिजली स्टोरेज के लिए 1000 मेगावॉट के लिए मांग की गई है। अगले 6 महीने में अतिरिक्त 500 मेगावाट की सप्लाई कर दी जाएगी। देश में जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर ने कहा कि भारत पहले पॉवर डिफिसिट देश के नाम से जाना जाता था , लेकिन हम आज बिजली की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। उसके साथ-साथ भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल को बिजली निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में ऊर्जा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है । देश में थर्मल पावर, सोलर, विंड पावर और स्टोरेज के प्रोजेक्ट पर काम चल रहे हैं। बैठक में सभी राज्यों में कम से कम एक परमाणु बिजली घर का निर्माण करने को लेकर योजना बनाई गई है। साल 2035 तक पावर सेक्टर के लिए विजन तैयार किया गया है। जिसे तय समय में एनडीए सरकार में पूरा किया जाएगा। सम्मेलन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केंद्रशासित प्रदेश अंडमान-निकोबार के ऊर्जा मंत्री भी शामिल हुए।

## एक्सिओम-4 मिशन आज होगा प्रक्षेपण

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण अब 25 जून को होगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को यह घोषणा की। नासा के एक बयान में कहा गया, नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन एक्सिओम मिशन 4 के प्रक्षेपण के लिए बुधवार 25 जून को तड़के का लक्ष्य निर्धारित किया है। एक्सिऑम-4 वाणिज्यिक मिशन का नेतृत्व कमांडर पैगी व्हिटसन कर रही हैं, जिसमें शुक्ला मिशन पायलट हैं और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू तथा पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की मिशन विशेषज्ञ हैं। इस मिशन के तहत प्रक्षेपण मूलतः 29 मई को होना था, लेकिन फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में तरल ऑक्सीजन के रिसाव और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के पुराने रूसी मॉड्यूल में भी रिसाव होने का पता चलने के बाद पहले इसे आठ जून, फिर 10 जून और उसके बाद 11 जून के लिए टाल दिया गया। इसके बाद प्रक्षेपण 19 जून के लिए टाल दी गई और फिर नासा द्वारा रूसी मॉड्यूल में मरम्मत के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए प्रक्षेपण 22 जून तय हुई थी।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले आमिर खान

**नयी दिल्ली। प्रख्यात फिल्म निर्माता और अभिनेता आमिर खान ने मंगलवार को भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स परएक तस्वीर पोस्ट की। इससे पहले दिन में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने भी राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। बता दें कि, फिल्म में अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी।**

## 94 लाख परिवारों को 2-2 लाख की मदद के लिए बनी कमेटी

पटना। बिहार में नीतीश कुमार सरकार द्वारा राज्य मे कराई गई जाति आधारित गणना में चिह्नित 94 लाख परिवारों को जल्द से जल्द दो-दो लाख रुपये की उद्यमिता सहायता मिल सके इसके लिए सरकार ने विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी गठन का निर्णय लिया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता मे हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि जाति आधारित गणना में कुल सर्वेक्षित 2.76 करोड़ परिवारों में लगभग 94 लाख से अधिक परिवार आर्थिक रूप से गरीब पाए गए। इनमें सामान्य जाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यक समुदाय अर्थात समाज के सभी वर्गो के परिवार शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इन 94 लाख से अधिक आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए बिहार लघु उद्यमी योजना शुरू की गई है। इन परिवारों में जीविका के अंतर्गत आच्छादित स्वयं सहायता समूह की महिला भी शामिल हैं। साथ ही 94 लाख चिह्नित आर्थिक रूप से गरीब परिवारों की परिधि के बाहर भी जीविका स्वयं सहायता समूह के सदस्य हैं।

# सीडीएस तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश देंगे

**एजेंसी**

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष को किया अधिकृत**

नयी दिल्ली। सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इससे पहले तीनों के प्रमुख युद्ध या आकस्मित स्थिति तथा अभियानों में अलग-अलग आदेश जारी करते थे। संयुक्त निर्देशों एवं संयुक्त आदेशों के अनुमोदन और प्रकाशन के संदर्भ में पहला संयुक्त आदेश आज ही जारी किया गया है। यह प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कई स्तर पर आदेशों की पुनरावृति को समाप्त करने और अंतर-सैन्य सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है। यह पहल तीनों सेनाओं में बेहतर पारदर्शिता, समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की नींव रखती है। यह एकजुटता एवं एकीकरण के एक नए युग की शुरूआत की भी प्रतीक है, जो राष्ट्र की सेवा में कार्यरत सशस्त्र बलों के सामंजस्य को और सशक्त बनाती है।

## ऋषिकेश एम्स में 35 किलो का बोन ट्यूमर सर्जरी से हटा

देहरादून। असाध्य बीमारियों के निदान के प्रति उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के चिकित्सकों ने अब एक ऐसी उपलब्धि प्राप्त की है, जो रिकॉर्ड बनने जा रही है। यहां चिकित्सकों की टीम एक 27 वर्षीय व्यक्ति के पैर से 35 किलो वजन के विशाल ट्यूमर को सर्जरी की मदद से हटाने में सफल रही।

घातक रूप ले चुके इस कैंसर युक्त बोन ट्यूमर की सर्जरी की सफलता के पीछे संस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों का टीम वर्क और रोगी का मजबूत हौसला शामिल है। चिकित्सकों के अनुसार, इतने बड़े साईज के इस ट्यूमर की सफल सर्जरी अभी तक अपने देश में पहला रिकॉर्ड है।जीवन बचने की उम्मीद छोड़ चुके उत्तर प्रदेश के संभल जिले के 27 वर्षीय सलमान के चेहरे में फिर से मुस्कान लौट आयी है।

# चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को बातचीत के लिए बुलाया


**एजेंसी**

- महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को लेकर कोई सवाल है तो पक्ष रखें



नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव को लेकर उनके किसी भी सवाल पर बातचीत के लिए उन्हें पत्र लिख कर आमंत्रित किया है। आयोग के सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के मुद्दे पर इसी महीने की सात जून को एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित गांधी के लेख में उठाए गए मुद्दों के संदर्भ में आयोग ने उन्हें 12 जून को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया है। सूत्रों के अनुसार गांधी से कहा गया है कि आयोग महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में कांग्रेस की पहले की शिकायतों का विस्तृत उत्तर दे चुका है जो आयोग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। गांधी ने अपने सात जून के लेख में मोटे तौर पर उन्हीं मुद्दों को दोहराया है। गांधी को लिखा है कि महाराष्ट्र के चुनाव को लेकर यदि सचमुच कोई शिकायत रही होंगी तो कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों ने उन्हें सक्षम न्यायालय में चुनाव याचिका दायर कर उठाया होगा।

RESPECTFUL HOMAGE
On Twenty Seventh Death Anniversary
To
The Man of Courage and Conviction
Determination and Social Disposition



S. D. SINGH (15.8.1931 - 25.6.1998)
A BLOOD DONATION CAMP is organised
on Wednesday, 25.6.2025 from 9.00 am to 4.00 pm
at SDSM SCHOOL FOR EXCELLENCE, Sidhgora

# इजराइल-ईरान के बीच युद्ध विराम से बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 158 और निफ्टी 72 अंक उछला

**एजेंसी**

- सेंसेक्स दिन में 1,121 अंक उछलकर 83,018 पर पहुंच था



मुंबई । भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए, हालांकि बेंचमार्क सूचकांकों ने वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के कारण अपनी अधिकांश शुरूआती बढ़त गंवा दी। शुरूआती कारोबार में 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के बाद, ईरान और इजराइल के बीच हाल ही में घोषित युद्धविराम के संभावित उल्लंघन की खबर आने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी दोनों मामूली बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स एक समय 1,121.37 अंक यानी 1.36 फीसदी उछलकर 83,018.16 अंक तक पहुंच गया था। हालांकि, दोपहर आने तक युद्धविराम के उल्लंघन की खबरें आने से शेयर बाजार ने इस बढ़त को काफी हद तक गंवा दिया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी कारोबार उतार-चढ़ाव से भरा रहा। एक समय निफ्टी 25,317.70 अंक तक पहुंच गया था। इंडेक्स कारोबार के अंत में 158.32 अंक या 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला। यह 25,317.70 और 24,999.70 के बीच ट्रेड करता रहा और फिर 72.45 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,044.35 पर बंद हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि युद्ध विराम की घोषणा के बाद आशावाद के कारण शुरूआती उछाल आया, लेकिन मध्य पूर्व में नए सिरे से तनाव के संकेत देने वाली रिपोर्टों के बाद माहौल सतर्क हो गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अजीत मिश्रा ने कहा कि निफ्टी का 25,200-प्रतिरोध स्तर को पार करने में विफल होना दर्शाता है कि बियर अभी भी एक्टिव है और हार मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टिसिपेंट्स को सलाह दी जाती है कि वे सकारात्मक लेकिन सतर्क रुख बनाए रखें और सेक्टोरल ट्रेंड्स से प्रेरित स्टॉक सेलेक्शन पर विशेष ध्यान दें।

निफ्टी इंडेक्स में अदाणी पोर्ट्स, श्रीराम फाइनेंस, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील टॉप गेनर्स में शामिल थे। इन शेयरों में 2.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दूसरी ओर, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, ट्रेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज टॉप लूजर्स रहे, जो 2.90 प्रतिशत तक गिर गए। ब्रॉडर मार्केट भी बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.71 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 0.72 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के विनोद नायर ने कहा कि युद्ध विराम की घोषणा और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के कारण घरेलू बाजार में शुरूआती बढ़त अल्पकालिक रही, क्योंकि मध्य पूर्व में नए भू-राजनीतिक तनाव ने निवेशकों की धारणा को अस्थिर कर दिया। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए, अपट्रेंड की सस्टेनेबिलिटी घरेलू आय की मजबूती पर निर्भर करेगी।

